

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर, शुक्रवार, 31 अक्टूबर 2025 ■ कार्तिक शुक्ल पक्ष-10 ■ वर्ष- 41 ■ अंक-211 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 01 नवम्बर 2025 ■ मूल्य 2.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112


## छत्तीसगढ़ के 25 वर्ष और छत्तीसगढ़िया

**रजत जयंती**
**प्रकाश शर्मा**

पूरा प्रदेश छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना का रजत जयंती मना रहा है। मध्य प्रदेश से अलग होकर छग राज्य 25 बरस का हो गया है। बिना खून-खराबे के बने शांत सरल और प्राकृतिक संसाधनों से भरपूर छत्तीसगढ़ ने राज्य बनने के इन 25 वर्षों में कई उतार-चढ़ाव देखे हैं। राज्य ने जहां विकास के नए आयाम स्थापित किए वहीं कई मामलों में पीछे भी रहा है। फिर भी छग के साथ ही बनाए गए दो नए राज्यों उत्तराखंड और झारखंड से तुलना करें तो सभी मापदंडों में छत्तीसगढ़ अव्वल साबित हुआ है। उक्त दोनों राज्यों की तरह छत्तीसगढ़ में राजनीतिक अस्थिरता नहीं रही है। राज्य बनने के बाद प्रथम मुख्यमंत्री अजीत जोगी (अब स्वर्गीय) विधानसभा के शेष तीन वर्ष के कार्यकाल को सफलतापूर्वक पूर्ण किया। सच कहें तो जोगी वास्तव में सपनों के सौदागर थे। उन्होंने नए राज्य की जरूरत के हिसाब से तथा छत्तीसगढ़ को सर्वव्यापी पहचान दिलाने दृष्टिकोण (विजन) तथा विकास की मजबूत रखी। केंद्र में भाजपा की सरकार होने के बाद भी कांग्रेसी जोगी ने शासन-प्रशासन को नई दिशा दी। चूंकि वे आईपीएस, आईएएस तथा इंजीनियर थे लिहाजा उनके तमाम ज्ञान व कलेक्टरी के अनुभव का लाभ राज्य को मिला। फिर वे सांसद भी रहे हैं। विडंबना यह कि अजीत जोगी ने नए-नवेले प्रदेश में जातिवाद व साजिश का परनाला बहाकर न केवल खुद को नुकसान पहुंचाया बल्कि कांग्रेस पार्टी को सत्ता से बाहर करवा दिया। भाजपा के 15 वर्ष के शासनकाल में मुख्यमंत्री के रूप में डॉ. रमन सिंह का कार्यकाल कमोबेश अच्छा ही रहा है। सहज, सरल डॉ. सिंह लोकप्रियता के ग्राफ में सबसे ऊपर रहे हैं। उनके कार्यकाल में हुए विकास कार्य आज भी नजर आते हैं। पेशे से आयुर्वेदिक चिकित्सक रमन सिंह ने राज्य के विकास में बाधक रोगों का बखूबी उपचार किया फिर भी तीसरे कार्यकाल के पांच वर्ष अच्छे नहीं रहे। रमन सिंह के तेवर और जोश ठंडे नजर आने लगे थे। नौकरशाही हावी होने लगी थी। दुष्परिणाम यह हुआ कि जनता ने भाजपा को बेदखल कर कांग्रेस पर विश्वास जताया। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल व टीएस सिंहदेव में तनातनी व कथित ढाई-ढाई साल मुख्यमंत्री रहने के समझौते के तहत प्रथम ढाई साल के लिए भूपेश बघेल को मुख्यमंत्री पद की शपथ दिलाई गई। मुख्यमंत्री की कुर्सी पर एक बार बैठने के बाद 24 कैरेट छत्तीसगढ़िया बघेल ने पूरे पांच साल तक सिंहदेव को सीएम की कुर्सी के आस-पास भी फटकने नहीं दिया। भूपेश बघेल की तिकड़मी चाल तथा दिल्ली दरबार में विधायकों की परेड ने सिंहदेव की एक नहीं चलने दी। वैसे इससे कांग्रेस को नुकसान उठाना पड़ा। बघेल के कार्यकाल में शासन-प्रशासन तो चुस्त-दुरुस्त रहा परंतु सरकार में उनका एकाधिकार नजर आने लगा था। मंत्री केवल नाम के मंत्री रहे। जातिवाद के नए बीज बोए गए तथा घपलों-घोटालों की फसल खूब काटी गई। भूपेश कुछ खास चेहरों से घिरे रहे। नतीजा मतदाताओं ने उन्हें पांच वर्ष में ही चलता कर दिया। हां इतना जरूर है कि बघेल ने छत्तीसगढ़ी संस्कृति, परम्पराओं व खेलकूद को बढ़ावा दिया। फिलहाल राज्य की बागडोर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के हाथों में है। साय ने सीएम बनने के बाद कई नई योजनाओं को धरातल पर उतारा है। महतारी वंदन योजना से महिलाओं को खुश किया है। अंतर्मुखी साय बंद पड़ी या आधी-अधूरी योजनाओं की मरम्मत का भी काम कर रहे हैं। तामझाम में विश्वास नहीं रखने वाले साय के कार्यकाल में प्रदेश रजत जयंती का सूरज देख रहा है। इन 25 वर्षों में छग का रूप-रंग निखरा है। नवा रायपुर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नए विधानसभा भवन का लोकार्पण करेंगे। यहां नया राजभवन, सीएम हाऊस व मंत्रियों के बंगले बन गए हैं। मंत्रालय-सचिवालय भवन पहले ही बन चुके हैं। विमानतल का विकास हुआ है। एम्स राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, आईआईटी, एनआईटी, एएमआई जैसी केंद्रीय संस्थाएं स्थापित हो गई है। नक्सलवाद खात्मे की ओर है। सड़कों का जाल बिछा है। पेयजल की उपलब्धता बढ़ी है। शिक्षा व चिकित्सा व्यवस्था का स्तर सुधरा है। हवाई कनेक्टिविटी का विस्तार हुआ है। ऐसी और भी कई उपलब्धियां है जिसे उत्तराखंड व झारखंड हासिल नहीं कर पाए हैं। इस लिहाज से हमें अपने राज्य पर गर्व करना चाहिए। हां इतना जरूरी है कि कानून व्यवस्था के मामलों में राज्य कमजोर साबित हुआ है। इन 25 वर्षों में सबसे विचारणीय विषय यह भी रहा है कि अपना राज्य बनने के बावजूद मूल छत्तीसगढ़ियों का जितना भला होना था भला नहीं हो पाया। राज्य बनने के बाद गैर छत्तीसगढ़िया हावी हो गए। इतना ही नहीं सियासतदान भी उन्हें ही महत्व देने लगे। जबकि यहां के मूल निवासियों ने यह सपना देखा था कि छग राज्य बनने के बाद छग में उनका जीवन स्तर सुधरा है पर अभी और सुधार की जरूरत है। हकीकत तो यह है कि छत्तीसगढ़ पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के सपनों का राज्य है लिहाजा राजकाज भी उनके सपनों की तरह होना चाहिए। दिशा सही हो तो इस अमीर राज्य का भविष्य और भी चमकदार हो जाएगा। ऊर्जा व निर्भीकता के स्रोत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का राज्योत्सव पर प्रदेश में स्वागत है।

*राज्योत्सव की बधाई...*

# छग को पीएम मोदी देंगे 14,260 करोड़ की विकास परियोजनाओं की सौगात

## एक नवंबर को नए विधानसभा भवन का उद्घाटन, राज्योत्सव का करेंगे शुभारंभ

**रायपुर, 31 अक्टूबर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 1 नवंबर को छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर आएंगे। यहां वे कई कार्यक्रमों में शामिल होंगे और राज्य के गठन के 25 वर्ष पूरे होने का जश्न मनाएंगे। राज्य में रहते हुए, 'दिल की बात' कार्यक्रम के तहत, वे नवा रायपुर अटल नगर स्थित श्री सत्य साईं संजीवनी अस्पताल में 'जीवनदान' समारोह में जन्मजात हृदय रोगों का सफलतापूर्वक इलाज करा चुके 2500 बच्चों से बातचीत करेंगे। इसके बाद, लगभग 10:45 बजे, प्रधानमंत्री ब्रह्माकुमारीज़ के शांति शिखर का उद्घाटन करेंगे, जो आध्यात्मिक शिक्षा, शांति और ध्यान का एक आधुनिक केंद्र है।

लगभग 11:45 बजे, प्रधानमंत्री नवा रायपुर अटल नगर स्थित छत्तीसगढ़ विधानसभा के नए भवन में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा का अनावरण करेंगे। इसके बाद वे छत्तीसगढ़ विधानसभा के नए भवन का दौरा करेंगे और उसका उद्घाटन करेंगे, जिसे ग्रीन बिल्डिंग अवधारणा पर बनाया गया है, जिसे पूरी तरह सौर ऊर्जा से संचालित करने और वर्षा जल संचयन प्रणाली से सुसज्जित करने की योजना है। इस अवसर पर वे उपस्थित जनसमूह को भी संबोधित करेंगे।

दोपहर लगभग 1:30 बजे, प्रधानमंत्री शहीद वीर नारायण सिंह स्मारक एवं जनजातीय स्वतंत्रता सेनानी संग्रहालय का उद्घाटन और अवलोकन करेंगे। यह संग्रहालय राज्य के जनजातीय समुदायों के साहस, बलिदान और देशभक्ति की विरासत को संरक्षित और प्रदर्शित करेगा। प्रधानमंत्री स्वतंत्रता सेनानियों के सम्मान में संग्रहालय पोर्टल और ई-बुक ÷आदि शौर्य÷ का शुभारंभ करेंगे और स्मारक स्थल पर शहीद वीर नारायण सिंह की घुड़सवार प्रतिमा का अनावरण करेंगे।

लगभग 2:30 बजे, प्रधानमंत्री छत्तीसगढ़ राज्य के गठन के 25 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव में भाग लेंगे। प्रधानमंत्री सड़क, उद्योग, स्वास्थ्य सेवा और ऊर्जा जैसे प्रमुख क्षेत्रों को कवर करते हुए 14,260 करोड़ से अधिक की विकासात्मक



और परिवर्तनकारी परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। ग्रामीण आजीविका को मजबूत करने के लिए, प्रधानमंत्री छत्तीसगढ़ के नौ जिलों में 12 नए स्टार्ट-अप ग्राम उद्यमिता कार्यक्रम (एसवीईपी) ब्लॉकों का उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री 3.51 लाख पूर्ण हो चुके घरों के गृह प्रवेश में भाग लेंगे और प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत 3 लाख लाभार्थियों को किस्त के रूप में 1200 करोड़ रुपये जारी करेंगे, जिससे राज्य भर में ग्रामीण परिवारों के लिए सम्मानजनक आवास और सुरक्षा सुनिश्चित होगी।

प्रधानमंत्री मोदी पत्थलगांव-कुंकुरी से छत्तीसगढ़-झारखंड सीमा तक चार लेन वाले ग्रीनफील्ड राजमार्ग की आधारशिला रखेंगे, जिसका विकास भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) द्वारा भारतमाला परियोजना के तहत लगभग 3,150 करोड़ की लागत से किया जा रहा है। यह रणनीतिक गलियारा कोरबा, रायगढ़, जशपुर, रांची और जमशेदपुर में प्रमुख कोयला खदानों, औद्योगिक क्षेत्रों और इस्पात संयंत्रों को जोड़ेगा, जो एक प्रमुख आर्थिक धमनी के रूप में कार्य करेगा जो क्षेत्रीय व्यापार संबंधों को मजबूत करेगा और मध्य भारत को पूर्वी क्षेत्र के साथ एकीकृत करेगा। इसके अलावा, प्रधानमंत्री बस्तर और नारायणपुर जिलों में कई खंडों में फैले एनएच-130डी (नारायणपुर-कस्तूरमेटा-कुतुल-नीलंगुर-महाराष्ट्र सीमा) के निर्माण और उन्नयन की आधारशिला रखेंगे। इससे जनजातीय और आंतरिक क्षेत्रों में सड़क संपर्क में उल्लेखनीय वृद्धि होगी, स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा और बाजार तक पहुंच में सुधार होगा तथा दूरदराज के क्षेत्रों में सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा।

# कांग्रेस की वजह से पाकिस्तान ने कश्मीर पर कब्जा किया

■ **सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर बोले प्रधानमंत्री मोदी, हर वर्ष 'राष्ट्रीय एकता परेड' का किया ऐलान**

**गांधीनगर, 31 अक्टूबर।** पीएम नरेंद्र मोदी ने आज लौह पुरुष की 150वीं जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। मोदी ने गुजरात के नर्मदा जिले में एकता नगर के पास सरदार पटेल की प्रतिमा स्थल स्टैचू ऑफ यूनिटी पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। उन्हेंने राष्ट्रीय एकता दिवस परेड की सलामी ली। प्रधानमंत्री ने इस दौरान गणतंत्र दिवस की तर्ज पर हर वर्ष राष्ट्रीय एकता दिवस परेड होने का ऐलान किया।

इस दौरान अपने संबोधन में पीएम मोदी ने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस की वजह से पाकिस्तान ने कश्मीर पर कब्जा किया था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने अलग संविधान बनाकर कश्मीर को देश से अलग कर दिया था।

उन्होंने सरदार वल्लभभाई पटेल को श्रद्धाजंलि देते हुए कहा कि सरदार पटेल मानते थे कि इतिहास लिखने में समय नहीं गंवाना चाहिए, हमें तो इतिहास बनाने के लिए मेहनत करनी चाहिए। सरदार पटेल ने असंभव को संभव कर दिखाया। एक भारत-श्रेष्ठ भारत का विचार उनके लिए सर्वोपरि था। इसीलिए आज, सरदार पटेल की जयंती का दिन स्वाभाविक रूप से राष्ट्रीय एकता का महापर्व बन गया है।

### नेहरू ने नहीं होने दी सरदार साहब की इच्छा पूरी

पीएम मोदी ने कहा कि सरदार साहब चाहते थे कि जैसे उन्होंने बाकी रियासतों का विलय किया, वैसे ही ओर कश्मीर का विलय हो। लेकिन, नेहरू जी ने उनकी वो इच्छा पूरी नहीं होने दी. कश्मीर को अलग संविधान और अलग निशान से बांट दिय। कश्मीर पर कांग्रेस ने जो गलती की थी, उसकी आग में देश दशकों तक जलता रहा। लेकिन, उस समय की सरकारों ने सरदार साहब को नीतियों पर चलने की जगह रीढ़विहीन रवैये को चुना। इसका परिणाम देश ने हिंसा और रक्तपात के रूप में झेला ह। आगे कहा कांग्रेस की लचर नीतियों के कारण कश्मीर का एक हिस्सा पाकिस्तान के अवैध कब्जे में चला गया। पाकिस्तान ने आतंकवाद को हवा दी। राज्य प्रायोजित आतंकवाद की कश्मीर और देश को बहुत बड़ी कीमत चुकानी पड़ी है, लेकिन, फिर भी कांग्रेस हमेशा आतंकवाद के आगे नतमस्तक रही है।

# सभी लैब टेक्नीशियनों को मिलेगा समान वेतन

**बिलासपुर, 31 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण निर्णय में राज्य सरकार को निर्देश दिया है कि सभी लैब टेक्नीशियनों को 2800 का ग्रेड पे प्रदान किया जाए। न्यायालय ने यह माना कि समान योग्यता, समान कार्य और समान दायित्व वाले कर्मचारियों को अलग-अलग वेतनमान देना प्राकृतिक न्याय और समानता के सिद्धांतों का उल्लंघन है।

### 2800 ग्रेड पे देने का राज्य सरकार को दिए निर्देश

कोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देशित किया कि याचिकाकर्ताओं का ग्रेड पे उनकी नियुक्ति की तिथि से 2800 निर्धारित किया जाए और दो माह के भीतर सभी बकाया राशि 6 प्रतिशत वार्षिक ब्याज सहित अदा की जाए। इसके अतिरिक्त भविष्य में वेतन निर्धारण भी इसी अनुसार करने का आदेश दिया।याचिकाकर्ताओं ने तर्क दिया था कि 2 मई 2014 को जारी भर्ती विज्ञापन में लैब टेक्नीशियन के 26 पदों के लिए वेतनमान 5200ङ्क20200 के साथ 2800 ग्रेड पे स्पष्ट रूप से दर्शाया गया था। इसके बावजूद, चयन के बाद जारी नियुक्ति आदेशों में ग्रेड पे घटाकर



2400 कर दिया गया। याचिकाकर्ताओं ने इसे मनमाना, अवैध और संवैधानिक समानता के अधिकार का उल्लंघन बताया।

राज्य की ओर से अधिवक्ता ने भी स्वीकार किया कि प्रदेश के अन्य चिकित्सा महाविद्यालयों में लैब टेक्नीशियनों को पहले से ही 2800 का ग्रेड पे दिया जा रहा है, जैसा कि छत्तीसगढ़ चिकित्सा शिक्षा विभाग अलीपिक वर्गीय तृतीय श्रेणी सेवा भर्ती नियम, 2015 (राजपत्र में 25 सितंबर 2015 को प्रकाशित) के अनुसूची-1, क्रमांक 28 में स्पष्ट रूप से उल्लेखित है। न्यायालय ने अपने आदेश में कहा कि यह समझ से परे है कि एक ही पद के लिए दो अलग-अलग वेतन संरचनाएं कैसे बनाई जा सकती हैं। अदालत ने पाया कि चूंकि 2015 के नियमों में लैब टेक्नीशियन के लिए ग्रेड पे 2800 निर्धारित है, इसलिए 2400 ग्रेड पे देना नियमविरुद्ध और अनुचित है।

# धारा-370 हटाकर पीएम मोदी ने पूरा किया सरदार पटेल का अधूरा संकल्पः अमित शाह

**नई दिल्ली, 31 अक्टूबर।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को ज़ोर देकर कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल को तत्कालीन कांग्रेस सरकार से वह सम्मान नहीं मिला जिसके वे हकदार थे। उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि भारत के पहले गृह मंत्री को 41 साल की देरी के बाद भारत रत्न से सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर, केंद्रीय गृह मंत्री ने स्टैच्यू ऑफ़ यूनिटी की परिकल्पना और सरदार पटेल के सम्मान में एक भव्य स्मारक के निर्माण का श्रेय प्रधानमंत्री मोदी को दिया।

शाह ने कहा कि उस समय की कांग्रेस सरकार ने सरदार वल्लभभाई पटेल को पर्याप्त सम्मान नहीं दिया। सरदार पटेल को 41 साल की देरी के



बाद भारत रत्न से सम्मानित किया गया...देश में कहीं भी न तो कोई स्मारक बनाया गया और न ही कोई स्मारक...जब नरेंद्र मोदी गुजरात के मुख्यमंत्री बने, तभी उन्होंने स्टैच्यू ऑफ़ यूनिटी की परिकल्पना की और सरदार पटेल के सम्मान में एक भव्य स्मारक का निर्माण किया। इससे पहले आज, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर दिल्ली के मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम से 'रन फॉर यूनिटी' को हरी झंडी दिखाई। राष्ट्रीय एकता दिवस भारत के पहले गृह मंत्री की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। 'रन फॉर यूनिटी' कार्यक्रम के दौरान, केंद्रीय गृह मंत्री ने सरदार पटेल की प्रशंसा करते हुए कहा कि आधुनिक भारत पटेल की दूरदर्शिता और प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने आगे बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने अनुच्छेद 370 को हटाकर सरदार पटेल के संकल्प को पूरा किया है। शाह ने कहा कि भारत की स्वतंत्रता के बाद, अंग्रेजों ने देश को 562 रियासतों में विभाजित करके छोड़ने का फैसला किया... बहुत कम समय में, सरदार पटेल ने सभी 562 रियासतों को एकीकृत करने का महान कार्य पूरा किया, और आज हम जो आधुनिक भारत का नक्शा देखते हैं, वह उनकी दूरदर्शिता और प्रयासों का परिणाम है... अनुच्छेद 370 को हटाकर कश्मीर को भारत में एकीकृत करके, प्रधानमंत्री मोदी ने सरदार पटेल के संकल्प को पूरा किया।

# अब छत्तीसगढ़ी फिल्में बना पाएंगी राष्ट्रीय अवार्ड में जगह

**बिलासपुर, 31 अक्टूबर।** भारत की आठवीं अनुसूची में दर्ज भाषाओं के अलावा बोली जाने वाली क्षेत्रीय बोली को भी राष्ट्रीय फिल्म अवार्ड में स्थान दिया जाएगा. 72 वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार के लिए नियमों में संशोधन हो जाने से अब भाषा में बनी फिल्म पर राष्ट्रीय पुरूस्कार मिलेगा. हालांकि इसके लिए उन्हें राज्य के गृह सचिव या कलेक्टर से पत्र लिखवाकर उसे बोली के प्रचलन के बारे में पत्र देना होगा. छत्तीसगढ के कलाकार अखिलेश पांडेय ने बताया कि राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार में ऐतिहासिक बदलाव किया गया है, जिससे अब भारत में बनने वाले विभिन्न बोली की फिल्मों को भी राष्ट्रीय अवार्ड में जगह मिलेगी.

उन्होंने बताया कि जब उनका नाम राष्ट्रीय अवार्ड में सम्मिलित नहीं किया गया, तब वह काफी दुखी हुए थे और उन्होंने इस लड़ाई को लड़ने के लिए प्रण लिया और उन्होंने प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति और सूचना एवं प्रसारण मंत्री को पत्र लिखकर सूचित भी किया और उनके इस पत्र ने एक ऐतिहासिक बदलाव हुआ है। दरअसल, संपूर्ण भारत में ऐसी बहुत सी भाषाएं हैं, जिनमें फिल्में बनती हैं लेकिन आठवीं अनुसूची में दर्ज न होने की वजह से उन्हें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार में सम्मिलित नहीं किया जाता. इससे वहां के कलाकार राष्ट्रीय पहचान से दूर रहते हैं अखिलेश के इस प्रयास ने संपूर्ण भारत के क्षेत्रीय कलाकारों को अपनी पहचान बनाने का एक नए अवसर दिया है. आठवीं अनुसूची में दर्ज न होने की वजह से छत्तीसगढ़ी में बनी उनकी फिल्म को राष्ट्रीय अवार्ड नहीं मिला तब अखिलेश पांडेय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चिट्ठी लिखी. जिसमें बताया गया कि उनकी फिल्म ने पूरी दुनिया में 63 से ज्यादा अवार्ड जीते हैं और उनके फिल्म का नाम गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज है.

### पूर्व क्रिकेटर अजहरुद्दीन ने ली मंत्री पद की शपथ

**तेलंगाना, 31 अक्टूबर।** कांग्रेस नेता और टीम इंडिया के पूर्व कप्तान मोहम्मद अजहरुद्दीन ने शुक्रवार को रेवंत रेड्डी के नेतृत्व वाली तेलंगाना सरकार में मंत्री पद की शपथ ली। राज्यपाल जिष्णु देव वर्मा ने राजभवन में उन्हें शपथ दिलाई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री रेड्डी भी मौजूद थे।अजहरुद्दीन तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष हैं। जुबली हिल्स में होने वाले आगामी उपचुनाव से पहले भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस द्वारा इस फैसले को एक रणनीतिक कदम के रूप में देखा जा रहा है। इसके साथ ही, राज्य सरकार ने अपने मंत्रियों की संख्या बढ़ाकर 16 कर दी है। इस कदम से मंत्रिमंडल में विधायकों की संख्या विधानसभा द्वारा निर्धारित अधिकतम 18 के करीब पहुँच गई है।

# कारोबारी की कार से तलाशी के दौरान रुपए चुराने वाला आरक्षक बर्खास्त

**रायपुर 31 अक्टूबर।** दुर्ग के एक कारोबारी की कार से तलाशी के दौरान आरक्षक द्वारा 2 लाख रुपए चोरी के मामले में एसएसपी डॉ. लाल उमेद सिंह ने क्राइम ब्रांच के निलंबित आरक्षक प्रशांत शुक्ला को बर्खास्त कर दिया है। शेष 5 आरक्षकों पर कार्रवाई लंबित है।

एसएसपी ने खुद इसकी पुष्टि की है। गुरुवार रात आईजी अमरेश मिश्रा की बैठक के बाद इस संबंध में आदेश निकाला गया है। बता दें कि 18 अक्टूबर की रात हवाले की रकम की डिलीवरी की सूचना पर आरक्षक प्रशांत शुक्ला सहित आधा दर्जन रायपुर क्राइम ब्रांच के जवान एक कार का पीछा करते हुए विद्युत नगर दुर्ग पहुंच गए थे। वहां कारोबारी मयंक गोस्वामी जब अब अपने घर के पास रुके तो रायपुर क्राइम ब्रांच की टीम मयंक को कार से बाहर निकाल कर पूछताछ करने लगी।

इस दौरान रायपुर क्राइम ब्रांच के आरक्षक प्रशांत शुक्ला ने कार की तलाशी ली और उसमें से 2 लाख रुपए निकाल लिए और रख लिए।

कारोबारी मयंक से पूछताछ के बाद उन्हें छोड़ दिया गया। मयंक ने जब कार में 2 लाख रुपए रकम ढूंढी तो वह नहीं मिली। इसके बाद घर की सीसीटीवी चेक की, तो उसमें प्रशांत शुक्ला वह रकम निकालते नजर आया। तलाशी के दौरान कर में 10 लख रुपए थे जिसमें से 200000 की रकम आरक्षक प्रधान शुक्ला ने चोरी कर लिया था। इसके बाद कारोबारी ने 19 अक्टूबर को दुर्ग एसएसपी विजय अग्रवाल से शिकायत की। उन्होंने इसका जांच प्रतिवेदन एसएसपी डॉ लाल उमेद सिंह को भेजा था। जिसके आधार पर आरक्षक प्रशांत अग्रवाल को सस्पेंड कर दिया था। और मामले की जांच सीएसपी से कराई। करीब हफ्ते भर जांच के बाद एसएसपी डॉ लाल उमेद सिंह ने प्रशांत शुक्ला को बर्खास्त किए जाने का आदेश जारी कर दिया।

# छग के 17 आईपीएस 9 रापुसे अफसरों समेत 225 जवानों का दक्षता पदक के लिए चयन



**रायपुर, 31 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ के लिए इस बार केंद्रीय गृह मंत्रालय दक्षता मैडल इसलिए खास है कि बड़ी संख्या में इस बार सीनियर आईपीएस अधिकारियों से लेकर सिपाहियों तक को इसके लिए चुना गया है। स्पेशल ऑपरेशन केटेगरी में देश के सभी 28 राज्यों और पैरा मिलिट्री फोर्सेज में से 1362 अधिकारियों, जवानों को केंद्रीय मंत्री दक्षता पदक के लिए चुना गया है, उसमें 222 छत्तीसगढ़ के हैं। इंवेस्टिगेशन केटगरी में भी तीन छत्तीसगढ़ से हैं। आईपीएस अधिकारियों में छत्तीसगढ़ के नक्सल चीफऔर एडीजी एसआईबी, आर्म्स फोर्स विवेकानंद, बस्तर आईजी सुंदरराज पी., रायपुर आईजी अमरेश मिश्रा, डीआईजी कमललोचन कश्यप, डीआईजी अमित कांबले समेत आईपीएस जीतेंद्र यादव, आईपीएस किरण चवन, वाय अक्षय कुमार, गौरव राय, प्रभात कुमार, निखिल रखेचा, विकास कुमार, मयंक गुर्जर, स्म्रूतिक राजनला, राबिंसन गुड़िया, जयंत कुमार वैष्णव और उमेश गुप्ता शामिल हैं। इसके अलावा दो एएसपी, 11 डीएसपी समेत 225 थानेदार और कांस्टेबल शामिल हैं। इसी तरह इंवेस्टिगशन केटेगरी में 93 को पदक के लिए चुना गया है, उनमें मयंक मिश्रा एसआई, कैलाश चंद दास, नीतेश सिंह ठाकुर इंस्पेक्टर हैं।

**मुख्य न्यायाधीश भूषण रामकृष्ण गवई, जस्टिस के विनोद चंद्रन और जस्टिस एनवी अंजारिया की बेंच ने सुनाया फैसला**

# जांच एजेंसियां एडवोकेट को नोटिस जारी नहीं कर सकती

**नई दिल्ली, 31 अक्टूबर।** देश के शीर्ष न्यायालय ने फैसला सुनाते हुए कहा है कि अपने मुवक्किल को कानूनी सेवा दे रहे वकील को बहुत सीमित मामलों में ही जांच एजेंसी पूछताछ का समन भेज सकती हैं। यह समन उन्हीं मामलों में भेजा जा सकता है जो भारतीय साक्ष्य अधिनियम की धारा 132 के अपवादों में आते हैं। मुख्य न्यायाधीश भूषण रामकृष्ण गवई, जस्टिस के विनोद चंद्रन और जस्टिस एनवी अंजारिया की बेंच ने यह अहम फैसला सुनाया है।

जरअसल जांच एजेंसियों की ओर से मनमाने ढंग से आरोपियों का प्रतिनिधित्व करने वाले वकीलों को



समन किए जाने के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया था। बेंच ने कहा कि समन सिर्फ उन्हीं मामलों में भेजे जा सकते हैं, जो भारतीय साक्ष्य अधिनियम की धारा 132 के अपवादों में आते हैं। यानी जहां मुवक्किल ने वकील से किसी आपराधिक कृत्य में सहयोग मांगा हो।

देश के शीर्ष न्यायालय ने कहा कि दूसरे मामलों में मुवक्किल की तरफ से दिए गए दस्तावेज और जानकारी को सौंपने के लिए वकील से नहीं कहा जा सकता। कोर्ट ने यह भी कहा है कि वकील को समन एसपी रैंक के अधिकारी की अनुमति से ही भेजा जा सकता है और वकील इस समन को कोर्ट में चुनौती दे सकता है। भारतीय साक्ष्य अधिनियम की धारा 132 मुवक्किल को दिया गया एक विशेषाधिकार है, जिसके तहत वकील को गोपनीय रूप से किए गए किसी भी व्यवसायिक संवाद का खुलासा नहीं करने का दायित्व है। कोर्ट ने कहा कि वकील को भेजे गए समन को मुवक्किल या वकील बीएनएसएस की धारी 528 के तहत कोर्ट में चुनौती दे सकते हैं।

कोर्ट ने कहा कि अगर किसी आरोपी के वकील को समन भेजा जाता है तो उसमें बताया जाए कि किस आधार पर उस मामले को धारा 132 का अपवाद माना जा रहा है। कोर्ट ने कहा कि ऐसे मामले में वकील के पास मौजूद दस्तावेजों को प्रस्तुत करना धारा 132 के विशेषाधिकार के अंतर्गत नहीं आएगा, चाहे वो सिविल केस हो या क्रिमिनल केस हो। कोर्ट ने कहा कि इन-हाउस वकीलों को बीएसए की धारा 132 के तहत प्रोटेक्शन नहीं मिलेगा क्योंकि वे कोर्ट में प्रैक्टिस नहीं करते हैं। बीएसए की धारा 134 के तहत इन-हाउस वकीलों को मुवक्किल के साथ की गई बातचीत के संरक्षण का अधिकार है।

### चैतन्य और कवासी की जमानत याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई

**रायपुर, 31 अक्टूबर।** सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस सूर्यकांत की कोर्ट में शुक्रवार को दो महत्वपूर्ण मामलों की सुनवाई हुई। पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा की जमानत याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने ईओडब्ल्यू को नोटिस जारी किया और जवाब के लिए दो सप्ताह का समय दिया। इसी के साथ चैतन्य बघेल की दोनों याचिकाओं पर भी सुनवाई हुई। उन्होंने अपनी गिरफ्तारी को अवैध घोषित करने तथा पीएमएल कानून को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट में अलग-अलग याचिकाएं दाखिल की थीं। कोर्ट ने दोनों मामलों में श्र्रष्ठ को नोटिस जारी किया और 10 दिन में जवाब पेश करने को कहा है। अब इन मामलों की अगली सुनवाई अगले सप्ताह होगी।

## एक नजर

### युवक की सड़ी-गली लाश मिली

**भिलाई, 31 अक्टूबर।** भिलाई वैशाली नगर थाना क्षेत्र के एक युवक की तीन दिन पुरानी सड़ी-गली लाश मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची पुलिस मर्ग कायम कर लिया है वैशाली नगर पुलिस ने बताया कि आजाद चौक रामनगर निवासी पीन्टा पिता लीलाधर (45 साल) की लाश घर के अंदर पुलिस ने बरामद की शव से बदबू आने से मोहल्ले के लोगों की सूचना पर पुलिस घटनास्थल पहुंची। शव तीन दिन पुराना होने से सड़ चुकी थी पुलिस मर्ग कायम कर विवेचना कर रही है।

### युवक चाकू सहित गिरफ्तार



**भिलाई, 31 अक्टूबर।** पुरानी भिलाई थाना क्षेत्र के प्रतिबंधित अवैध हथियार के बढ़ते अपराधो की रोकने के लिए एसएसपी के निर्देश पर पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है पुरानी भिलाई ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर भिलाई तीन नुतन चौक मरघट रोड बाडी के पास गतवा तलाब वार्ड 11 निवासी राहूल साहू बटन दार चाकू हाथ मे लेकर लहराते पकड़ा गया आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है।

### नशीली दवाइयों सहित 2 गिरफ्तार



**भिलाई, 31 अक्टूबर।** भिलाई पूर्व में नशे की दवाइयों के साथ पकड़े गए दो आरोपियों की पूछताछ में लिंक मिलने पर गुरुवार को नशीली दवाई एल्प्राजोलम टेबलेट सप्लाई करने वाले आरोपी को जामुल पुलिस ने गिरफ्तार किया है जामुल टीआई ने बताया कि रामेन्द्र कुमार सिंह मुखबीर से सूचना मिलने पर सीनू इंजीनियरिंग वर्क्स के सामने मंगल बाजार छावनी के पास दो लड़के नशीली दवाई टेबलेट बिक्री करने के लिए ग्राहक तलाश रहे थे। जामुल पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेकर सूचना मिलते ही घटना स्थल सीनू इंजीनियरिंग वर्क्स के सामने मंगल बाजार छावनी के पास से आरोपी बिसनाथ बाघ एवं एक नाबालिग को को घेराबंदी कर पकड़ा था। आरोपी बिसनाथ बाघ को पूछताछ करने पर आरोपी तुषार महानंद से नशीली दवाई एल्प्रा जोलम टेबलेट 2760 नग कीमती 10120 रुपए खरीदी करना बताया था आरोपी बिसनाथ बाघ को 19 अक्टूबर को जामुल पुलिस ने मामले में धारा 21 (बी), 27 (क) एनडीपीएस एक्ट गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड में भेजा गया है एवं नाबालिग के विरूद्ध वैधानिक कार्रवाई की गई आरोपी तुषार महानंद (24 साल) निवासी राजीव नगर बीईसी चौक जामुल, हाल लोधी पारा देवेन्द्र नगर रायपुर को घेराबंदी कर पकड़कर गिरफ्तार कर लिया है।

### भुंइयां पोर्टल में छेड़छाड़,2 गिरफ्तार

**भिलाई, 31 अक्टूबर।** भिलाई नंदिनी थाना क्षेत्र के के मुरमुंदा ग्राम के भुंइया पोर्टल में छेड़छाड़ करने के मामले में पुलिस ने दो अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया है.आरोपियों ने पटवारी का यूर्जर आईडी, पासवर्ड का इस्तेमाल कर भुंइया पोर्टल में छेड़खानी की थी नंदिनी प्रभारी पारस ठाकुर ने बताया कि नंदिनी थाने के धारा 318 (4), 338, 336 (3). 340 (2) 3(5) बीएनएस 66 (सी) आई.टी. एक्ट के प्रकरण में भुंइया साफ्टवेयर को हैक कर छेड़छाड़ कर फर्जी तरीके से भारतीय स्टैंट बैंक शाखा नंदिनी से 36,000,00 रुपए का आहरण किया गया था। इस दौरान विवेचना संकलित साक्ष्य के आधार पर प्रकरण में आरोपी गणेश प्रसाद तम्बोली (51 साल ) निवासी वार्ड क्रं. 09 सकरौली थाना बारद्ववार जिला शाक्ति, अमित कुमार मौर्य (37 साल ) निवासी वार्ड क्रं. 10 बाराद्ववार पेट्रोल पंप के पास थाना बारद्ववार जिला सक्ती का संलिप्तता होना पाया गया आरोपियों से पूछताछ करने पर आरोपी गणेश प्रसाद तम्बोली के द्वारा उसके परिचित के अशोक उराव ने ग्राम मुरमुंदा तहसील अहिवारा के जमीन का रकबा ऑनलाइन भुंइया पोर्टल में छेड़छाड़ बढ़ाने के लिए पैसा का ऑफर करने पर अपने मित्र अमित कुमार मौर्य के साथ मिलकर ग्राम मुरमुंदा के खसरा नंबर 1538/11, 187/04 का भुंइया पोर्टल में छेड़छाड़ कर मुरमुंदा के पटवारी का यूर्जर आईडी एवं पासवार्ड ओटीपी का इस्तेमाल कर ऑनलाइन पोर्टल में छेड़खानी कर रकबा फर्जी तरीके से बढ़ाये है इस आधार पर प्रकरण के आरोपी दीनू राम यादव निवासी अमरपुरी सुन्दर नगर वार्ड रायपुर सिलतरा रायपुर व एस राम बंजारे निवासी अछोटी व अन्य ने भारतीय स्टैंट बैंक अहिवारा से 36,000,00 रुपए का लोन लिये है। इस प्रकरण में पूर्व में आरोपी नंदकिशोर साहू की गिरफ्तारी की जा चुकी है ।

### अंतर इस्पात संयंत्र फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ी चुनने स्पर्धा 1 नवंबर को

**भिलाई, 31 अक्टूबर।** इस्को इस्पात संयंत्र द्वारा बर्नपुर में दिनांक 11 से 15 नवम्बर तक एस.पी.एस.बी. अंतर इस्पात संयंत्र फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। भिलाई इस्पात संयंत्र के क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग द्वारा फुटबॉल ग्राउंड, मरोदा सेक्टर में 01 नवम्बर को दोपहर 03 बजे से बी.एस.पी. फुटबॉल टीम के चयन हेतु चयन स्पर्धा आयोजित की गई है। इस प्रतियोगिता में बी.एस.पी. / माइंस में कार्यरत अधिकारी/कर्मचारी/परिविक्षारत कार्मिक/वार्ड एवं टाउनशिप के बेरोजगार युवक ही भाग ले सकते हैं। इच्छुक प्रतिभागी 01 नवम्बर 2025 को दोपहर 03ः00 बजे के पूर्व निम्न चयनकर्ताओं विश्वनाथ मजूमदार, अब्दुल गफफार तथा प्रोतिम घोष के पास अपना नाम दर्ज करा सकते हैं। उप प्रबंधक (कीड़ा एवं सांस्कृतिक सुविधाओं) अभिजीत भौमिक इस चयन स्पर्धा के प्रभारी होंगे।

### कलेक्टर ने एसपी कार्यालय परिसर में हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

# सद्भावना दौड़ में जनप्रतिनिधि,अधिकारी,कर्मचारी,युवा हुए शामिल




**कवर्धा, 31 अक्टूबर ।** राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर आज जिला कबीरधाम में सद्भावना दौड़ का सफल एवं भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह के कुशल नेतृत्व एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में जिले के सम्माननीय जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों की गरिमामय उपस्थिति रही। मुख्य अतिथि के रूप में जिलाधीश गोपाल वर्मा ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर से सद्भावना दौड़ को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक श्री मोतीराम चंद्रवंशी, नगर पालिका अध्यक्ष श्री चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री ईश्वरी साहू, वरिष्ठ जनप्रतिनिधि श्री संतोष पटेल, उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय श्री आशीष शुक्ला, उप पुलिस अधीक्षक अजाक श्री प्रतीक चतुर्वेदी, रक्षित निरीक्षक श्री महेश्वर सिंह, रक्षित निरीक्षक श्री पुष्पेंद्र सिंह सहित बड़ी संख्या में पुलिस विभाग के अधिकारी/कर्मचारी, जनप्रतिनिधि, शहरवासी तथा स्वामी विवेकानंद अकादमी में प्रशिक्षणरत युवक-युवतियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता दर्ज की।सद्भावना दौड़ शहर के प्रमुख मार्गों एवं प्रमुख चौक-चौराहों से होते हुए पुनः पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुँचकर संपन्न हुई। प्रतिभागियों ने राष्ट्रीय एकता, सामाजिक सौहार्द एवं आपसी भाईचारा को सशक्त संदेश देते हुए उत्कृष्ट अनुशासन एवं जोश का प्रदर्शन किया।पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय एकता दिवस हमें राष्ट्र की अखंडता, सुरक्षा एवं सामूहिक एकजुटता के मूल्यों को सुदृढ़ करने की प्रेरणा देता है। पुलिस विभाग सदैव समाज में समरसता, सुरक्षा एवं शांति के संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है।



## आरएसएम की दोहरी उपलब्धि पांच कर्मियों और दो टीमों ने बढ़ाया बीएसपी का मान

**भिलाई, 31 अक्टूबर।** भिलाई इस्पात संयंत्र के रेल एंड स्ट्रक्चरल मिल आरएसएम ने उत्कृष्ट कार्यदक्षता और तकनीकी निपुणता का परिचय देते हुए दो प्रतिष्ठित प्रतियोगिताओं में उल्लेखनीय सफलता अर्जित की है। कार्यपालक निदेशक संकार्य ट्रॉफी वर्क स्किल्स प्रतियोगिता 2025.26 में आरएसएम के पाँच कर्मियों ने श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। निथ्यानन्थन एन.पीएलसी और शिवम सिंह हाइड्रॉलिक्स ने तृतीय स्थान भवानी शंकर स्वांई ने मटेरियल हैंडलिंग पाँचवां स्थान प्राप्त किया। जबकि गुरुना कार्तिक और पुरुषोत्तम कश्यप को प्रोत्साहन पुरस्कार मिला। वहीं क्वालिटी सर्कल फ़ोरम ऑफइंडिया द्वारा आयोजित सीसीक्यूसी 2025 में आरएसएम की रेल रक्षक और रेल निष्ठा टीमों ने क्रमशः भिलाई और विशाखापट्टणम चैप्टरों में स्वर्ण पुरस्कार जीते। इन उपलब्धियों ने आरएसएम की सतत सुधार गुणवत्ता संस्कृति और नवाचार भावना को नई ऊँचाई प्रदान की है।

# कूर्मि संझा का आयोजन नंदेली भाटा में 14 दिसंबर को




**भिलाई, 31 अक्टूबर।** राष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध सामाजिक आयोजन कूर्मि संझा इस वर्ष सक्ती नगर के नंदेली भाठा में संपन्न होगा। इस अवसर पर 14 दिसंबर को कूर्मि संझा तथा 13 दिसम्बर को छत्तीसगढ़ प्रदेश कूर्मि क्षत्रिय समाज का प्रादेशिक अधिवेशन संपन्न होगा। यह जानकारी सांसद दुर्ग एवं प्रदेशाध्यक्ष छत्तीसगढ़ प्रदेश कूर्मि क्षत्रिय समाज विजय बघेल ने कूर्मि भवन सेक्टर-7, भिलाई नगर में आयोजित तैयारी बैठक में दी। उन्होंने कहा कि कूर्मि संझा प्रदेश के सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक गौरव का प्रतीक है, जो हर वर्ष समाज को एक सूत्र में जोड़ने का कार्य करता है। बैठक में युवा कूर्मि मित्र मंडल के अध्यक्ष अजय चंद्राकर, कूर्मि संझा के संयोजक डाकेश्वर परगनिहा, प्रदेश महामंत्री मोरध्वज चंद्राकर, भिलाई नगर अध्यक्ष संतोष पटनवार, महिला संयोजक रीना देशमुख, महिला सहसंयोजक सरिता मुरारी चंद्राकर, मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के दुर्ग राज प्रधान ईश्वरी वर्मा, बालोद जिला अध्यक्ष सुरेंद्र देशमुख, दुर्ग जिला अध्यक्ष सुनील चंद्राकर, पूर्व केंद्रीय अध्यक्ष अश्वनी चंद्राकर, युवा प्रदेशाध्यक्ष योगेश्वर देशमुख, मिलन पत्रिका के प्रधान संपादक पीला राम वर्मा, कोष प्रभारी कृतराम मढरिया, डॉ. गिरधर चंद्रा, महासचिव योगेंद्र वर्मा, उपाध्यक्ष यादराम चंद्रा, कोषाध्यक्ष चंद्रकांत देशमुख, डॉ. राजेंद्र हरमुख, केंद्रीय प्रतिनिधि विजय बंटी चंद्राकर सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक में आगामी आयोजन की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। सभी ने कूर्मि संझा 2025 को सफल बनाने के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर पुष्पक राज देशमुख, हेमंत देशमुख, ललित काकड़े, दिनेश गौतम, ओम देशमुख, राजेश वर्मा, डॉ. वीणा चंद्राकर, माया अमृत, लता देशमुख, राधिका देशमुख सहित बड़ी संख्या में महिला एवं युवा पदाधिकारी उपस्थित थे।

# अवैध एवं अस्थायी ठेला संचालकों पर नगर निगम ने की बेदखली की कार्रवाई



**भिलाई, 31 अक्टूबर।** नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देशानुसार जोन-03 अंतर्गत मदर टेरेसा नगर क्षेत्र के पावर हाउस चौक सर्विस रोड पर शुक्रवार को बेदखली कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान सड़क किनारे अवैध रूप से लगाए गए फल ठेले और अस्थायी दुकानों को हटाया गया। आयुक्त पाण्डेय ने सभी जोन आयुक्तों को निर्देश दिए हैं कि शहर में आवागमन बाधित करने वाले ठेला संचालकों एवं अस्थायी दुकानों के विरुद्ध सख्त बेदखली कार्रवाई की जाए। साथ ही, ऐसी कार्रवाई यातायात एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम के सहयोग से करने के निर्देश दिए गए हैं। निर्देश के परिपालन में यातायात प्रभारी पी.डी. चंद्रा, सहायक राजस्व अधिकारी बसंत देवांगन, जोन स्वास्थ्य अधिकारी बीरेन्द्र बंजारे, बेदखली प्रभारी विनय शर्मा, सहायक प्रभारी हरिओम गुप्ता तथा पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा कार्रवाई की गई। इस दौरान लगभग 46 अवैध फल ठेले एवं अस्थायी दुकानों को हटाया गया तथा 5500 का अर्थदंड वसूला गया। साथ ही बांस, बल्ली एवं अन्य सामग्री को जब्त किया गया। निगम ने बताया कि यह कार्रवाई समझाइश स्वरूप की गई है, किंतु भविष्य में नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर कड़ी चालानी कार्रवाई की जाएगी। भिलाई नगर निगम ने नागरिकों से अपील की है कि आवागमन एवं ट्रैफिक व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए सड़क किनारे दुकान न लगाएँ, अन्यथा किसी भी दुर्घटना की जिम्मेदारी संबंधित संचालकों की होगी। कार्यवाही के दौरान निगम के तोड़फोड़ दस्ते के गणेश बघेल, कन्हैया यादव, गौकरण कुर्रे, खेमलाल सहित पुलिस विभाग का दल भी उपस्थित रहा।

# सुरक्षा नाट्य समारोह में कार्मिकों ने सुरक्षित कार्य प्रणाली का दिया संदेश




**भिलाई, 31 अक्टूबर।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के सुरक्षा अभियांत्रिकी विभाग द्वारा बुधवार को महात्मा गांधी कला मंदिर में सुरक्षा नाट्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार द्वारा किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य कार्यस्थल पर सुरक्षा को केवल प्रक्रिया नहीं, बल्कि व्यवहार एवं कार्य संस्कृति का अभिन्न अंग बनाना था। कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार ने अपने उद्बोधन में कहा कि कार्यस्थल पर सुरक्षा का दायरा 360 डिग्री होना चाहिए। यह केवल उपकरणों तक सीमित नहीं, बल्कि हमारे व्यवहार और सोच का हिस्सा होना चाहिए। समारोह में एसएमएस-2, आरईडी और एमआरडी विभागों के संविदा श्रमिकों की टीमों ने नाट्य प्रस्तुतियों के माध्यम से सुरक्षा विषयों को सजीव रूप में प्रस्तुत किया। आरईडी टीम ने गैस सिलेंडरों के भंडारण एवं संचालन पर आधारित प्रस्तुति देकर सुरक्षा मानकों की महत्ता बताई। एमआरडी टीम ने सामग्री संचालन सुरक्षा पर नाट्य रूपांतरण के जरिए सुरक्षित प्रक्रियाओं की आवश्यकता पर प्रकाश डाला, वहीं एसएमएस-2 टीम ने हॉट मेटल हैंडलिंग में सुरक्षा विषय पर अत्यंत प्रभावशाली नाटक प्रस्तुत किया, जिसने दर्शकों की खूब प्रशंसा बटोरी। महाप्रबंधक प्रभारी एस.के. अग्रवाल ने धन्यवाद तथा सुप्रियो सेन ने संचालन किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में अजय टल्लू, अजय गोने एवं अखिल मिश्रा का विशेष योगदान रहा।

## शोधार्थी जयनेंद का कार्य उच्चस्तरीय व मौलिक

**भिलाई, 31 अक्टूबर।** हेमचंद यादव विश्वविद्यालय से गणित विषय में शोधार्थी जयनेंद्र कुमार श्रीवास की पीएचडी की मौखिक परीक्षा संपन्न हुई। यह शोधकार्य डॉ.



समीर दशपुत्रे, सहायक प्राध्यापक, गणित विभाग, शासकीय दानवीर तुलाराम पीजी कॉलेज, उतई के निर्देशन एवं डॉ. राकेश तिवारी, प्राध्यापक, गणित विभाग, शासकीय वाई.वाई.टी. स्वशासी स्नातकोत्तर कॉलेज, दुर्ग के सह-निर्देशन में पूर्ण किया गया। शोध केंद्र वाई.वाई.टी. स्वशासी स्नातकोत्तर कॉलेज, दुर्ग तथा हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग रहा। मौखिक परीक्षा में बाह्य परीक्षक के रूप में डॉ. सबा कांत दिवेदी, गणित विभाग, इंस्टीट्यूट फॉर एक्सीलेंस इन हायर एजुकेशन, भोपाल उपस्थित रहीं। उन्होंने शोधार्थी के कार्य को उच्च स्तरीय, मौलिक एवं शोधपरक बताते हुए कहा कि यह शोध गणितीय विश्लेषण एवं संगणकीय तकनीकों के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण योगदान है, जो भविष्य के शोधकर्ताओं के लिए प्रेरणा स्रोत सिद्ध होगा। हेमचंद यादव विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) संजय तिवारी ने शोधार्थी को बधाई देते हुए कहा कि यह शोध विश्वविद्यालय की शैक्षणिक गरिमा को बढ़ाने वाला है तथा गणित के क्षेत्र में नवाचार का प्रतीक है। इसी प्रकार वाई.वाई.टी. कॉलेज के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) अजय कुमार सिंह ने भी श्रीवास को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह उपलब्धि कॉलेज के लिए गर्व का विषय है और अन्य शोधार्थियों के लिए प्रेरणादायक है।

## राष्ट्रीय एकता दिवस पर कार्यपालन अभियंता ने देश की एकता और अखंडता की दिलाई शपथ



**कवर्धा,31 अक्टूबर।** प्रथम गृहमंत्री सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती ( राष्ट्रीय एकता दिवस ) के उपलक्ष्य में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के प्रांगण में कार्यपालन अभियंता दिलीप सिंह राजपूत ने समस्त कर्मचारियों को देश की एकता एवं अखंडता की शपथ दिलाई । सभी कर्मचारियों ने राष्ट्रीय एकता और अखंडता की शपथ ली ।

## हरीतिमा टीम के सदस्यों ने नशा मुक्त अभियान का संदेश दिया



**कवर्धा,31 अक्टूबर।** हरीतिमा टीम के सदस्य पन्ना चंद्रवंशी, सुनील दोषी , राकेश दोषी , कमलेश ठाकुर ,लवली बग्गा ने नशा मुक्त अभियान का संदेश देते हुए सभी युवाओं से गुटखा ना खाने , बीड़ी सिगरेट ना पीने और शराब ना पीने की विनम्र अपील की । नशा से बहुत सारी बीमारी होती है ऐसी बातों को समझना चाहिए।

# आयुक्त ने खुर्सीपार क्षेत्र में चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया



**भिलाई, 31 अक्टूबर।** नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने जोन-04 खुर्सीपार क्षेत्र में चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने पंडित दीनदयाल स्टेडियम, निर्माणाधीन एसएलआरएम सेंटर, सामुदायिक भवन, सुलभ शौचालय तथा निगम स्वामित्व के भूखण्डों का अवलोकन कर कार्यों की प्रगति जानी। निरीक्षण के दौरान आयुक्त पाण्डेय के साथ जोन आयुक्त अमरनाथ दुबे भी उपस्थित रहे। आयुक्त ने स्टेडियम परिसर के खेल मैदान और दुकानों का निरीक्षण कर आवश्यक संधारण व सफाई व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि दुकानों के संचालन में किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए शौचालयों की मरम्मत और स्वच्छता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने बताया कि महापौर परिषद से पारित संकल्प के अनुसार स्टेडियम परिसर की दुकानों हेतु पुनः रुचि की अभिव्यक्ति जारी की जाएगी। आयुक्त ने निर्माणाधीन सेंटर का निरीक्षण करते हुए कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने और गुणवत्तापूर्ण निर्माण सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। समीप स्थित सुलभ शौचालय का निरीक्षण कर उन्होंने केयरटेकर को पानी एवं स्वच्छता व्यवस्था बनाए रखने के लिए कहा। शिव मंदिर के समीप निर्मित नवीन सामुदायिक भवन तथा निगम स्वामित्व के भूखण्डों का भी आयुक्त ने निरीक्षण किया और शासकीय उपयोग हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता संजय कुमार वर्मा, सहायक अभियंता प्रिया करसे, उप अभियंता चंद्रकांत साहू, सहायक राजस्व अधिकारी बालकृष्ण नायडू, बिजेन्द्र सिंह परिहार, जोन स्वास्थ्य अधिकारी हेमंत मांझी, स्वच्छता निरीक्षक अतुल यादव, सुपरवाइजर वेकंट सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

### निगम के रिक्त प्लॉट की निविदा में भाग लेने की अंतिम तिथि 3 नवंबर

**भिलाई, 31 अक्टूबर।** नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा शहर क्षेत्रांतर्गत आवासीय और व्यावसायिक प्रयोजन हेतु 50 रिक्त भूखण्डों को 30 वर्षीय लीज पर देने के लिए ऑनलाइन निविदा जारी की गई है। निविदा में भाग लेने की अंतिम तिथि 3 नवंबर निर्धारित की गई है।

निगम द्वारा जारी जानकारी के अनुसार, निविदा प्रक्रिया 13 अक्टूबर को प्रारंभ की गई थी। निविदा में भाग लेने के लिए निविदाकार को डिजिटल सिग्नेचर टोकन तैयार करना होगा, जिसके माध्यम से वे पोर्टल पर लॉगिन कर निविदा प्रक्रिया में भाग ले सकेंगे। निविदा निगम द्वारा निर्धारित ऑफसेट मूल्य के आधार पर आमंत्रित की गई है। निविदाकारों को ऑफसेट मूल्य का 10 प्रतिशत धरोहर राशि के रूप में ऑनलाइन जमा करना होगा।

## उद्योगपति चंद्रशेखर चंद्रवंशी ने शराबबंदी की मांग की



**कवर्धा,31 अक्टूबर।** युवाओं में शराब पीने की लगातार बढ़ती जा रही है जो की चिंताजनक है जिस पर चर्चा करते हुएं उद्योगपति चंद्रशेखर चंद्रवंशी ने कहा की गरीब और अधिकतर युवा शराब पीने की बुरी आदत से परेशान है ओर महिलाओं ओर बच्चों में भी भारी नाराजगी है इसीलिए बीजेपी सरकार को शराबबंदी पर विचार करना चाहिए ।

## बच्चे और युवा गुटखा न खाएं, स्वास्थ्य के लिए हानिकारक



**कवर्धा,31 अक्टूबर।** बीजेपी वरिष्ठ नेता प्रताप चंद्रवंशी ने कहा की युवा गुटखा खाकर कही भी थूक फेक देते है जो की चिंतनीय विषय है ओर स्वच्छता पर प्रतिकूल असर पड़ता है । गुटखा ज्यादा बच्चे और युवा ना खाए यह भी मेरी विनम्र अपील है ।

# सिद्ध चक्र महामंडल विधान में शांतिनाथ भगवान का किया मंगलाभिषेक



**भिलाई, 31 अक्टूबर।** श्री त्रिवेणी जैन तीर्थ सेक्टर-6 में चल रहे सिद्ध चक्र महामंडल विधान के अंतर्गत शुक्रवार को शांतिनाथ भगवान का 1008 मंगल अभिषेक भक्तिभाव से संपन्न हुआ। इस अवसर पर सैकड़ों इंद्र-इंद्राणियों के साथ भक्तों ने विधान मंडप में उपस्थित होकर पूजा-अर्चना की। शांति धारा का सौभाग्य सोधर्म इंद्र बने ज्ञानचंद, मनीष बाकलीवाल, अनिल जैन और अरुण बाकलीवाल को प्राप्त हुआ। उन्होंने परम पूज्य 105 दुर्लभमति माताजी के अमृत वचनों एवं परम पूज्य 105 सुशांत मति माताजी के सान्निध्य में शांति धारा कर पुण्य अर्जित किया। भक्तों ने माताजी को वंदन करते हुए भक्ति भाव से श्रीफल अर्पित किया। प्रतिष्ठाचार्य पारस जैन के निर्देशन में इंद्र-इंद्राणी मनीष व स्वीटी बाकलीवाल ने भक्ति वंदना नृत्य के माध्यम से पूजन किया। भक्तों ने पंचमेर पूजन के साथ सिद्धचक्र महामंडल विधान में देव-शास्त्र-गुरु वंदना करते हुए अर्घ्य समर्पित किया। प्रचार-प्रसार प्रभारी प्रदीप जैन बाकलीवाल ने बताया कि इस अवसर पर वैशाली नगर, नेहरू नगर, रिसाली, पूर्व बांदा, दुर्ग और भिलाई क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर धर्म लाभ लिया। पूज्य माताजी ने अपने प्रवचन में कहा कि जैसे हम फोटोग्राफर के सामने मुस्कुराकर अनुशासित होकर फोटो खिंचवाते हैं, वैसे ही जीवन में यदि हम अनुशासन और साधना से धर्म ध्यान करेंगे, तो जीवन स्वयं एक सुंदर चित्र बन जाएगा। कार्यक्रम का संचालन श्री पारसनाथ दिगंबर जैन सभा सेक्टर-6 के अध्यक्ष प्रशांत जैन ने किया। अभिषेक में प्रवीण छाबड़ा, जिनेंद्र जैन, वरुण जैन, निशांत जैन, संजय चतुर, संजीव कासलीवाल, पप्पू छाबड़ा, राहुल जैन, मनीष जैन, सुनील जैन, गौरव जैन, संजीव जैन सहित अनेक इंद्रों ने सामूहिक रूप से भाग लिया। अंत में प्रतिष्ठाचार्य पारस शास्त्री ने भक्तों से 32 और 64 अर्घ्य समर्पण करवाते हुए मंगल आरती संपन्न कराई।

## गुटखा खाकर कहीं भी थूकने से फैली रहती हैं गंदगी: गोविंद चंद्रवंशी



**कवर्धा,31 अक्टूबर।** कबीरधाम जिले में कुर्मी छात्रावास कृषक गोविंद चंद्रवंशी पहुंचे और देखा की प्रांगण में गुटखा खाकर अनजान लोगों द्वारा थूक फेंका हुआ दिखा और गंदगी दिखी जिस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कृषक गोविंद ने कहा की गुटखा खाकर कहीं भी थूक फेकना चिंतनीय विषय है और स्वच्छता अभियान पर भी प्रतिकूल असर पड़ता है इसीलिए गुटखा खाने वालो से विनम्र अपील है की गुटखा खाकर कहीं भी थूक ना फेंके और डस्ट बिन में थूक फेंके।

# चोरों ने सोलर दुकान का ताला तोड़ लाखों की नगदी चोरी की



**डोंगरगढ़ 31 अक्टूबर।** लाल बहादुर नगर - नगर पंचायत लालबहादुर नगर में अज्ञात चोरों के द्वारा सोलर दुकान का ताला तोड़ कर लाखों रुपए नगदी रकम की चोरी करने का मामला प्रकाश में आया है। बताया जाता है कि 29 अक्टूबर की दरमियानी रात्रि लाल बहादुर नगर में स्थित श्रीराम सोलर दुकान में देर रात अज्ञात चोरों ने धावा बोलकर दुकान का ताला तोड़कर लगभग 1 लाख 20 हजार रुपए की नगदी रकम की चोरी कर ली गई है। जब सुबह दुकानदार ने दुकान खोला तो पता चला कि चोरी हुई है। बताया जाता है कि दुकान संचालक श्याम सुंदर साहू जब सुबह अपनी दुकान पहुंचे तो ताला टूटा हुआ मिला। अंदर जाने पर सारा सामान बिखरा पड़ा था और गल्ले में रखी नगदी रकम गायब थी। जिसके बाद उन्होंने चोरी की घटना की शिकायत दर्ज कराते हुए सूचना चिचोला पुलिस चौकी को दी गई है। सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई चोरों की फुटेज। दुकान के अंदर लगे सीसीटीवी कैमरों में चोरों की पूरी हरकत रिकॉर्ड हो गई है। वीडियो में दो संदिग्धों को दुकान का ताला तोड़ते और अंदर से पैसे निकालते हुए देखा जा सकता है। यह फुटेज अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। पुलिस जांच में जुटी। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। फिलहाल पुलिस सभी संभावित पहलुओं पर जांच कर शुरू कर दी गई है। व्यापारियों में बढ़ी सुरक्षा को लेकर चिंता।शहरी सहित ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार हो रही चोरी की वारदातों से स्थानीय व्यापारियों में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चिंता बढ़ गई है। व्यापारी संघ ने भी पुलिस प्रशासन से गश्त बढ़ाने और रात के समय सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की मांग की है।

## कलेक्टर ने शासकीय हायर सेकेण्ड्री स्कूल सलोनी का किया औचक निरीक्षण

**राजनांदगांव 31 अक्टूबर।** कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव ने राजनांदगांव विकासखंड के शासकीय हायर सेकेण्ड्री स्कूल सलोनी का औचक निरीक्षण किया। कलेक्टर श्री यादव ने आगामी परीक्षा परिणामों की तैयारियों को लेकर गहरी नाराजगी जाहिर की। उन्होंने इस शिक्षण सत्र में स्कूल का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कक्षा 10वीं के अंग्रेजी एवं गणित विषय की कक्षाओं में विद्यार्थियों के साथ बैठकर शिक्षा गुणवत्ता को जांचा। उन्होंने अंग्रेजी विषय के शिक्षण कार्य पर असंतोष व्यक्त की। उन्होंने कक्षा 10वीं के बच्चों को अंग्रेजी विषय पढने का सरल तरीका बताया। स्कूल के पिछले वर्ष कक्षा 10वीं के परीक्षा परिणाम अच्छे नहीं होने पर नाराजगी व्यक्त की।

## एक नजर

### शहीद नंदकुमार पटेल शासकीय महाविद्यालय बीरगांव में उच्च शिक्षा एवं रोजगार मार्गदर्शन व्याख्यान का आयोजन



**रायपुर 31 अक्टूबर।** शहीद नंदकुमार पटेल शासकीय महाविद्यालय, बीरगांव रायपुर में आज प्लेसमेंट एवं कैरियर काउंसिल समिति के तत्वावधान में उच्च शिक्षा, रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. प्रीति शर्मा ने की। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. शशिकला अतुलकर, उपसंचालक, जिला रोजगार कार्यालय रायपुर एवं डॉ. ओमप्रकाश शर्मा, शंकराचार्य तकनीकी महाविद्यालय उपस्थित रहे। अपने प्रेरक वक्तव्य में डॉ. ओमप्रकाश शर्मा ने शिक्षा के महत्व, राष्ट्रीय शिक्षा नीति, स्किल इनहैंसमेंट, इनोवेशन, मैन्युफैक्चरिंग, टेक्सटाइल, इंजीनियरिंग तथा विदेशों में रोजगार अवसर जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने युवाओं को नए स्टार्टअप्स की दिशा में आगे बढ़ने हेतु प्रेरित किया। वहीं डॉ. शशिकला अतुलकर ने विद्यार्थियों को आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी तथा राज्य शासन की प्रतियोगी परीक्षाओं सीजीपीएससी, सीजी व्यापम और केंद्र शासन की परीक्षाओं यूपीएससी, एसएससी, आरआरबी एवं बैंकिंग सेक्टर (आईबीपीएस, ग्रामीण बैंक) के बारे में विस्तारपूर्वक मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने सिविल सेवा भर्ती कैलेंडर की आगामी तिथि 26 नवंबर की जानकारी भी दी। कार्यक्रम का संचालन डॉ. मनोज कुमार जांगड़े ने किया एवं डॉ. रोजमीना कुजूर ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।

### राष्ट्रीय एकता दिवस पर रन फॉर यूनिटी में लोगों ने उत्साह से लिया हिस्सा



**बलौदाबाजार 31 अक्टूबर।** जिला बलौदाबाजार-भाटापारा के समस्त थानों में राष्ट्रीय एकता दिवस पर रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150वीं जयंती के अवसर पर आयोजित किया गया है। देश की एकता, अखंडता को अक्षुण रखने, देशवासियों में एकता की भावना को मजबूत करने तथा अपराध एवं नशा मुक्त समाज के निर्माण की ध्येय के साथ पुलिस बल द्वारा रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन प्रातः 07-30 बजे से जिले के समस्त थाना क्षेत्र में रन फॉर यूनिटी दौड़ कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम पश्चात साइबर सुरक्षा, यातायात जागरूकता एवं नशा मुक्ति विषयों पर व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसके तहत उक्त विषयों पर सदैव जागरूक रहने एवं सावधानी बरतने हेतु विभिन्न सुरक्षा बिंदुओं तथा यातायात के समस्त नियमों का पालन करने के संबंध में जानकारी दिया गया। रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय एकता दिवस शपथ भी दिलाया गया।

### निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में जवानों के स्वास्थ्य की जांच की गई



**देवभोग 31 अक्टूबर।** पुलिस थाना परिसर में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का संचालन प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. अरविंद नाथ तिवारी द्वारा किया गया। डॉ. तिवारी ने बताया कि जो पुलिस जवान दिन-रात हमारी सुरक्षा में तैनात रहते हैं, उनकी सेवा करने का अवसर मिलना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। यह देवभोग पुलिस थाना में डॉ. अरविंद नाथ तिवारी द्वारा आयोजित दूसरा निःशुल्क जांच शिविर था। थाना प्रभारी फैजुल होदा ने बताया कि डॉ. तिवारी द्वारा लगातार ऐसे सामाजिक कार्य किए जा रहे हैं, जिससे पुलिसकर्मियों को समय-समय पर अपने स्वास्थ्य की जांच करवाने का अवसर मिल रहा है। थाना प्रभारी ने डॉ. तिवारी का आभार जताते हुए कहा कि हमारे जवानों के स्वास्थ्य की चिंता करने और निश्शुल्क जांच उपलब्ध कराने के लिए मैं डॉ. अरविंद नाथ तिवारी का हृदय से धन्यवाद करता हूँ। यह पहल स्थानीय लोगों और पुलिस विभाग दोनों के लिए प्रेरणादायक साबित हो रही है।

### कलेक्टर बिना सूचना दिए तहसील कार्यालय घुमका पहुंचे,निरीक्षण किया

**राजनांदगांव 31 अक्टूबर।** कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव आज बिना सूचना दिए राजनांदगांव विकासखंड के घुमका तहसील कार्यालय अचानक पहुंचे। कलेक्टर श्री यादव ने राजस्व प्रकरणों को समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने तहसील कार्यालय में आए किसानों से बातचीत की और उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने अधिकारियों से उनके आवेदन पर जल्द कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके साथ ही किसानों से तहसील कार्यालय में मिलने वाली सुविधाओं के संबंध में प्रतिक्रिया भी ली। उन्होंने कहा कि तहसील कार्यालय आने वाले नागरिकों एवं किसानों को किसी प्रकार की समस्या नहीं होनी चाहिए।

### 52 लाख 75 हजार 618 संगठित,निर्माण-असंगठित श्रमिक पंजीकृत

# राज्य सरकार के प्रयासों से श्रमिकों के जीवन में आ रहा है बदलाव

छगन लोन्हारे

**रायपुर, 31 अक्टूबर।** छत्तीसगढ राज्य स्थापना के समय 16 जिलों में से 09 जिलों में श्रम कार्यालय तथा 04 जिलों में औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा कार्यालय संचालित है। वर्तमान में राज्य के समस्त 33 जिलों में श्रम कार्यालय तथा 10 जिलों में औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा तथा वर्ष 2008 से रायपुर में इंडस्ट्रीयल हाईजिन लैब का राज्य स्तरीय कार्यालय प्रारंभ किया गया है। राज्य स्थापना के बाद से वर्ष 2008 में छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल तथा वर्ष 2011 में छत्तीसगढ़ असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल का गठन किया गया है। उक्त मण्डलों में श्रमिकों के पंजीयन, नवीनीकरण तथा विभिन्न योजनाओं में आवेदन विभागीय पोर्टल/श्रमेव जयते मोबाईल ऐप के माध्यम से ऑनलाईन करने की सुविधा दी गयी है तथा विभिन्न योजनाओं में डी0बी0टी के माध्यम से श्रमिकों को लाभान्वित किया जा रहा है।

**श्रम विभाग अंतर्गत 25 वर्षो की विभागीय उपलब्धियां:** 31 जुलाई, 2025 तक छ0ग0 श्रम कल्याण मंडल अंतर्गत 5लाख 41 हजार 920 संगठित श्रमिक, छ0ग0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल अंतर्गत 30 लाख 21 हजार 624 निर्माण श्रमिक तथा छ0ग0 असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल अंतर्गत 17 लाख 12 हजार 074 असंगठित श्रमिक पंजीकृत हैं। इस प्रकार विभाग अंतर्गत संचालित मंडलों में कुल 52 लाख 75 हजार 618 संगठित, निर्माण, असंगठित श्रमिक पंजीकृत हैं। राज्य स्थापना के बाद से 57 लाख 24 हजार 745 श्रमिकों को 23 अरब 70 करोड 24 लाख 56 हजार 757 रूपये से लाभांवित किया गया।

छ.ग. श्रम कल्याण मंडल में 80 लाख




713 संगठित श्रमिक को 31 जुलाई, 2025 तक राशि रूपये 26 करोड 56 लाख 2 हजार 131 से, छ0ग0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल में 51 लाख 72, हजार 579 निर्माण श्रमिकों को राशि रूपये 19 करोड 82 लाख 69 लाख 48 हजार 448 तथा छ0ग0 असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल में 4 लाख 71 हजार 453 अंगठित कर्मकारों को राशि रूपये 3अरब 60 करोड 99 लाख 06 हजार 178 से इस प्रकार राज्य स्थापना के बाद से कुल 57 लाख 24 हजार 745 श्रमिकों को राशि रूपये 23 अरब 70 करोड़ 24 लाख 56 हजार 757 (तेईस अरब सत्तर करोड़ चौबीस लाख छप्पन हजार सात सौ सात रूपये) से लाभांवित किया गया है।

**श्रमिक सहायता केन्द्र 24×7 संचालित:** श्रमिकों के हितलाभ संरक्षण, सहायता एवं उनके शिकायतों के निराकरण करने के लिए राज्य स्तर पर मुख्यमंत्री श्रमिक सहायता केन्द्र रायपुर में 24×7 संचालित है। प्रत्येक जिले में जिला स्तरीय तथा समस्त विकासखंडों में मुख्यमंत्री श्रम संसाधन केन्द्र संचालित किया जा रहा है, जिसके माध्यम से 31 जुलाई 2025 तक 84 हजार 810 निर्माण श्रमिकों को पंजीयन एवं योजनाओं के आवेदन में सहयोग प्रदान किया गया है।

ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के अंतर्गत विभिन्न श्रम कानूनों के अंतर्गत कारखानों, दुकान व स्थापनाओं, ठेकेदारों आदि का पंजीयन, नवीनीकरण, संशोधन तथा विभाग अंतर्गत गठित मंडलों में श्रमिकों के पंजीयन, नवीनीकरण, संशोधन तथा योजनाओं हेतु आवेदन/स्वीकृति विभागीय वेब पोर्टल एवं श्रमेव जयते मोबाईल एप के माध्यम से ऑनलाईन की जा रही है। साथ ही विभिन्न श्रम अधिनियमों के अंतर्गत पंजियों/अभिलेखों को ऑनलाईन डिजिटल रूप में संधारित करने तथा एकीकृत वार्षिक विवरणी ऑनलाईन प्रस्तुत करने की सुविधा नियोजकों को प्रदान की गई है।

**ई-गवर्नेस के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार:** भारत सरकार कार्मिक, लोक शिकायत मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा छ0ग0 शासन श्रम विभाग को 2020-21 हेतु 'ई-श्रमिक सेवा' सहित सार्वभौमिक पहुंच हेतु 'ई-गवर्नेस के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार' रूपये 02 लाख पुरस्कार राशि के साथ गोल्ड पुरस्कार प्रदान किया गया।

प्रवासी श्रमिकों के हित संरक्षण, कल्याण एवं सामाजिक सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए विभिन्न विभागों के समन्वय से दिनांक 19 जुलाई 2021 से छ0ग0 राज्य प्रवासी श्रमिक नीति, 2020 लागू किया गया है, जिसमें पलायन पंजी के ऑनलाईन संधारण की व्यवस्था की गई है।

**श्रमिक परिवारों के बच्चों के लिये अटल उत्कृष्ट शिक्षा योजना:** मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणा एवं श्रम मंत्री के निर्देशानुसार पंजीकृत निर्माण श्रमिक परिवारों के बच्चों को उत्कृष्ट निजी शालाओं में निःशुल्क अध्ययन कराये जाने हेतु छ0ग0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल द्वारा 'अटल उत्कृष्ट शिक्षा योजना' 08.जनवरी 2025 से प्रारंभ की गई है। योजना के तहत मंडल में 01 वर्ष पूर्व पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के प्रथम 02 बच्चों को कक्षा 6 वीं में प्रवेश दिया जाकर कक्षा 12 वीं तक आवासीय विद्यालयों में वर्तमान में 100 श्रमिकों के बच्चों को विभिन्न विद्यालयों में प्रवेश दिया जाकर गुणवत्तायुक्त निःशुल्क शिक्षा प्रदान किया जा रहा है। निर्माण श्रमिकों के स्वयं के आवास क्रय एवं आवास निर्माण हेतु एक लाख रूपये एकमुश्त अनुदान सहायता राशि प्रदाय किया जा रहा है। 31 जुलाई 2025 तक 2 हजार 278 निर्माण श्रमिकों को नवीन आवास क्रय/आवास निर्माण हेतु अनुदान सहायता राशि प्रदाय किया जा चुका है।

**निर्माण श्रमिकों के लिये पेंशन योजना:** 60 वर्ष आयु पूर्ण कर चुके पंजीकृत निर्माण श्रमिक, जिनका मंडल में 10 वर्ष पूर्व का पंजीयन हो, ऐसे 37 निर्माण श्रमिकों को प्रतिमाह रूपये 1500/- पेंशन योजना से लाभांवित किया जा रहा है। शहीद वीर नारायण सिंह श्रम अन्न योजना इस योजना अंतर्गत पंजीकृत निर्माण, असंगठित एवं संगठित श्रमिकों को रूपये 05 में गरम एवं पौष्टिक भोजन प्रदाय किया जा रहा है। प्रदेश के 17 जिलों में 37 श्रम अन्न योजना केन्द्र संचालित है, जिसमें प्रतिदिन लगभग 8 हजार श्रमिक गरम भोजन प्राप्त करे रहें है।

### नेतृत्व विकास पर लैंप्स-पैक्स के प्राधिकृत अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

**रायपुर 31 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी संघ मर्यादित रायपुर द्वारा संचालित सहकारी प्रशिक्षण केंद्र रायपुर एवं जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित राजनादगांव व जिला सहकारी संघ राजनादगांव के संयुक्त तत्वावधान में सहकारी बैंक से संबद्ध 222 लैंप्स व पैक्स के नवनियुक्त प्राधिकृत अधिकारियों का नेतृत्व विकास पर प्रशिक्षण डॉ. बलदेव प्रसाद मिश्र शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल राजनादगांव के शहीद विनोद चौबे मेमोरियल ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया7 प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्राधिकृत अधिकारियों के अधिकार एवं कर्तव्य, नेतृत्व विकास, सहकार से समृद्धि एवं सहकारिता की संरचना, सहकारी अंकेक्षण, बैंक की ऋण नीति के विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम आयोजक संस्था के मुख्य कार्यपालन अधिकारी पी. सी. ध्रुव, जिला संघ के प्राधिकृत अधिकारी श्री आलोक सिंह, सहकारी बैंक के अधीक्षक सुरेश द्विवेदी, उप प्रबंधक प्रकाश अखिलेश मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा भारत माता एवं मां सरस्वती के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया।

## किसानों को धान बेचने में न हो कोई परेशानी समय पर करें पूरी तैयारी : कलेक्टर




**बलौदाबाज़ार, 31 अक्टूबर।** कलेक्टर दीपक सोनी ने जिला पंचायत सभागृह में जिले में धान खरीदी की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले के किसानों को धान बिक्री के दौरान कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए। सभी आवश्यक तैयारी समय पर पूर्ण करें।पंजीयन में किसानों को कोई दिक्कत हो रही है तो समय रहते सभी तकनीकी समस्याओं का समाधान कर लें। कलेक्टर श्री सोनी ने कहा कि अवैध धान की आवक रोकने के लिए चाक चौबंद व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए 24 घंटे संचालित कंट्रोल रूम और उड़नदस्ता का गठन करें । उन्होंने बिचौलियों पर नियंत्रण हेतु प्रभावी कार्य योजना बनाकर कार्य करने के निर्देश भी दिए। बैठक में बताया गया कि जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में अनुमानित धान उपार्जन 9 लाख 15 हज़ार 400 मेट्रिक टन है और 129 समितियों के माध्यम से किसानों का धान क्रय किया जाएगा ।अब तक जिले में कुल पंजीकृत कृषकों की संख्या 1 लाख 62 हज़ार 129 है। समीक्षा के पूर्व आगामी खरीफ वर्ष 2025-26 धान उपार्जन हेतु आरंभिक तैयारी के तहत उपार्जन केंद्र के नोडल अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया।प्रशिक्षण में उपार्जन केंद्र में अवैध धान एवं रिसाइक्लिंग को रोकने , अच्छी किस्म के धान खरीदी ,किस्मवार स्टेकिंग , पीडीएस मिलर बारदाना की गुणवत्ता , चेक पोस्ट ,आदि के बारे में सहकारी बैंक के शाखा प्रबंधक ,समिति प्रबंधक एवं कंप्यूटर ऑपरेटर को विस्तृत जानकारी दी गई।

# नवीन सोसायटी गठन को लेकर किसानों में भारी आक्रोश,मांग पूरी नहीं होने पर चक्काजाम की तैयारी



**डोंगरगढ़ 31 अक्टूबर।** धान खरीदी केंद्र के नवीन सोसायटी गठन को लेकर किसानों में भारी आक्रोश देखा गया। ग्राम बधियाटोला, रामनगर, छिरपानी, राका के किसानों ने ग्राम कुरुभांठ में सोसायटी बनाए जाने का विरोध करते हुए एसडीएम एम. भार्गव को ज्ञापन सौंपा। किसानों ने चेतावनी दी कि यदि 7 दिवस के भीतर उनकी मांगों का समाधान नहीं हुआ, तो आगामी 6 नवम्बर को बधियाटोला-राका मार्ग स्थित पेट्रोल पंप के पास चक्का जाम किया जाएगा।

किसानों ने बताया कि शासन द्वारा ग्राम कुरुभांठ में सोसायटी खोलने की तैयारी की जा रही है, जबकि पहले ग्राम राका में सोसायटी खोलने का आदेश हुआ था। अब राका के स्थान पर कुरुभांठ को चुन लिया गया है, जिससे स्थानीय किसानों में नाराजगी है। किसानों का कहना है कि बधियाटोला या ग्राम राका में सोसायटी खोलना अधिक उपयुक्त रहेगा, क्योंकि यह सभी नजदीकी गांवों - कुरुभांठ, राजकट्टा, रामनगर, छिरपानी आदि के लिए सुविधाजनक स्थान है। किसानों ने यह भी कहा कि यदि उनकी मांग पूरी नहीं होती, तो वे मौजूदा मुढ़पार सोसायटी को यथावत रखने की मांग पर अडिग रहेंगे।

किसानों की माने तों विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, नगरपालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे, पार्षद मेनका राजेश कंडरा, राजा सेन, भूपेंद्र मरकाम सहित जनप्रतिनिधियों के अनुशंसा पत्र और ग्राम पंचायत राका की बैठक के निर्णयों की प्रतिलिपि भी ज्ञापन के साथ प्रस्तुत की गई। किसानों ने बताया कि वे पिछले छह माह से लगातार विभागीय अधिकारियों को आवेदन दे रहे हैं, परंतु अब तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है, जिससे किसान बेहद परेशान हैं।

ज्ञापन सौंपने वालों में किसान दशरथ ठाकुर, खोरबाहराम सिन्हा, अमरचंद निषाद, शंकर चंदवंशी, आशाराम सिन्हा, मनोज सिन्हा, धर्मेंद्र कंवर, मंजू कंवर, मदन साहू, अर्जुन बांधे, मालती बाई, राजकुमार सिन्हा, गणेश, गीता बाई, बिन्दुबाई, सहित ग्राम राका के सरपंच प्रदीप कुमार चंद्रवंशी, उपसरपंच योगेश्वर नेताम एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण किसान उपस्थित रहे। एसडीएम एम. भार्गव ने किसानों की मांगों पर सकारात्मक आश्वासन दिया है और कहा कि संबंधित विभाग को इस संबंध में अवगत कराया जाएगा।

## समाचार संक्षेप

### लवन कॉलेज में नशामुक्ति के लिए छात्रों को किया गया जागरूक




**बलौदाबाजार, 31 अक्टूबर।** कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश में समाज कल्याण विभाग द्वारा शासकीय महाविद्यालय लवन में नई दिशा अभियान के तहत नशे से मुक्ति हेतु जागरूकता शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नशे के दुष्प्रभाव एवं नशे से होने वाली परेशानियों के बारे में छात्रों को अवगत कराया गया एवं नशामुक्ति हेतु शपथ दिलाई गई। जिला प्रशासन द्वारा जिला चिकित्सालय से नशे के दुष्परिणाम की जानकारी एवं मनोविकास हेतु परामर्श, हम होंगे कामयाब के तहत रोजगार हेतु पोर्टल में क्यु.आर. स्कैन में पंजीयन, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा महिला उत्पीड़न, लैंगीग अपराध के संबंध में जानकारी दी गई।

### कलेक्टर ने ली राइस मिलरों की बैठक



**बलौदाबाज़ार, 31 अक्टूबर।** कलेक्टर दीपक सोनी ने जिले के सभी राईस मिलर्स की बैठक लेकर कस्टम मिलिंग की समीक्षा की। उन्होंने राइस मिलर्स को नागरिक आपूर्ति निगम में बकाया चावल शीघ्र जमा करने के निर्देश दिए। इस दौरान बारदाना उपलब्धता की भी समीक्षा की। बैठक में बताया गया कि जिले में 38 राइस मिलर्स को कस्टम मिलिंग पश्चात नागरिक आपूर्ति निगम में चावल जमा करने का कार्य दिया गया है। ख़रीफ़ विपणन वर्ष2024-25 में कस्टम मिलिंग हेतु 94573.88 टन चावल का लक्ष्य निर्धारित किया गया था।जिसके विरुद्ध अब तक जिले में अब तक कुल 83161.43 टन चावल जमा किया जा चुका है ।इस प्रकार जिले में लगभग 87.93 प्रतिशत कस्टम मिलिंग कार्य पूर्ण हो चुका है और बकाया 11412.45 टन चावल जमा किया जाना शेष है। कलेक्टर ने शेष 12 प्रतिशत चावल यथाशीघ्र जमा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जल्द ही प्रदेश भर में धान खरीदी का कार्य प्रारंभ होने वाला है अतः किसी भी प्रकार का पेंडिंग न रखें। बैठक में जिला खाद्य अधिकारी पुनीत वर्मा ,जिला विपणन अधिकारी श्री देवांगन एवं जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम भूपेश शर्मा और राईस मिलर्स उपस्थित थे।

### पुलिस महकमे में लंबे समय से जमे कर्मियों का होगा तबादला?

**डोंगरगढ़ 31 अक्टूबर।** जिलें की नई पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के चार्ज संभालते ही राजनांदगांव जिले के पुलिस महकमे में तबादलों की शुरुआत हो गई है। पदभार ग्रहण करते ही एसपी शर्मा ने प्रशासनिक कसावट और अपराधों की रोकथाम को लेकर सख्त तेवर दिखा दिए है। चार्ज लेते ही उन्होंने बड़ा कदम उठाते हुए डोंगरगढ़ थाना प्रभारी उपेंद्र शाह को लाइन अटैच कर दिया और मोहारा चौकी प्रभारी संतोष जायसवाल को डोंगरगढ़ थाना की कमान सौंपी। वहीं अगले ही दिन एक प्रधान आरक्षक व एक आरक्षक को भी रक्षित केंद्र भेजा गया, जिससे पुलिस महकमे में खलबली मच गई है। सूत्रों के मुताबिक एसपी के कड़े रुख के बाद अवैध कारोबारियों शराब कोचियों, सट्टा खाइवालों और अवैध वसूली करने वालों में हड़कंप मचा हुआ है। कई लोग कार्रवाई के डर से अंडरग्राउंड हो गए है। डोंगरगढ़ सब डिवीजन में लंबे समय से जमे पुलिसकर्मी- मामला यहीं खत्म नहीं होता। डोंगरगढ़ सब डिवीजन में लंबे समय से जमे पुलिसकर्मियों पर अब गाज गिरने की पूरी संभावना है। डोंगरगढ़ थाना, एसडीओपी ऑफिस, मोहारा चौकी, चिचोला चौकी और बोरतलाव थाना में वर्षो से आरक्षक, प्रधान आरक्षक, एएसआई जमे हुए हैं। कई पुलिसकर्मी हर बार सिर्फ थानों की अदला-बदली करके फिर से डोंगरगढ़ क्षेत्र में वापस पोस्टिंग करा लेते हैं। खास बात यह है कि इन पुलिसकर्मियों की स्थानीय अवैध कारोबारियों और संदिग्ध तत्वों से सांठगांठ की चर्चाएं भी जोरों पर हैं। ऐसे में माना जा रहा है कि एसपी अंकिता शर्मा अब इन जमे हुए कर्मचारियों की भी पहचान कर तबादले की तैयारी में हैं। जिलें भर में कसावट लानें की तैयारी- पुलिस विभाग के सूत्रों का कहना है कि एसपी का यह अभियान अब केवल थाना स्तर तक सीमित नहीं रहेगा।



### रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हुए शामिल

**रायपुर 31 अक्टूबर।** लौह पुरुष भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर आज मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय जी एवं माननीय केंद्रीय मंत्री श्री जुएल उरांव की गरिमामयी उपस्थिति में रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम में शामिल हुआ। इस अवसर पर श्रद्धेय सरदार वल्लभ भाई पटेल जी एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की मूर्ति पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री किरण सिंहदेव जी, विधायक श्री पुरंदर मिश्रा जी सहित पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारीगण एवं कार्यकर्तागण उपस्थिति रहे।



## संपादकीय

# आस्ट्रेलिया को हराकर भारत फाइनल में

महिला विश्वकप में जो सबसे मुश्किल काम था,वह भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने महिला विश्वकप में कर दिखाया है,यह काम था आस्ट्रेलिया को विश्वकप में हराना। इस विश्वकप में जितनी टीमें थी, सबने कोशिश करके देख ली लेकिन कोई आस्ट्रेलिया को हरा नहीं सका। आस्ट्रेलिया का विजय रथ निरंतर आगे बढ़ रहा था, उसने महिला क्रिकेट विश्वकप सात बार जीतकर साबित कर दिया था कि उसे विश्व कप में कोई हरा नहीं सकता। इस विश्वकप में वह निरंतर जीत कर सेमीफाइनल में पहुंचा था। वह एक नंबर पर था, उसका मुकाबला सबसे कमजोर समझी जाने वाली भारतीय टीम से हुआ,वही भारतीय टीम जिसे कहा जा रहा था कि यह पता नहीं सेमीफाइनल पहुंचेगी या नहीं पहुंचेगी। और हुआ वही जो किसी ने सोचा नहीं था, भारत ने आस्ट्रेलिया का सेमीफाइनल के दूसरे मुकाबले में पांच विकेट से हराकर दुनिया के तमाम क्रिकेट विशेषज्ञों का हैरान कर दिया। टास जीतकर आस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी उसने अपने ही आक्रामक अंदाज में की।पहला विकेट जल्द गिर जाने के बाद भी उसने दूसरे विकेट के लिए बड़ी मजबूत साझेदारी की।लिचफील्ड व पैरी ने 155 रन की साझेदारी कर आस्ट्रेलिया को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। लिचफील्ड ने शतक तो पैरी व गार्डनर ने अर्धशतक बनाकर आस्ट्रेलिया को तीन सौ से ऊपर पहुंचाया। आस्ट्रेलिया ने भारत के सामने जीत के लिए 338 रन का लक्ष्य रखा। ज्यादातर लोगों का सोचना था कि यह तो महिला हो या पुरुष वनडे मैच यह अब तक सबसे बड़ा स्कोर है, इतने बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए आज तक कोई जीता नहीं था, इसलिए ज्यादातर लोग मान रहे थे कि भारत इस लक्ष्य का पीछा करते हुए मुश्किल से 250 तक ही पहुंच पाएगा। लेकिन जीत की जिद, जुनून व जज्बे से सेमीफाइनल में पहुंचने वाली भारतीय टीम ने तय कर रखा था कि वह जीतने की कोशिश करेगी तो जीत सकती है क्योंकि उसने ही पहले भी आस्ट्रेलिया को दो बार हराया था। उसने सोच रखा था वह दो बार आस्ट्रेलिया को हराया है तो तीसरी बार भी हरा सकती है।टीम के हर सदस्य ने तय कर रखा था कि उसे जीत के लिए खेलना है।भारतीय टीम के हर सदस्य ने जीत के लिए खेलना शुरू किया। शेफाली वर्मा व स्मृति मंधाना के तेवर से लग रहा था कि वह आक्रामक अंदाज में ही खेलकर आस्ट्रेलिया को जवाब देंगी। शेफाली दो चौके लगाकर आक्रामक शुरुआत की भी थी लेकिन एक भीतर आती हुए गेंद को वह समझ न सकी और आउट हो गईं। लोग बहुत निराश हुए कि ओपनरों ने अच्छी शुरुआत नहीं की। जीत के लिए मजबूत नींव नहीं रख सके। अब सारी उम्मीदे स्मृति मंधाना से थी, वह पूरे मैच में अच्छा खेलती आ रही थीं, इसलिए सब मान रहे थे कि वह विश्वकप के इस अहम मुकाबले में जरूर अच्छा खेलेगी, वह अच्छा खेल भी रही थीं कि एक गेंद जिसे अंपायर ने वाइड भी दे दिया था लेकिन आस्ट्रेलिया के विकेट कीपर को यकीन था कि गेंद बल्ले का किनारा लेते हुए उनके हाथ में आई है। उसने डीआरएस लिया तो उसमें मंदाना आउट करार दी गई। इससे भारतीय क्रिकेट प्रेमियों की निराशा और बढ़ गई। दो विकेट पर 59 रन कोई ऐसा स्कोर नहीं था जिससे कोई उम्मीद की जा सकती थी। इसके बाद तीसरे नंबर आई जेमिमा व कप्तान हरमनप्रीत कौर ने एक एक छोर से मोर्चा संभाला और संभलकर बल्लेबाजी करते हुए जो काम टीम के दोनों ओपनर नहीं कर सके थे, किया और जब कप्तान हरमन 89 रन बनाकर आउट हुई तो दोनों के बीच साझेदारी 167 रन की हो चुकी थी। इसके बाद जेमिमा ने एक छोर पर डटी रहीं, उसने सौ रन से ज्यादा बनाकर भारत की जीत के प्रति स्टेडियम व पूरे देश में मैच देख रहे लोगों को आश्वस्त किया कि हम कोशिश कर रहे हैं और जीत हमारी ही होगी। जेमिमा ने नाट आउट 127 रन बनाकर आस्ट्रेलिया को हराने में अहम भूमिका अदा की इसके साथ ही उसने एक छोर को संभाले रखकर आने वाले हर खिलाड़ी की तेज व आक्रामक खेलने के लिए प्रेरित किया। कप्तान के आउट होने के बाद जितने भी खिलाड़ी आए सबने जेमिमा के प्रेरित करने पर आक्रामक अंदाज में खेला और तेजी से रन बनाकर भारत को बड़ा लक्ष्य प्राप्त में मदद की।भारत की जीत में जेमिमा की भूमिका सबसे अहम रही, बाकी खिलाड़ियों ने उनका साथ दिया और एक असंभव से लक्ष्य को प्राप्त कर भारतीय खिलाड़ियों ने साबित किया वह किसी से कम नहीं है।

### माटी से महिमा तक: छत्तीसगढ़ की 25 वर्षीय यात्रा

# अपनी माटी, अपनी पहचान : राज्य निर्माण से जन-भागीदारी तक

**रजत जयंती पर विशेष**

**हृदय मोहन**



एक नवम्बर 2000 का दिन केवल एक तारीख नहीं था, बल्कि छत्तीसगढ़ की जनता की दशकों पुरानी जन-आकांक्षा और आत्मगौरव का साकार रूप था – एक नए युग का सूर्योदय। यह केवल मध्यप्रदेश के नक्शे का विभाजन नहीं, बल्कि एक विशिष्ट सांस्कृतिक-सामाजिक पहचान की स्वायत्तता की स्वीकृति थी। राज्य का निर्माण प्रशासनिक पुनर्गठन से अधिक एक अस्मिता की विजयगाथा था।

बस्तर के घने वनों से लेकर सरगुजा के अठखेलते पहाड़ों और रायगढ़ के विस्तृत मैदानों तक एक साझा संकल्प उभरा – अपनी माटी के सम्मान का। वर्षों से सुलगती यह आकांक्षा आज एक सुव्यवस्थित राज्य के रूप में प्रवलित है। वह क्षण जब छत्तीसगढ़िया अस्मिता ने अपना झंडा गाड़ा, इस भूमि के इतिहास में आत्मविश्वास का प्रतीक बन गया। बीते पच्चीस वर्षों की यात्रा केवल सड़कों और इमारतों की कहानी नहीं, बल्कि एक सामूहिक चेतना के विकास का प्रतिबिंब है – अपनी जड़ों से जुड़कर आधुनिकता की मुख्यधारा में स्थान बनाने का प्रयास।

### संस्कृति: राज्य की साँसें

छत्तीसगढ़ की आत्मा उसकी माटी में रची-बसी है। उसकी लोकसंस्कृति की थाप गीतों, नृत्यों, कला और व्यवहार में गूंजती है। गोंड और बैगा जनजातियों के पारंपरिक गीत प्रकृति के प्रति श्रद्धा हैं, तो पंडवानी के मार्मिक आख्यान इतिहास और दर्शन का संगम। रायगढ़ का कत्थक और बस्तर के मुरिया नृत्य लोकजीवन और शास्त्रीयता के बीच का सेतु हैं।

यहाँ के पर्वङ्त्योहार, जैसे पोला, तीजा, चंदैनी गोंदा और बस्तर दशहरा, केवल रीति-रिवाज नहीं, बल्कि सामुदायिक एकता के उत्सव हैं। छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया अब नारा नहीं, बल्कि आत्मविश्वास की पहचान है – जहाँ सादगी में शक्ति है और परंपरा में प्रगति की प्रेरणा। यही लोक-चेतना वह स्रोत है जिसने आधुनिकता की तेज़ लहर में भी इस राज्य की विशिष्ट सांस्कृतिक पहचान को अक्षुण्ण रखा, जिससे यह भारत की विविधता में अपनी विशिष्ट छाप छोड़ता है।

### विकास: नींव के पत्थर

नवगठित राज्य के सामने चुनौतियाँ बड़ी थीं, पर संकल्प और भी दृढ़। शुरुआती दशक सड़कों, विद्यालयों, स्वास्थ्य केंद्रों और सिंचाई परियोजनाओं जैसी आधारभूत संरचनाओं के निर्माण में बीते। भिलाई इस्पात संयंत्र जैसे संस्थानों ने आर्थिक रीढ़ की भूमिका निभाई, लेकिन राज्य ने अर्थव्यवस्था को विविधता दी।




कृषि, जिस पर अधिकांश आबादी निर्भर है, को उत्पादक बनाने पर ध्यान दिया गया। कोसा सिल्क, बस्तर का लौह-शिल्प और वुडक्राफ्ट जैसे पारंपरिक उद्योगों को नया बाजार मिला। इन प्रयासों ने स्थानीय कारीगरों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाई। सबसे महत्वपूर्ण रहा जन-भागीदारी का उभार – पंचायतों और महिला स्वसहायता समूहों ने विकास को जन-आंदोलन का रूप दिया। इस सहभागिता ने योजनाओं को जमीन से जोड़ा, उन्हें ऊपर से थोपा गया प्रयास नहीं, बल्कि सामूहिक स्वप्न बना दिया, जिसमें हर नागरिक अपने भाग्य का निर्माता है।

### सशक्तिकरण: सामाजिक परिवर्तन की धुरी

छत्तीसगढ़ के वास्तविक परिवर्तन की कहानियाँ गाँवों और कस्बों में लिखी गईं। महिला स्वसहायता समूहों ने सूक्ष्म बचत और ऋण के माध्यम से आर्थिक आत्मनिर्भरता का मार्ग दिखाया, और समाज में अपनी भूमिका को पुनर्परिभाषित किया। आज ये महिलाएँ न केवल परिवार की अर्थव्यवस्था संभाल रही हैं, बल्कि पंचायतों और निर्णय-प्रक्रिया में भी सक्रिय हैं। पंचायती राज संस्थाओं ने सत्ता के विकेंद्रीकरण से ग्रामीणों को अपने विकास का नायक बनाया। नक्सल प्रभावित अंचलों में भी संवाद, पुनर्वास और शांति की पहल ने नई शुरुआत की। शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं की बेहतर पहुँच ने महिलाओं और बच्चों के जीवन में मूक क्रांति लाई। अब शिक्षित युवा नई तकनीक और उद्यमिता को अपनाकर कृषि और ग्रामीण उद्योगों को नया आयाम दे रहे हैं – यह एक सशक्त और जिम्मेदार समाज के उदय का संकेत है।

### भविष्य: नए क्षितिज की ओर

रजत जयंती के इस मुकाम पर छत्तीसगढ़ नई चुनौतियों और संभावनाओं के संग आगे बढ़ रहा है। राज्य अब ज्ञान और प्रौद्योगिकी आधारित अर्थव्यवस्था की ओर अग्रसर है। डिजिटल अवसंरचना, हरित ऊर्जा और सतत विकास इसके अगले अध्याय की कुंजी हैं। शिक्षित और आत्मविश्वासी युवा पीढ़ी इस यात्रा की अग्रदूत है।

छत्तीसगढ़ की सबसे बड़ी उपलब्धि यही है कि उसने अपनी माटी की सुगंध को बनाए रखते हुए आधुनिकता की महिमा का संतुलन साधा है। भविष्य की राह इसी संतुलन पर टिकी है – जहाँ प्रगति की रफ्तार में संस्कृति की धड़कन बनी रहे और विकास की चमक में मानवीय संवेदनाएँ जीवित रहें। यही सच्चा माटी से महिमा तक का सफर है।

यह राज्य केवल भौगोलिक सीमा नहीं, बल्कि एक साझा भावना है- जहाँ परंपरा ने प्रगति को पोषित किया और आत्मगौरव ने विकास को दिशा दी। इन पंक्तियों में गूँजता है यही सफर-

***माटी की खुशबू से गढ़ा ये प्रदेश,***
***श्रम और संवेदना का अमिट संदेश।***
***रजत वर्ष की उजली पहचान,***
***छत्तीसगढ़-गौरव, विकास और सम्मान।***

*(लेखक पूर्व कार्यकारी निदेशक, स्टील अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया लिमिटेड (सेल) तथा राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पत्र-पत्रिकाओं में नियमित स्तंभकार हैं।)*

*(hridayamohan@yahoo.co.in)*

## शब्द-सामर्थ्य 214

**बाएं से दाएं :**
1. पानी, नीर, अंबु 2. आना-जाना, आवागमन 5. बहुत, बढ़िया 6. दूर रहने वाला (घटना) जो वर्तमान में न घट सके 8. अबोध, नासमझ, अनाड़ी 10. सब्जी, शाक 11. निशान, उद्देश्य, अनुमान योग्य वस्तु 12. नाखून 13. द्रव पदार्थ 15. सूनसान, जनविहीन स्थान 16. चटकीला, चमकीला, चटपटा, गौरैया 18. भगवान, खुदा 19. इन दिनों, वर्तमान दिनों में 20. अग्नि, पावक 21. अन्नकण, अनाज का टुकड़ा 22. टालमटोल, बहाने बाजी 24. भैया की पत्नी 25. पांच से छोटी एक विषम संस्था 26. हत्या, कत्ल.

**ऊपर से नीचे**
1. दुनिया, संसार, ठोस रूप में परिवर्तित करना 2. चमक, पानी 3. बाजीगर, जादू का खेल दिखाने वाला 4. एक पंजाबी प्रेमगीत, रांझा की प्रेमिका 5. मार-काट, खून-कत्ल 7. भूमि, जमीन, भू-भाग 9. बहुत बड़ा दानी, 10. संगीत के सुरों की संख्या 14. लचीला, लोचयुक्त 17. खिसकना, अपने स्थान से हटना, विचलित होना 19. प्रवेश करना, पधारना, आना 20. धूप-दीप से पूजा 22. इसी समय 23. गुस्सा, कहर.



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 213 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स्वा | द | ■ | सा | म | ना | ■ | कै | दी |
| व | ■ | ख | ल | ना | य | क | ■ | वा |
| लं | प | ट | ■ | ना | क | क | ट | ना |
| बी | ■ | प | ■ | ■ | ■ | ड़ी | ■ | प |
| ■ | अ | ट | प | टा | ■ | ■ | शा | न |
| स | ह | ■ | यो | ■ | ■ | र | ति | ■ |
| ह | म | ■ | द | र | ब | द | र | ■ |
| म | क | र | ■ | सी | ल | ■ | ■ | ■ |
| त | ■ | क्षा | ■ | द | वा | खा | ना | ■ |

## सु-दोकू 179

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | | 4 | | | 7 | |
| | | 6 | 9 | | 2 | | | 1 |
| | 7 | | | 6 | | 8 | | 2 |
| 1 | | | | | | | 8 | |
| | 8 | | | 5 | | 2 | | 3 |
| 3 | | 2 | | | 4 | | 1 | |
| | 3 | | 2 | | | 4 | | |
| | | 8 | | 1 | 6 | | | 7 |
| 9 | | | 4 | | | | 2 | |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र 213 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 6 | 8 | 2 | 5 | 4 | 7 | 1 |
| 8 | 2 | 5 | 1 | 7 | 4 | 6 | 3 | 9 |
| 7 | 1 | 4 | 6 | 9 | 3 | | 2 | 5 |
| 1 | 8 | 9 | 3 | 6 | 7 | 2 | 5 | 4 |
| 2 | 6 | 7 | 5 | 4 | 8 | 1 | 9 | 3 |
| 5 | 4 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 8 | 6 |
| 6 | 7 | 2 | 4 | 3 | 9 | 5 | 1 | 8 |
| 9 | 5 | 1 | 7 | 8 | 6 | 3 | 4 | 2 |
| 4 | 3 | 8 | 2 | 5 | 1 | 9 | 6 | 7 |

## राशिफल

**मेष:** आज किसी भी काम को पूरा करने में जल्दबाजी ना करें, नहीं तो उस काम में कुछ कमियां रह जायेंगी। स्टूडेंट्स का मन पढ़ाई में कम और मोबाईल पर ज्यादा रहेगा। आज आप अपने फिजूल खर्चों पर काबू बनाये रखें। आज कार्यक्षेत्र में सफलता पाने के लिए आपके मन में कुछ नए आइडिया आयेंगे। संतान पक्ष की ओर से खुशखबरी मिलेगी।

**वृष:** आज का दिन नई सौगात लेकर आया है। पहले से ही किये हुए निवेश का आज आपको फायदा मिलेगा। आज आप किसी खास मित्र की मदद करेंगे। आज आपके कारोबार में बड़ा बदलाव आयेगा। लम्बे समय से चल रही स्वास्थ्य संबंधित समस्या से छुटकारा मिलेगा।

**मिथुन:** आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आप आपने भविष्य को आगे बढ़ाने की योजनाओं पर ध्यान देंगे। आज के दिन कोई करीबी रिश्तेदार आपकी खुशियों को दोगना कर देगा। आज घर के बड़ों का सहयोग आपके साथ रहेगा। आज कार्यक्षेत्र में बढ़ोतरी के नए अवसर प्राप्त होंगे। आपका समय परिवार वालों के साथ अधिक बीतेगा।

**कर्क:** आज आपका दिन सामान्य रहेगा। आपको अपनी बचत में से कुछ पैसा निकालने की जरूरत पड़ सकती है। आज आप अपने बच्चों को कुछ अच्छा सिखा सकते हैं, जो उनके भविष्य में उन्हे काम आयेगा। आज जीवनसाथी के साथ आपके रिश्ते अच्छे बनेंगे। आज आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत होंगी। छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। आज आपके सभी काम आसानी से पूरे होंगे।

**सिंह:** आज किस्मत आपके साथ रहेगी। आज आप जिस काम को पूरा करने की कोशिश करेंगे, वो आसानी से पूरा हो जायेगा। किसी दोस्त से मुलाकात आपको फायदा दिला सकती है। आज परिवार के लोगों के बीच मधुरता बढ़ेगी। आज आप अपने लक्ष्य प्राप्ति के लिए थोड़ा अधिक प्रयास करेंगे, इसमें पिता का सहयोग आपको प्राप्त होगा।

**कन्या:** आज कामकाज के बारे में गंभीरता से विचार करने की जरूरत है। दूसरों की सलाह पर ध्यान देंगे, तो वह आपके लिये फायदेमंद साबित होगा। छात्रों को आज शिक्षा के क्षेत्र में बड़ी सफलता प्राप्त होगी। आज आपको ऑफिस के किसी काम से यात्रा करना पड़ेगा। कारोबारियों को आज उम्मीद से ज्यादा फायदा होगा।

**तुला:** आज आपके जीवन में कई नए बदलाव आयेंगे, जो आपके भविष्य के लिए फायदेमंद साबित होंगे। सोशल मीडिया पर नए लोगों से आपकी दोस्ती होगी। आज समाज में आपकी अलग पहचान बनेगी, तरक्की के नए अवसर आपके सामने आयेंगे। दोस्तों के साथ मिलकर नया व्यापार शुरू करने की सोचेंगे।

**वृश्चिक:** आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। छात्रों को आज कहीं से करियर संबंधी शुभ सूचना मिलेगी, जिससे घर का वातावरण खुशनुमा बनेगा। जीवनसाथी के साथ कहीं घूमने का प्लान बनायेंगे जिससे आपके रिश्तों में मजबूती आयेगी। बच्चे माताङ्कपिता के साथ पार्क में जाने की जिद्द करेंगे।

**धनु:** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। घर के रूके हुए सभी काम आज आसानी से पूरे होंगे। किसी बात को लेकर आपके मन में उत्सुकता बनी रहेगी। आपकी बातों को लोग गंभीरता से सुनेंगे और उस पर अमल भी करेंगे। नौकरी की तलाश कर रहे लोगो को किसी अच्छी कपंनी से जॉब का ऑफर आयेगा।

**मकर:** आज आपका दिन सामान्य रहेगा। आज कार्यों को पूरा होने में कुछ अधिक समय लगेगा। इस राशि के जो लोग ऑनलाइन व्यापार करते है आज उन्हें बड़ा ऑर्डर मिलेगा। आज कार्यों को पूरा करने में परिवार वालो का सहयोग प्राप्त होगा। जीवनसाथी पर भरोसा बनाये रखेने से, रिश्तों में मजबूती आयेगी। बच्चे माता से अपने मन की बाते शेयर करेंगे। लवमेट के लिए आज का दिन खुशियां लेकर आयेगा। धन लाभ के नए सोर्स नजर आ सकते हैं।

**कुंभ:** आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। आज आपको अपने गुस्से पर नियंत्रण रखने की जरुरत है। आज कुछ पुराने दोस्तों से फ़ोन पर लम्बी बात होगी, जिनके के साथ आप अपनी पुरानी यादें भी ताजा करेंगे। आज आप अपनी दिनचर्या में बदलाव करेंगे। छात्रों को आज किसी टॉपिक को समझाने में सहपाठियों का सहयोग मिलेगा।

**मीन:** आज आपका दिन शानदार रहेगा। छात्रों को आज कुछ नया सीखने का मौका मिलेगा, जिसमें गुरुओं का सहयोग प्राप्त होगा। आज घर पर थोड़े व्यावहारिक रहने की कोशिश करेंगे, जिससे लोगों पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। इस राशि के जो लोग वकील हैं, उनको कोई नया केस मिलेगा। कैमिस्ट की शॉप वाले लोगो को आज अच्छा मुनाफा होगा।

# हिचकी को तुरंत रोकने के लिए अपनाएं ये 5 असरदार घरेलू उपाय

हिचकी एक आम समस्या है, जो कभी भी हो सकती है। यह अक्सर खाने या पीने के दौरान होती है, लेकिन कभी-कभी बिना किसी कारण के भी आ सकती है। हिचकी को रोकने के लिए कई घरेलू तरीके हैं, जो पुराने समय से चले आ रहे हैं और सही साबित हुए हैं। आइए आज हम आपको हिचकी रोकने के कुछ आसान और असरदार घरेलू उपाय बताते हैं।

### नमक और नींबू का मिश्रण है कारगर

नमक और नींबू का मिश्रण हिचकी रोकने का एक पुराना और असरदार घरेलू तरीका है। इसके लिए एक चुटकी नमक और आधे नींबू का रस मिलाकर जीभ पर डालें और धीरे-धीरे निगलें। इससे आपकी गले की नसें सक्रिय होती हैं और हिचकी बंद हो जाती है। इसका स्वाद भी आपको ध्यान भटकाने में मदद करता है, जिससे हिचकी जल्दी रुक जाती है। इस उपाय को अपनाने से आप बिना किसी दवा के ही हिचकी से राहत पा सकते हैं।

### ठंडा पानी पीएं

ठंडा पानी पीने से भी हिचकी तुरंत रुक सकती है। इसके लिए एक गिलास ठंडा पानी लें और धीरे-धीरे इसे पिएं। पानी का ठंडा तापमान आपके गले की नसों को सुन्न कर देता है, जिससे हिचकी रुक जाती है। ध्यान रखें कि बहुत तेज ठंडा पानी न पिएं क्योंकि इससे गले को नुकसान हो सकता है। यह तरीका खासतौर पर तब फायदेमंद होता है जब हिचकी अचानक से आए और आपको तुरंत राहत चाहिए हो।

### चीनी चबाएं

चीनी चबाने से भी हिचकी रोकने में मदद मिल सकती है। इसके लिए एक छोटी चम्मच चीनी लें और उसे मुंह में रखकर धीरे-धीरे चबाएं जब तक कि वह पूरी तरह से घुल न जाएं। चीनी का मीठा स्वाद आपके गले की नसों को शांत करता है, जिससे हिचकी रुक जाती है। हालांकि, ज्यादा चीनी लेने से बचें क्योंकि यह सेहत को नुकसान पहुंचा सकती है।

### काली मिर्च का सेवन करें

काली मिर्च का सेवन करना भी एक असरदार घरेलू उपाय है। इसके लिए एक चुटकी काली मिर्च पाउडर लें और इसे अपनी जीभ पर डालें, फिर थोड़ा पानी पी लें। काली मिर्च का तीखा स्वाद आपके गले की नसों को सक्रिय करता है, जिससे हिचकी रुक जाती है। ध्यान रखें कि ज्यादा काली मिर्च नुकसान दे सकती है इसलिए सावधानी से इसका उपयोग करें।

### शहद और अदरक का मिश्रण आजमाएं

शहद और अदरक का मिश्रण भी हिचकी रोकने का एक अच्छा उपाय है। इसके लिए एक चम्मच शहद में थोड़ा-सा अदरक का रस मिलाकर पीएं। यह मिश्रण आपके गले को गर्म करता है और नसों को आराम देता है, जिससे हिचकी रुक जाती है। इस उपाय को अपनाकर आप बिना किसी दवा के ही हिचकी से राहत पा सकते हैं। इन सभी घरेलू उपायों को अपनाकर आप आसानी से अपनी हिचकियों को रोक सकते हैं।

### छत्तीसगढ़ राज्य की 25वीं वर्षगांठ के अवसर पर शोध आलेख (भाग-1)

# इतिहास में छत्तीसगढ़

**डॉ. टी.आर रामटेके**

ब्राह्मण ग्रंथ एवं पुराणों के अनुसार इच्छाकुं (सूर्य) वंश की 39वीं पीढ़ी में राजधानी अयोध्या में मर्यादा पुरुषोत्तम राम का जन्म हुआ था। जबकि इसी वंश की 35वीं पीढ़ी में राजा अयुतायुस ने दक्षिण कोसल (छत्तीसगढ़) में अपने राजवंश की नींव डाली थी। इस वंश में ऋतुपर्ण, सर्ववाम, सुदास, मित्र सहकल्माषपाद राजा हुए थे। मित्र सहकल्माषपाद श्रीराम का समकालीन राजा था, जिनकी राजधानी श्रीपुर (सिरपुर) थी, जिसका काल निर्धारण विद्वानों ने 16वीं शताब्दी ईसा पूर्व किया है (संदर्भग्रंथ अतित, लेखक आचार्य चतुरसेन शास्त्री, पृ.47 व 59)। छत्तीसगढ़ की रामायण के रचयिता आचार्य इंजीनियर अमरनाथ त्यागी के मतानुसार भगवान राम ने अपने पुत्र कुश हेतु दक्षिण कोसल (छत्तीसगढ़) में कुशावती नामक राजधानी की स्थापना की थी, जो कालांतर में श्रीपुर कहलाई। कुशस्य नगरी रम्या विन्ध्यापर्वतरोधार्स। कुशावतीति नाम्या सा कृते रामेण धीमता।। (वाल्मिकी रामायण, उत्तरकांड, अध्याय 108/ श्लोक 4) अर्थ - भगवान राम ने कुश के लिए विन्ध्य पर्वत किनारे कुशावती नामक रमनीय नगरी का निर्माण किया है। इमौ कुशीलयौ राजत्राधिषिच्य नराधिप। कोशलेषु कुशं बीरमुत्तरेषु तथा लवम।। (वाल्मिकी रामायण, उत्तर कांड, अध्याय 107/ श्लोक 7) अर्थ राजन नरेश्वर आप इन कुश और लव का राज्याभिषेक कीजिये। दक्षिण कोसल (छत्तीसगढ़) कुश को और उत्तर कोसल (अयोध्या) में लव को शासक नियुक्त कीजिये। पं.त्यागी के

अनुसार महाकवि कालीदासकृत रघुवंश के अध्याय 16 श्लोक 32 व 33 में भी इस संदर्भ में उल्लेख है। पुरातात्विक साक्ष्यों के आधार पर प्रथम राजधानी शरभपुर (मल्हार) - कौटिल्य के अर्थशास्त्र में दुर्ग-निवेश का जो विवरण प्राप्त

होता है, उसके अनुरूप पुरातात्विक साक्षों के आधार पर मल्हार में आटविक मही दुर्ग के प्राकार (परकोटा), परिखा (खाई), वप्र (रेम्पर्ट) व प्रासाद के अवशेष प्राप्त होते हैं। मौर्य युग का गढ़ मल्हार, बिलासपुर जिला मुख्यालय से दक्षिण पश्चिम दिशा में 32 कि.मी. दूरी पर स्थित है। बिलासपुर - रायगढ़ मार्ग पर बिलासपुर से 18 कि.मी. दूरी पर मस्तुरी है, जहां से 14 कि.मी. मस्तुरी-चिल्हाटी मार्ग पर मल्हार स्थित है। सागर विश्वविद्यालय के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. कृष्णदत्त वाजपेयी, जिन्होंने सन् 1975 में मल्हार उत्खनन कार्य किया था। जिनके अनुसार इस नगर का प्राचीन



नाम शरभपुर था और उरी शताब्दी ईसापूर्व मौर्य, सातवाहन शासकों की मल्हार क्षेत्रीय राजधानी थी तथा ई 4थी-5वीं शताब्दी में शरभपुरीय, अमरार्यकुल तथा मैकल के सोमवंशी शासकों की मल्हार राजधानी थी। इस प्रकार मल्हार छत्तीसगढ़ की प्रथम राजधानी थी। मल्हार से प्राप्त कलचुरी नरेश पृथ्वीदेव द्वितीय (ई.1163) के शिलालेख में मल्हार का प्राचीन नाम मल्लाल दिया गया है। वहीं से प्राप्त एक अन्य शिलालेख (ई. 1167) में इसे मल्लाल-पत्तन कहा गया है। प्राचीन काल में इस नगर का विस्तार 10 वर्ग मील के क्षेत्र में विद्यमान था। मल्लाल पतन नगर 3 नदियों से घिरा हुआ था। इसके पश्चिम में अरपा नदी, पूर्व में लीलागर नदी और दक्षिण में शिवनाथ नदी है। प्राचीन भारत के राजमार्ग, जो कौशाम्बी (इलाहाबाद जिला) से भरहुत (सतना जिला) से धनपुर होकर शरभपुर आता था और शरभपुर (मल्हार) से एक मार्ग श्रीपुर (सिरपुर) होते हुए राजिम से धमतरी तक जाता था। यहां से यह मार्ग दो भागों में विभाजित होकर एक मार्ग गुरूर-बालोद- कुसुमकसा- मोहला-मानपुर- बंजारी होते हुए विदर्भ के भाण्डक (चांदा) व देउलवारा (कुण्डिनपुर) तक जाता था। दूसरा मार्ग धमतरी-कांकेर- जगदलपुर होते हुए उड़ीसा के गन्जाम जिले से समुद्रतट तक जाता था। मल्हार से एक मार्ग जगन्नाथपुरी की ओर भी जाता था। मल्हार से 3 कि.मी. दूरी पर कोणारगढ़ से लगी हुई लीलागर नदी के कोणारघाट में प्राचीनकाल में महानदी जलपरिवहन मार्ग से व्यापारिक नौकायें आती-जाती रहती थी। प्रथम राजधानी के रूप में शरभपुर (मल्हार) उरीं शताब्दी ईसापूर्व से ई.4थी शताब्दी तक छत्तीसगढ़ की राजधानी रही थी।

मल्हार गढ़ अपनी वृत्ताकार परिखा सहित लगभग 100 एकड़ क्षेत्र में अवस्थित है। मुख्य परिखा (द्वितीय खाई) की चौड़ाई लगभग 50 मीटर है तथा गहराई 30 फीट से 40 फीट तक है। प्राकार की धरातल पर चौड़ाई लगभग 50 मी. है और ऊंचाई 40 फीट है। गढ़ का व्यास लगभग 600 मीटर है। द्वितीय प्राकार (मख्य परकोटा) की परिधि लगभग 1800 मीटर है, जिसकी भूतल पर चौड़ाई 50 मी. व ऊंचाई 15मी. है। मुख्य परकोटे के भीतर की खाई (प्रथम) 40मी. चौड़ा व 8मी. गहरी है। प्रथम खाई के भीतर प्रथम परकोटा की कुल लम्बाई 650मी. है, जो भूतल पर 40 मी. चौड़ा व 8मी. ऊंचा है। वर्तमान में मल्हार कस्बा में डिडनेश्वरी मंदिर के समीप गढ़ का तीसरा प्राकार था, जिसकी बाहर की ओर तृतीय परिखा (खाई) थी। द्वितीय व तृतीय प्राकार के बीच में प्राचीन मल्हार नगर अवस्थित था। गढ़ में जल आपूर्ति पोटानार सरोवर से प्राप्त होती थी। किले के अंदर कुंआ और खाई के समीप जलकुंड भी थे। किले के मुख्य स्थल से बाहर जाने का गुप्त मार्ग भी था। किले के मुख्य भाग में प्रस्तर निर्मित राजप्रासाद, रनिवास व राजपरिवार के आवासगृह के अवशेष उपलब्ध हुये हैं। गढ़ में प्रस्तर निर्मित मुख्य मार्ग के अवशेष उपलब्ध होते हैं। मौर्ययुगीन बड़े आकार की ईंटे (आकार 25 से.मी.× 18 से.मी.×9 से.मी.), काले पालिश युक्त बर्तन, मूर्ति-शिल्प, स्थापत्य कला के अवशेष, मौर्य कालीन आहत मुद्राएं, गामस कोसलीया वाली मृणमुद्रा तथा अन्य राजकीय मुद्राएं मल्हार में प्राप्त हुई हैं। इन पुरातत्वीय प्रमाणों के द्वारा मल्हार को मौर्ययुगीन गढ़ सिद्ध किया जाता है। मल्हार में भारतीय पूरातत्व सर्वेक्षण विभाग का संग्राहलय विद्यमान है।

*क्रमशः*

## एक नजर

### बारसूर नवोदय के विद्यार्थी ने बाथरूम के पीछे लगाई फांसी

**गीदम, 31 अक्टूबर ।** जिले के बारसूर नवोदय विद्यालय में छठवीं में पढ़ने वाले छात्र ने फांसी लगा ली। गुरुवार सुबह हॉस्टल बाथरूम के पीछे गमछे के फंदे से लटकता हुआ शव मिला। बताया जा रहा है कि वह एक दिन पहले ही छुट्टी से स्कूल लौटा था तब से काफी उदास था। फिलहाल, पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। घटना बारसूर थाना क्षेत्र की है। मिली जानकारी अनुसार सुनील पोडियामी उम्र 11 वर्ष, कटेकल्याण के गाटम का रहने वाला था। पिता खेती-किसानी का काम करते हैं। इसी साल छात्र का बारसूर नवोदय विद्यालय में एडमिशन हुआ था। वह दीपावली की छुट्टी पर घर गया हुआ था। एक दिन पहले यानी 29 अक्टूबर को वह छुट्टी से घर लौटा था। परिजन उसे स्कूल में छोड़कर गए थे। साथी बच्चों की मानें तो वह काफी रो रहा था। वह स्कूल में रहना नहीं चाह रहा था वह बहुत उदास था। वहीं आज सुबह उसने हॉस्टल बाथरूम के पीछे गमछे का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। स्कूल के अन्य बच्चों ने शव देखा और इसकी जानकारी स्कूल स्टाफ को दी गई। स्टाफ ने जानकारी पुलिस को दी। जिसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची। इस मामले में SDOP गोविंद सिंह दीवान ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद ही स्पष्ट होगा कि बच्चे ने आखिर सुसाइड क्यों किया है।

### रिश्वत लेते लिपिक गिरफ्तार

**जगदलपुर, 31 अक्टूबर ।** बस्तर में सरकारी योजनाओं की आड़ में चल रहे भ्रष्टाचार पर एंटी करप्शन ब्यूरो ने बड़ी कार्रवाई की है। दरभा तहसील कार्यालय के सहायक ग्रेड-3 कर्मचारी हेम कुमार पानीग्राही को 25,000 रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया। आरोपी मृतक के रिजन से 4 लाख के सरकारी मुआवजे की फाइल पास कराने के लिए 50,000 की मांग कर रहा था।मिली जानकारी के अनुसार, सामनाथ बघेल की पत्नी रामबती बघेल की मौत सर्पदंश से हुई थी। परिवार को सरकारी सहायता के तहत 4 लाख मिलना था, लेकिन तहसील के बाबू ने फाइल आगे बढ़ाने के लिए रिश्वत मांगी। परेशान होकर पीड़ित के बड़े भाई साहनु बघेल ने एसीबी, जगदलपुर में शिकायत की। एसीबी उप पुलिस अधीक्षक रमेश मरकाम के नेतृत्व में टीम ने गुरुवार को ट्रैप करते हुए आरोपी को 25,000 रुपये लेते मौके पर ही दबोच लिया। रिश्वत की रकम और अन्य साक्ष्य जब्त कर लिए गए। आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। एसीबी ने बताया कि आरोपी को विशेष न्यायालय, जगदलपुर में पेश किया जाएगा। इस कार्रवाई के बाद पूरे सरकारी तंत्र में हड़कंप मच गया है।

### धर्मग्रंथों के प्रचार के साथ धर्म विशेष की सभाओं पर भी रोक लगाने की मांग

**जगदलपुर, 31 अक्टूबर ।** नानगुर क्षेत्र में धर्म विशेष की सभा पर रोक लगाने की मांग को लेकर विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल व सर्व आदिवासी समाज ने संयुक्त रूप से कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में उन्होंने नानगुर क्षेत्र में प्रस्तावित धर्म विशेष के धर्मग्रंथ की प्रचार-प्रसार सभा पर तत्काल प्रतिबंध लगाने की मांग की है।उन्होंने कहा कि पूरे बस्तर में पेसा कानून लागू है, जिसके तहत बिना ग्रामसभा की अनुमति के किसी भी बाहरी धार्मिक या प्रचारात्मक आयोजन पर कानूनन प्रतिबंधित है। ग्रामसभा ने पूर्व में देवी-देवताओं की आस्था और स्थानीय परंपराओं की रक्षा करने ऐसे आयोजनों का विरोध किया था।

### बस्तर की सुदूर बसाहटें अब मुख्यधारा से जुड़ीं

**जगदलपुर, 31 अक्टूबर ।** शासन की आदिवासी बहुल इलाकों में बारहमासी आवागमन सुविधा उपलब्ध कराने की कटिबद्धता के फलस्वरूप बस्तर जिले के दूरस्थ क्षेत्रों के आदिवासी बसाहटें, जहां बरसात में कीचड़ और सूखे में धूल ही रास्ता हुआ करती थी, अब प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) की बदौलत पक्की, चैड़ी और मजबूत सड़कों के द्वारा शहरों से जुड़ चुकी हैं। वर्ष 2000-01 से शुरू हुई इस यात्रा में अब तक डामरीकृत, सीमेंट कांक्रीट और नवोन्मेषी तकनीकों से कुल 2388.24 किलोमीटर लंबी सड़कों का निर्माण पूरा हो चुका है, जिस पर 856 करोड़ 80 लाख रुपये से अधिक की राशि व्यय हुई है। ये सड़कें सिर्फ चलने की राह नहीं, बल्कि जिंदगियों को जोड़ने वाली जीवनरेखाएं हैं। जिले में वामपंथी उग्रवाद से सबसे अधिक प्रभावित दरभा, बास्तानार, लोहंडीगुड़ा जैसे विकासखंडों में बनी इन सड़कों ने 1420 बसाहटों को पहली बार शहरों से सीधा संपर्क दिया।

# साढ़े 4 लाख के गांजा समेत दो अंतरराज्यीय तस्कर गिरफ्तार

**जगदलपुर,31 अक्टूबर।** बस्तर जिले की नगरनार थाना पुलिस ने चेकिंग के दौरानउत्तर प्रदेश के दो अंतरराज्यीय गांजा तस्करों के कब्जे से 46 किलो गांजा जब्त किया है। बरामद गांजे का बाजार मूल्य साढ़े 4 लाख रूपए आंका गया है। इस सिलसिले में एक सेंट्रो कार समेत दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया है।

एसपी शलभ सिंहा ने बताया कि जरिये मुखबीर सूचना मिली कि दो व्यक्ति एक सफेद रंग की हुंडई सेंट्रो कार क्रं0 T-08-T-6189 में अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा लोडकर उड़ीसा राज्य से धनपुंजी के रास्ते जगदलपुर की ओर परिवहन कर रहे हैं। सूचना पर पुलिस टीम के द्वारा ग्राम धनपुंजी फारेस्ट नाका पर नाकाबंदी कर आने जाने वाले वाहनों की चेकिंग की जा रही थी। चेकिंग के दौरान सफेद रंग की हुंडई सेंट्रो कार क्रं0 च08T6189 आती दिखाई दी, जिसे रोककर चेक किया गया। चालक का नाम पता पूछने पर अपना नाम मोहम्मद शोएब बिजनौर उ0प्र0 तथा बगल सीट पर बैठे व्यक्ति ने अपना नाम मुर्शीद मेरठ



उ0प्र0 का रहने वाला बताया। मौके पर आरोपीयों की हुंडई सेंट्रो कार क्रं0 च-08-T-6189 की तलाशी लेने पर कुल 60 पैकेट जुमला वजन 46.375 किलोग्राम मादक पदार्थ गांजा बरामद हुआ, जिसकी कीमत 4,60,000/ रूपये है।

# विद्युत मंडल के रवैए से जनता नाराज

**तिल्दा नेवरा,31 अक्टूबर।** विद्युत मंडल के रवैया से आम विद्युत उपभोक्ता परेशान है इस का मुख्य कारण है विद्युत मीटर की आजकल रीडिंग लेने में ढिलाई बरत रहे है और आम जनता की जेब से ढाका डाला जा रहा है तिल्दा नेवरा शहरी श्रेत्र के विद्युत उपभोक्ता ने अनाप शनाप बिल मोबाइल में बिना मीटर रीडिंग के भेजा जा रहा है इस कारण विभाग के खिलाफ ओर सरकार के खिलाफ जन आक्रोश दिख रहा है उपभोक्ताओं ने बताया कि कई बार शिकायत करने के पश्चात भी ठेकेदारों द्वारा रीडिंग नहीं लेना समझ से परे है कुछ उपभोक्ता तो अब बिल जमा भी बंद कर दिए है उपभोक्ताओं ने बताया कि हर माह ऑफिस में बैठे बैठ ही रीडिंग नोट कर ली जाती है और उपभोक्ताओं को मोबाइल में बिल अदा करने मेसेज भेज दिया जाता है जो गलत गए है। जबकि विद्युत उपभोक्ताओं के मीटर में रीडिंग नहीं की जाती एक ओर बढ़ती मंहगाई तो दूसरी ओर विद्युत मंडल की इस तरह की कारवाही से हर उपभोक्ता दुखी है नगर ओर ग्रामीण विद्युत मंडल के आम उपभोक्ताओं ने विद्युत मंडल के मीटर रीडिंग ठेके दार के फर्जी वादे की जांच की मांग की है अगर समय रहते इस ओर ध्यान नहीं दिया तो विभाग के खिलाफ आम उपभोक्ता एक जुट होकर विरोध प्रदर्शन करेंगे।

# बेजा टिप्पणी के विरोध में सिंधी समाज ने थाने में ज्ञापन सौंपा




**तिल्दा नेवरा, 31 अक्टूबर।** जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अमित बघेल द्वारा सिंधी समाज के आराध्य वरुण देव साईं झूलेलाल के प्रति की गई आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में गुरुवार दोपहर सिंधी समाज तिल्दा नेवरा ने थाना तिल्दा में पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। समाज ने इसे धार्मिक भावनाओं पर आघात बताते हुए तत्काल स्न्रद्धक्रदर्ज करने और कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की। दोपहर 2:00 बजे सिंधी समाज तिल्दा के अध्यक्ष शमनलाल खूबचंदानी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में समाजजन थाना पहुंचे। समाजजनों ने कहा कि ऐसी भाषा और टिप्पणियाँ न केवल सिंधी समाज बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ की सामाजिक और सांस्कृतिक एकता को कमजोर करती हैं।इस दौरान प्रमुख रूप से किशोर सेतपाल, राम पंजवानी, मोतीराम ज्ञानचंदानी, श्याम वाधवा, विकास सुखवानी, विकास कोटवानी, राजेश जेठवानी, राहुल तेजवानी, निखिल पोट्टानी, रवि निहिचालानी, दिनेश पंजवानी, विजु रूपरेला सहित समाज के वरिष्ठजन, पदाधिकारी एवं युवा बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।वहीं इस मौके पर पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष विकास सुखवानी ने कहा कि अमित बघेल जानबूझकर हिंदू समाज में फूट डालने और विवाद पैदा करने का काम कर रहा है। उन्होंने कहा जैसे महाभारत में शकुनि ने समाज और परिवार में कलह फैलाने की भूमिका निभाई थी, ठीक उसी तरह आज अमित बघेल हिंदुओं को आपस में लड़ाने की प्रवृत्ति दिखा रहा है। धर्म और समाज के सम्मान पर सिंधी समाज किसी भी प्रकार का समझौता नहीं करेगा। थाना प्रभारी ने ज्ञापन प्राप्त कर आवश्यक विधिक कार्रवाई करने का भरोसा दिलाया तथा समाज से शांति बनाए रखने की अपील की। समाज ने कहा कि यदि जल्द कार्यवाही नहीं हुई तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।

# बस्तर की महिलाओं को सशक्त बनाएगा ग्रोथ सेंटरः विजय शर्मा

**जगदलपुर, 31 अक्टूबर।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री एवं बस्तर जिले के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा ने गुरुवार को तुरेनार के ग्रामीण औद्योगिक केंद्र में संचालित ग्रोथ सेंटर का भ्रमण कर बस्तर की प्राकृतिक संपदा को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का संकल्प लिया। यहां महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा किए जा रहे उत्पादों के प्रसंस्करण का जायजा लेते हुए उन्होंने कहा कि मूल्य संवर्धन हमारा मूल उद्देश्य है। इस ग्रोथ सेंटर से महिलाओं के लिए रोजगार के नए द्वार खुलेंगे और स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। बस्तर के उत्पादों को बाजार में बेहतर कीमत दिलाकर हम ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाएंगे। उप मुख्यमंत्री शर्मा ने ग्रोथ सेंटर में चल रही गतिविधियों का बारीकी से निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने बताया कि वर्तमान में हल्दी, मिर्च और धनिया का प्रसंस्करण हो रहा है, जबकि जल्द ही तिखुर का प्रसंस्करण किया जाएगा और साथ



बेलमेटल के उत्पाद तैयार किए जाएंगे। महिला समूह की सदस्यों से सीधी बातचीत में उप मुख्यमंत्री ने मसालों की खरीदी, प्रसंस्करण तथा बिक्री प्रक्रिया की जानकारी ली और उनकी मेहनत की सराहना की। उन्होंने जोर देकर कहा कि बस्तर में प्रचुरता से उपलब्ध उत्पादों के प्रसंस्करण पर कार्य करें, ताकि आय अधिक हो और स्थानीय अर्थव्यवस्था को नई दिशा मिल सके। भविष्य की योजनाओं को गति देते हुए उन्होंने इमली प्रसंस्करण इकाई जल्द स्थापित करने के निर्देश दिए। साथ ही स्व-सहायता समूहों को इमली का बीज निकालने की मशीन उपलब्ध करवाने कहा। तिखुर उपलब्ध क्षेत्रों की मैपिंग करें और महिला समूहों से संग्रहण करवाकर यहां प्रसंस्करण व पैकेजिंग सुनिश्चित करें। इसके अलावा, महिला समूहों के लिए कोल्ड स्टोरेज बनाने और महुआ से लड्डू, कुकीज, काजू एवं रागी प्रीमिक्स तथा अन्य उत्पाद तैयार करने की दिशा में तत्काल कदम उठाने के निर्देश दिए। ये पहल न केवल उत्पादों को बाजार में ऊंची कीमत दिलाएंगी, बल्कि ग्रामीण महिलाओं को घर बैठे रोजगार प्रदान करेंगी, जिससे बस्तर की महिलाएं आर्थिक रूप से मजबूत होंगी। इस मौके पर पूर्व विधायक डा. सुभाऊ कश्यप, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रतीक जैन सहित, जनपद सीईओ अमित भाटिया और क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन जिला कार्यक्रम प्रबंधक, पीडब्ल्यूसी टीम व अन्य कर्मचारी और महिला स्व-सहायता समूह के सदस्य मौजूद रहे। इस मौके पर स्व-सहायता समूहों की महिलाओं ने ग्रोथ सेंटर में तैयार मसाले और अन्य उत्पाद उप मुख्यमंत्री को भेंट किया।

# ओडिशा राज्य समिति का प्रेस वक्तव्य नक्सलियों के पराजय की स्वीकृति :सुंदरराज पी.

**जगदलपुर, 31 अक्टूबर ।** बस्तर आईजी सुंदरराज पी. ने बताया कि हमारे संज्ञान में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) ओडिशा राज्य समिति द्वारा 29 अक्टूबर 2025 को जारी किया गया एक तथाकथित प्रेस वक्तव्य आया है। इस वक्तव्य की प्रामाणिकता और मौलिकता की जांच की जा रही है। यदि यह माना जाए कि यह वक्तव्य वास्तव में किसी माओवादी केंद्रीय समिति सदस्य द्वारा जारी किया गया है, तो प्रथम दृष्ट्या यह ताकत का संदेश नहीं, बल्कि पराजय की स्वीकृति है। इसके अतिरिक्त, यह वक्तव्य दो महत्वपूर्ण तथ्यों को स्पष्ट रूप से उजागर करता है। पहला और सबसे महत्वपूर्ण, यह वक्तव्य माओवादी संगठन के भीतर बढ़ती निराशा और गहरी आंतरिक संकट को उजागर करता है।

उन्होंने कहा कि हाल ही में पोलित ब्यूरो सदस्य सोनू तथा केंद्रीय समिति के सदस्य सतीश उर्फ रूपेश, चंद्रन्ना आदि के आत्मसमर्पण के बाद माओवादी नेतृत्व विचलित हो चुका है। अपनी साख बचाने के प्रयास में संगठन झूठे प्रचार, मनगढ़ंत दावों और खोखले नारों का सहारा ले रहा है। ये खोखले शब्द अब इस अटल सत्य को नहीं छिपा सकते हैं कि माओवादी संगठन पूरी तरह अव्यवस्था, नैतिक पतन और रणनीतिक असहायता की स्थिति में है, तथा सभी प्रभावित राज्यों में घिर चुका है।

बस्तर आईजी सुंदरराज पी. ने कहा कि तथाकथित ÷क्रांतिकारी आंदोलन अब एक खोखले खोल के रूप में उजागर हो चुका है, जिसे उसके अपने ही कैडर्स छोड़ चुके हैं, और जिन समुदायों का वह वर्षों तक शोषण करता रहा, उन्होंने भी उसे अस्वीकार कर दिया है। बस्तर तथा आसपास के क्षेत्रों में वरिष्ठ माओवादी नेताओं सहित लगातार हो रहे बड़े पैमाने पर आत्मसमर्पण इस स्पष्ट और अपरिवर्तनीय प्रवृत्ति को दर्शाते हैं। उन्होने कहा कि हिंसा और विनाश की विचारधारा अब अप्रासंगिक हो चुकी है। शांतिपथ चुनने वाले माओवादी कैडर्स को ÷देशद्रोही÷ कहने का माओवादी नेतृत्व का प्रयास उसकी गहरी असुरक्षा और असहायता को ही दर्शाता है। आत्ममंथन करने के बजाय वे अब भी गरीब और निर्दोष ग्रामीणों को झूठ और भय के माध्यम से गुमराह कर रहे हैं। उन्होने कहा कि दूसरे, यदि यह वक्तव्य वास्तव में प्रामाणिक है, तो यह भी स्पष्ट रूप से दिखाता है कि देवजी अब बचे-खुचे और बिखरे हुए माओवादी संगठन में भी कोई वास्तविक अधिकार नहीं रखते। यह इस तथ्य को प्रमाणित करता है कि माओवादी नेतृत्व पहले से कहीं अधिक दिशाहीन और नेतृत्वविहीन हो चुका है। हम माओवादी संगठन के भीतर हो रहे प्रत्येक घटनाक्रम पर निगरानी बनाए हुए हैं। यह बिल्कुल स्पष्ट कर दिया जाए मिशन 2026 के अंतर्गत माओवादी संगठन के बचे हुए कैडर्स एवं नेटवर्क को पूरी तरह ध्वस्त करने और क्षेत्र में शांति व सामान्य स्थिति को पूर्णतः बहाल करने के लिए हम संकल्पित है। हम माओवादी संगठन की शेष भ्रमित कैडर्स से अपील करते हैं कि वे हिंसा का मार्ग त्यागकर विकास और सम्मान की मुख्यधारा में शामिल हों । खोखले नारों का समय समाप्त हो चुका है; बस्तर और देश की जनता ने अब रक्तपात नहीं, बल्कि शांति, प्रगति और समृद्धि का मार्ग चुन लिया है।

# बस्तर के दो लाख गरीब हितग्राही चना से वंचित

## राशन दुकानों के चक्कर काट-काट कर थक गए पर अब तक नहीं मिला

**जगदलपुर।** अंत्योदय एवं प्राथमिकता वाले परिवारों को मिलने वाला मुफ्त चना वितरण पिछले तीन माह से नहीं मिल पाने के कारण उपभोक्ताओं में जबरदस्त नाराजगी देखने को मिल रही है। पात्र उपभोक्ताओं का कहना है कि चना वितरण में लगातार देरी की जा रही है। बस्तर जिले में इस योजना से कुल 1 लाख 91 हजार 394 परिवार शामिल हैं, जिसमें 1,45,113 बीपीएल कार्डधारी परिवार और 46281 अनत्योदय कार्डधारी परिवार है, जिन्हें प्रति माह करीब 382 टन से अधिक चना वितरण किया जाता है।

राज्य शासन द्वारा जनवरी 2013 से अंत्योदय एवं प्राथमिकता श्रेणी के परिवारों को 5 रुपए प्रति किलोग्राम की दर से प्रति माह 2 किलोग्राम चना उपलब्ध कराया जा रहा है। यह योजना गरीब परिवारों की पोषण संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने के उद्देश्य से प्रारंभ की गई थी, लेकिन वितरण व्यवस्था में आई रुकावटों से लाभार्थियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। राशन विक्रेताओं का कहना हमारे पास पिछले तीन माह से चना का कोई स्टॉक नहीं आया है। उपभोक्ताओं की शिकायत सही है। हमने कई बार खाद्य विभाग को जानकारी दी है, लेकिन जब तक जिला स्तर पर आबंटन नहीं होगा, हम वितरण नहीं कर सकते।खाद्य विभाग के अधिकारियों का कहना है कि आपूर्ति प्रक्रिया और परिवहन संबंधी देरी के कारण चना वितरण प्रभावित हुआ है। विभाग का दावा है कि अगले सप्ताह तक सभी ब्लाकों को आबंटन जारी कर दिया जाएगा, जिससे नवंबर माह से वितरण पुन- प्रारंभ हो जाएगा। खाद्य नियंत्रक अधिकारी घनश्याम राठौर ने इस मामले पर बताया कि वितरण चना का स्टाक खत्म हो गया है, स्टेट से आबंटन प्राप्त होने के उपरांत सभी उपभोक्ताओं को चना वितरण किया जाएगा।

### ट्रक ने बाइक को टक्कर मारी एक की मौत, दो घायल

**जगदलपुर,31 अक्टूबर ।** कोड़ेनार थाना क्षेत्र के बास्तानार में बीती रात एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक सवार तीन युवकों को टक्कर मार दी। इस घटना में 3 युवक घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए मेकाज लाया गया, जहां एक युवक की मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने अस्पताल में हंगामा भी किया, जिसके बाद मौके पर आई पुलिस ने मामले को शांत कराया। वहीं शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया हैमामला इस प्रकार है कि दिनेश दास मानिकपुरी 20 वर्ष निवासी दंतेश्वरी वार्ड अपने 2 अन्य दोस्त संदीप राय व जय कश्यप के साथ बाइक पर सवार होकर सुबह 10 बजे निकला था। रात को परिजनों को सूचना मिली कि दिनेश की बाइक का एक्सीडेंट हो गया है, जिसमें तीनों घायल हो गए हैं, जिन्हें उपचार के लिए मेकाज लाया गया। जहां उपचार के दौरान दिनेश की मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने वार्ड में जमकर हंगामा किया। इस घटना की जानकारी वार्ड के स्टाफ ने अस्पताल चौकी को दी। जहां देर रात को मामला शांत कराया गया, घटना के बाद गुरुवार की सुबह शव का पोस्टमार्टम करवाया गया।

### पुलिस मुखबिरी के संदेह में ग्रामीणों की हत्या में शामिल 7 नक्सली गिरफ्तार

**बीजापुर।** नक्सलियों के खिलाफ शासन द्वारा चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत सीआरपीएफ, कोबरा एवं डीएफ की संयुक्त कार्रवाई के दौरान अलग-अलग जगहों से संयुक्त बल ने 7 नक्सलियों को गिरफ्तार किया है।पहले मामले में उसूर थाना क्षेत्र अंतर्गत पुजारीकांकेर निवासी भीमा मड़कम की माओवादियों ने पुलिस मुखबिरी के आरोप में टंगिया एवं चाकू से निर्मम हत्या कर दी थी। संयुक्त टीम द्वारा की गई कार्यवाही में घटना में शामिल 5 माओवादियों को गिरफ्तार किया गया, जिनमें रेंगा पिड़्गा उर्फ गुंडम नेलाकांकेर संघम सदस्य उम्र 30 वर्ष निवासी नेलाकांकेर पटेलपारा, हड़मा काका नेलाकांकेर संघम सदस्य, उम्र 45 वर्ष निवासी नेलाकांकेर, शंकर एसम उर्फ गोलेम नेलाकांकेर भूमकाल मिलिशिया डिप्टी कमांडर, उम्र 30 वर्ष, निवासी नेलाकांकेर पटेलपारा, मड़कम बुधरा गुंजेपर्ती संघम सदस्य उम्र 26 वर्ष, निवासी गुंजेपर्ती नदीपारा, सोढ़ी अंदा गुंजेपर्ती संघम सदस्य उम्र 33 वर्ष निवासी गुंजेपर्ती नदीपारा शामिल हैं।

## समाचार संक्षेप

### गुल्लापेंटा पंचायत में फटी पाइपलाइन से बह गया भरोसा, सूखे नलों को ताकते रह गए ग्रामीण



**भोपालपटनम।** गुल्लापेंटा पंचायत की गलियों में जिन नलों से कभी पानी की धार बहने की उम्मीद थी, आज वहां सूखे पाइपों और कीचड़ भरे रास्तों का मंजर है। नल-जल योजना जो ग्रामीणों की जिंदगी में राहत और सुविधा का प्रतीक बननी थी, अब घटिया पाइपलाइन और ठेकेदार की लापरवाही के कारण असफल हो चुकी है। सरकार के रिकॉर्ड में यह योजना पूर्ण दिखाई देती है, लेकिन जमीनी हकीकत इसके ठीक उलट है।

### तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने बच्ची को अपनी चपेट में लिया, मौके पर हुई मौत

**नारायणपुर, 31 अक्टूबर ।** जिले के सोनपुर मार्ग पर मुरियापारा एवं नगरपालिका कार्यालय के मोड़ पर आज गुरूवार को एक तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने सड़क पर खेल रही एक ढाई साल कि बच्ची नमिता को अपनी चपेट में लिया, इस घटना में बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई, अचानक हुए इस हादसे से आस-पास अफरा तफरी मच गई, वहीं पिकअप चालक मौके से फरार हो गया।मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने तत्काल घटना स्थल से बच्ची को उपचार के लिए जिला अस्पताल नारायणपुर पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने बच्ची को मृत घोषित कर दिया। नारायणपुर पुलिस ने भी मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से फरार वाहन मालिक की पतासाजी कर दुग्गा ट्रांसपोर्ट की वाहन क्रमांक सीजी 21 जे 1196 को बरामद कर अपने कब्जे में लिया, दोषी वाहन चालक अभी भी फरार बताया जा रहा है । नारायणपुर पुलिस ने बच्ची के शव का पोस्टमार्टम के बाद कार्यवाही उपरांत शव परिजनों को सौंप दियाहै।

### एक लाख की इनामी महिला सहित 3 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण



**कोंड़ागांव, 31 अक्टूबर ।** छत्तीसगढ़ के कोंड़ागांव पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आज गुरूवार को नक्सली संगठन में सक्रिय 3 नक्सली सदस्य 1. सिरबत्ती उर्फ बत्ती कोर्राम 2. जगत राम पिता सुकरू राम, 3. लच्छन पिता मंगडू ने कोंड़ागांव एसपी पंकज चन्द्रा के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया है।कोंड़ागांव पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आत्मसमर्पित महिला नक्सली पूर्वी बस्तर डिवीजन अंतर्गत सप्लाई टीम सदस्या तथा शेष दोनों पुरूष नक्सली मातला व किसकोड़ो क्षेत्र में डीएकेएमएस सदस्य के रूप में सक्रिय थे। आत्मसमर्पित नक्सलियों पर पुलिस सर्चिंग पार्टी पर फायरिंग करने, ईरागांव एवं आमाबेड़ा साप्ताहिक बाजार में पुलिस मुखबिरी के शक में 2 ग्रामीण की हत्या करने की वारदात में तथा मतदान केन्द्र क्र 87 ग्राम बंडापाल गये मतदान दल के सदस्यों को डरा-धमका कर मतदान सामग्री लूट की वारदात में शामिल थे।आत्मसमर्पित तीनों नक्सलियों को छ.ग. शासन की नवीन आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति-2025 के तहत प्रोत्साहन राशि 50-50 हजार रूपये प्रदाय किया गया। इसके अतिरिक्त शासन की पुनर्वास नीति के तहत अन्य सुविधाएं प्रदाय की जाएंगी। आत्मसमर्पण के दौरान नीतीन्द्र नाथ, द्वितीय कमाण्ड अधिकारी, 188वीं वाहिनी सीआरपीएफ, राजेश कुमार, द्वितीय कमाण्ड अधिकारी, 12वीं वाहिनी अधीक्षक ऑप्स एवं अन्य उपस्थित रहे ।

# नक्सलियों का बनाया 15 फीट ऊंचा स्मारक ध्वस्त



**बीजापुर, 31 अक्टूबर ।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के तर्रेम थाना क्षेत्र में डीआरजी, तर्रेम थाना बल, सीआरपीएफ की 153वीं और 168वीं बटालियन की संयुक्त टीम द्वारा चलाए गए एरिया डॉमिनेशन अभियान के दौरान आज गुरूवार को ग्राम गोटुमपल्ली के घने जंगलों में नक्सलियों द्वारा निर्मित 15 फीट ऊंचे स्मारक को ध्वस्त कर दिया गया है। नक्सलियों ने इस स्मारक का निर्माण अपने मारे गए नक्सली साथियों की याद में ग्रामीणों पर दबाव डालकर करवाया था। सुरक्षाबलों ने मौके पर ही विस्फोटक एवं अन्य उपकरणों की सहायता से स्मारक को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया।इस अभियान में शामिल सुरक्षा अधिकारियों के अनुसार, नक्सली ऐसे स्मारकों का उपयोग ग्रामीणों में भय फैलाने और अपने संगठन का प्रचार करने के लिए करते हैं। पुलिस का मानना है कि इस कार्रवाई से नक्सलियों के मनोबल पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा है, और ग्रामीणों का सुरक्षाबलों पर विश्वास बढ़ा है। अधिकारियों ने बताया कि दुर्गम भौगोलिक परिस्थितियों और सघन जंगलों के बावजूद सुरक्षा बलों ने अत्यंत सतर्कता और साहस के साथ इस अभियान को सफलतापूर्वक पूरा किया। अभियान में शामिल सभी जवान सुरक्षित वापस लौटे। पुलिस विभाग ने स्पष्ट किया है कि नक्सलियों के खिलाफ ऐसे अभियान लगातार जारी रहेंगे। इन कार्रवाइयों का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र को नक्सली प्रभाव से मुक्त करना और स्थानीय ग्रामीणों के बीच सुरक्षा तथा विश्वास की भावना को मजबूत करना है।

# मतदाताओं की सुविधा के लिए जिला एवं तहसील स्तर पर हेल्प डेस्क में अधिकारी-कर्मचारियों की लगाई ड्यूटी

**कांकेर 31 अक्टूबर ।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रायपुर के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर द्वारा मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2026 के दौरान मतदाताओं की सुविधा के लिए जिला एवं तहसील स्तर पर मतदाता हेल्प डेस्क एवं आईटी डेस्क में अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

कलेक्टर श्री क्षीरसागर ने मतदाताओं की सुविधा के लिए जिला स्तर पर स्थापित मतदाता हेल्प डेस्क के लिए प्राचार्य एवं डीएलएमटी श्री टी.एस. ठाकुर एवं आईटी डेस्क हेतु डोमेन्द्र कुमार ठाकुर की ड्यूटी लगाई है। इसी प्रकार तहसील स्तर पर स्थापित अंतागढ़ के मतदाता हेल्प डेस्क में शिक्षक एवं बीएलओ सुपरवाइजर अरूण रामटेके और आईटी डेस्क में सहायक ग्रेड-02 शैलेन्द्र गंजीर, पखांजूर तहसील हेतु शिक्षक एवं बीएलओ सुपरवाइजर अरूण कुमार रावटे तथा आईटी डेस्क में सहायक ग्रेड-03 मृदुल अधिकारी, दुर्गूकोंदल के लिए शिक्षक एवं बीएलओ शिक्षक एवं बीएलओ सुपरवाइजर मनीष गौतम तथा आईटी डेस्क में सहायक ग्रेड-03 नारद नायक, चारामा हेतु शिक्षक एवं बीएलओ सुपरवाइजर के.आर. सिन्हा और आईटी डेस्क में सहायक ग्रेड-03 लेवाराम टेकाम की ड्यूटी लगाई गई है। भानुप्रतापपुर तहसील के लिए शिक्षक एवं बीएलओ सुपरवाइजर नुमेश सोनी एवं आईटी डेस्क में डाटा एंट्री ऑपरेटर श्रीमती लल्ली मलिया, कांकेर तहसील के लिए बीएलओ सुपरवाइजर उपेन्द्र ध्रुव और आईटी डेस्क में सहायक ग्रेड-02 स्वारूप सोनकर की ड्यूटी लगाई गई है।

### अधिकारी-कर्मचारियों ने ली राष्ट्रीय एकता की शपथ

**कांकेर 31 अक्टूबर ।** सरदार वल्लभभाई पटेल के जन्म दिवस 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर जिले के अधिकारी-कर्मचारियों ने राष्ट्रीय एकता की शपथ ली। कलेक्टोरेट में आज पूर्वान्ह 10.30 बजे अपर कलेक्टर श्री जितेन्द्र कुर्रे ने अधिकारी-कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई।

# एक नजर

## बिहान योजना से बदली जिंदगी श्यामबाई बनीं लखपति दीदी

**रायपुर, 31 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ में महिलाओं को आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में निरंतर आगे बढ़ाने वाली बिहान योजना अनेक महिलाओं के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन ला रही है। इसी योजना के अंतर्गत बलरामपुर जिले के वाड्रफनगर विकासखंड के ग्राम पंचायत गोवर्धनपुर की निवासी श्रीमती श्यामबाई आज 'लखपति दीदी' बनकर नई प्रेरणा का स्रोत बनी हैं। पहले आर्थिक तंगी और पारिवारिक जिम्मेदारियों से घिरी श्रीमती श्यामबाई के परिवार में स्थायी आय का कोई साधन नहीं था। कठिन परिस्थितियों में ही उन्हें छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) के बारे में जानकारी मिली और उन्होंने इससे जुड़ने का निर्णय लिया। बिहान योजना से जुड़ने के बाद श्रीमती श्यामबाई ने किराना दुकान शुरू की। उनके परिश्रम और दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ योजना द्वारा मिली सहायता के परिणामस्वरूप दुकान की आय बढ़ती गई। धीरे-धीरे परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई और आज उनकी वार्षिक बचत लगभग 1 लाख 10 हजार रुपए तक पहुँच गई है। इस उपलब्धि के लिए वे प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी तथा मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय को धन्यवाद देते हुए कहती हैं कि शासन द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाएं महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने का अवसर देती हैं। हमें इन योजनाओं का लाभ उठाकर अपने जीवन को बेहतर बनाना चाहिए। बिहान योजना महिलाओं को आर्थिक सुरक्षा, स्वरोजगार और सामाजिक आत्मविश्वास प्रदान कर उन्हें समाज में सशक्त भूमिका निभाने का अवसर दे रही है। श्यामबाई की सफलता अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणादायक उदाहरण बन चुकी है।

## अच्छी और मानक गुणवत्ता वाली दवाएं की उपलब्धता के लिए की जा रही है जांच और निगरानी

**रायपुर, 31 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेज कॉरपोरेशन लिमिटेड ने राज्य में दवाओं की गुणवत्ता को लेकर अपनी सतर्कता दिखाते हुए लगातार ठोस कदम उठा रहा है। इसी क्रम में राज्य औषधि भंडार, कवर्धा में की गई नियमित जांच के दौरान ओफ्लैक्सासीन + ओर्निडजोल टैबलेट (ड्रग कोड - SP1978) की कुछ टैबलेट्स को लेकर शिकायतें मिली। जानकारी मिलते ही CGMSC ने तुरंत कार्रवाई करते हुए इन बैचों की सप्लाई रोक दी है। सभी जिला भंडारों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने स्टॉक की जांच करें और रिपोर्ट प्रस्तुत करें। साथ ही, संबंधित दवाओं को री-टेस्टिंग (पुनः जांच) के लिए भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। सावधानी के तहत इन बैचों को क्वारंटाइन में रखा गया है और किसी भी सरकारी अस्पताल या स्वास्थ्य संस्था में इनकी आपूर्ति फिलहाल बंद कर दी गई है। जब तक जांच रिपोर्ट नहीं आ जाती, इन दवाओं के उपयोग पर रोक रहेगी। CGMSC ने कहा है कि मरीजों को केवल अच्छी और मानक गुणवत्ता वाली दवाएं ही उपलब्ध कराई जाएं, इसके लिए संस्था लगातार जांच और निगरानी कर रही है।

## एसआईआर : केवल 5-6 प्रतिशत मतदाताओं को ही दस्तावेज देने की होगी जरूरत

**रायपुर, 31 अक्टूबर।** विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया के दौरान छत्तीसगढ़ में विगत एसआईआर की मतदाता सूची वर्ष 2003 को आधार मानकर जो मिलान किया गया है उसमें बीएलओ द्वारा वर्तमान में केवल अपने मतदान केंद्र के मतदाताओं का मिलान किया गया है जो कि 71 प्रतिशत के करीब है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय, छत्तीसगढ़ के अधिकारियों ने बताया कि वर्ष 2003 के बाद से आज पर्यंत कई मतदाता अन्यत्र शिफ्ट हुए हैं, मतदान केन्द्रों का परिसीमन भी हुआ है। एन्यूमरेशन फेज में बीएलओ द्वारा मतदाताओं के घर-घर सर्वे के दौरान यह मिलान प्रतिशत 10-15 प्रतिशत और बढ़ जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि छत्तीसगढ़ की मतदाता सूची में लगभग 50 प्रतिशत महिलाएं हैं। वर्ष 2003 के एसआईआर के बाद विवाहित महिलाएं अपने तत्कालीन मतदान केंद्र से अन्यत्र स्थानांतरित हुई हैं। बीएलओ द्वारा घर-घर एन्यूमरेशन फेज में 15 से 20 प्रतिशत और महिला मतदाताओं का मिलान किया जा सकेगा। इस प्रकार मिलान का कुल प्रतिशत 71 प्रतिशत से बढ़कर 94-95 प्रतिशत हो जाएगा और केवल शेष बचे मतदाताओं से ही दस्तावेज लेने की आवश्यकता होगी। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा एसआईआर के दौरान विभिन्न नवाचारों के माध्यम से मतदाताओं को सुविधा प्रदान करने का लगातार प्रयास किया जा रहा है।

# छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव:1 से 5 नवम्बर तक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति

**रायपुर, 31 अक्टूबर। छत्तीसगढ़** राज्य की स्थापना के रजत महोत्सव में देश एवं प्रदेश के प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी। एक नवम्बर से 5 नवम्बर तक मुख्यमंच के अलावा शिल्पग्राम मंच पर भी विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। राज्योत्सव में इस बार छत्तीसगढ़ के लोकप्रिय कलाकारों के साथ ही देश के जाने-माने कलाकार, श्री हंशराज रघुवंशी, श्री आदित्य नारायण, श्री अंकित तिवारी, श्री कैलाश खेर, सुश्री भूमि त्रिवेदी अपनी शानदार प्रस्तुति देंगे।

राज्योत्सव के शुभारंभ अवसर पर नवा रायपुर के डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी वाणिज्य एवं व्यापार परिसर में बनाये गए मुख्यमंच से सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरूआत सुबह 11 बजे सुश्री ऐश्वर्या पंडित के गायन से होगी। इसके बाद श्री पीसी लाल यादव, सुश्री आरू साहू, श्री दुष्यंत हरमुख, श्रीमती निर्मला ठाकुर तथा शाम 8 बजे राष्ट्रीय कलाकार श्री हंशराज रघुवंशी की प्रस्तुति होगी। इसी प्रकार 2 नवम्बर को सुप्रसिद्ध पार्श्व गायक श्री आदित्य नारायण प्रमुख आकर्षण के केन्द्र होंगे। उनके द्वारा गीतों की प्रस्तुति रात्रि 9 बजे से दी जाएगी। इस दिन सांस्कृति कार्यक्रमों की शुरूआत शाम 6.30 बजे से होगी। सबसे पहले श्री सुनील तिवारी, सुश्री जयश्री नायर चिन्हारी द गर्ल बैंड, पद्मश्री डोमार सिंह कंवर नाचा दल का कार्यक्रम होगा।

इसी प्रकार 3 नवम्बर को पार्श्व गायिका सुश्री भूमि त्रिवेदी रात्रि 9 बजे से प्रस्तुति देंगी। इस दिन सांस्कृति संध्या में शाम 6 बजे से पद्मश्री उषा बारले पण्डवानी, श्री राकेश शर्मा सूफी-भजन गायन, श्री कुलेश्वर ताम्रकार लोकमंच की प्रस्तुति होगी तथा 4 नवम्बर को रात्रि 9 बजे पार्श्व गायक श्री अंकित तिवारी प्रस्तुति देंगे। इस दिन शाम 6 बजे कला केन्द्र रायपुर बैण्ड, श्रीमती रेखा देवार की लोकगीत, श्री प्रकाश अवस्थी की प्रस्तुति होगी। इसी प्रकार 5 नवम्बर को रात्रि 9 बजे पार्श्व गायक श्री कैलाश खेर अपनी प्रस्तुति देंगे। सांस्कृतिक संध्या में शाम 6 बजे से श्रीमती पूनम विराट तिवारी, इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ का कार्यक्रम होगा।

**शिल्पग्राम मंच की प्रस्तुतियां:** शिल्पग्राम मंच में 1 नवम्बर को श्री मोहम्मद अनस पियानो वादन, श्रीमती बासंती वैष्णव द्वारा कत्थक, सुश्री रमादत्त जोशी और श्रीमती सोनाली सेन का गायन, सुश्री स्वीटी पगारिया कत्थक, श्री मंगलूराम यादव की बांसगीत, सुश्री चारूलता देशमुख भारत नाट्य, श्री दुष्यंत द्विवेदी की पण्डवानी, श्री लोकेश साहू की भजन, श्रीमती बॉबी मंडल की लोक संगीत तथा श्री चन्द्रभूषण वर्मा लोकमंच की प्रस्तुति होगी।

2 नवम्बर को श्रीमती रेखा जलक्षत्रीय की भरथरी, श्री ईकबाल ओबेराय की म्यूजिक ग्रुप, श्री बसंतबीर उपाध्याय मानस बैंड, संश्री दीपाली पाण्डेय की कत्थक, श्री लिलेश्वर सिंहा की लोक संगीत, सुश्री अंविता विश्वकर्मा भारतनाट्यम, सुश्री आशिका सिंघल कत्थक, श्री प्रांजल राजपूत भरथरी, सुश्री प्रसिद्धि सिंहा कत्थक, श्री जीवनदास मानिकपुरी लोकमंच एवं श्री जितेन्द्र कुमार साहू सोनहा बादर की प्रस्तुति होगी।

3 नवम्बर को श्री सुरेश ठाकुर भजन, डॉ. आरती सिंह कत्थक, श्रीमती राखी राय भरतनाट्यम, श्री पुसउराम बंजारे पण्डवानी, सुश्री इशिका गिरी कत्थक, श्री गिरवर सिंह ध्रुव भुंजिया नृत्य, सुश्री राधिका शर्मा कत्थक, श्रीमती शांतिबाई चेलक पण्डवानी, श्री दुष्यंतकुमार दुबे सुआ नृत्य, श्रीमती गंगाबाई मानिकपुरी पण्डवानी, सुश्री संगीता कापसे शास्त्रीय नृत्य, श्री महेन्द्र चौहान की चौहान एव बैंड तथा श्री घनश्याम महानंद फ्यूजन बैंड की प्रस्तुति होगी। 4 नवम्बर को सुश्री भुमिसूता मिश्रा ओडिसी, श्री चैतुराम तारक नाचा दल, सुश्री आशना दिल्लीवार कत्थक, सुश्री पुष्पा साहू लोक संगीत, श्री महेन्द्र चौहान पण्डवानी, सुश्री प्रिति गोस्वामी कत्थक, सुश्री पृथा मिश्रा शास्त्रीय गायन, श्री महेश साहू लोकमंच, श्री विजय चंद्राकर लोक संगीत तथा श्री तिलक राजा साहू लोकधारा की प्रस्तुति होगी। 5 नवम्बर को सुश्री दुर्गा साहू पण्डवानी, सुश्री डाली थरवानी कत्थक, श्री संजय नारंग लोकसंगती, सुश्री सारिका शर्मा कत्थक, सुश्री महेश्वरी सिंहा लोकमंच, श्री चंद्रशेखर चकोर की लोक नाट्य, श्री नीतिन अग्रवाल लोकसंगीत, श्री द्वारिकाप्रसाद साहू की डंडा नृत्य, सुश्री महुआ मजुमदार की लोकसंगीत तथा श्री नरेन्द्र जलक्षत्रीय लोकसंगीत की प्रस्तुति देंगे।

### कन्हैया लाल गुप्ता बने सौर ऊर्जा से आत्मनिर्भर, बिजली बिल में आई कमी

# पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना से ग्रामीण अंचलों में फैल रहा है उजाला

**रायपुर, 31 अक्टूबर।** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा आरंभ की गई प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना अब सुदूर ग्रामीण अंचलों में भी उजाला और समृद्धि की नई किरण बनकर पहुँच रही है। सुकमा जिले के तोंगपाल निवासी श्री कन्हैया लाल गुप्ता का घर अब सौर ऊर्जा से जगमगा रहा है। श्री गुप्ता ने अपने घर की छत पर 3 किलोवाट की सौर ऊर्जा प्रणाली स्थापित की है। इस सोलर यूनिट के लगने से उनके मासिक बिजली बिल में भारी कमी आई है। पहले उन्हें हर महीने लगभग 1600 रूपए से 1700 रूपए तक का बिल भरना पड़ता था, जो अब घटकर मात्र 400 रूपए से 500 रूपए रह गया है। यह सोलर इंस्टॉलेशन छत्तीसगढ़ इनोवेशन कंपनी के माध्यम से किया गया। श्री गुप्ता ने बताया कि उन्हें



इस योजना की जानकारी समाचार पत्रों से मिली। जानकारी प्राप्त करने के बाद उन्होंने स्थानीय विद्युत कार्यालय से संपर्क कर आवेदन किया। योजना के अंतर्गत उन्हें बैंक से ऋण की सुविधा और सरकार की ओर से 78,000 रूपए की सब्सिडी प्राप्त हुई, जिससे सोलर यूनिट स्थापित करने में बड़ी मदद मिली। उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा यह योजना आम जनता के लिए आर्थिक रूप से अत्यंत लाभकारी है और ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है।

### सब्सिडी का आकर्षक प्रावधान: तीन स्तरों पर लाभ

प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत नागरिकों को केंद्र और राज्य सरकार दोनों की ओर से आकर्षक सब्सिडी का लाभ प्रदान किया जा रहा है। एक किलोवाट क्षमता वाले सोलर प्लांट पर केंद्र सरकार की ओर से 30,000 रूपए और राज्य सरकार की ओर से 15,000 रूपए, इस प्रकार कुल 45,000 रूपए की सब्सिडी दी जा रही है। दो किलोवाट सोलर यूनिट लगाने पर लाभ बढ़कर 90,000 रूपए तक पहुंच जाता है, जिसमें 60,000 रूपए केंद्र और 30,000 रूपए राज्य का योगदान शामिल है। वहीं तीन किलोवाट क्षमता के सोलर संयंत्र पर केंद्र सरकार 78,000 रूपए और राज्य सरकार 30,000 रूपए कुल मिलाकर 1,08,000 रूपए की सहायता प्रदान कर रही है।

# सोलर पैनल से चंदा को मिल रही मुफ्त बिजली



**रायपुर, 31 अक्टूबर।** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में शुरू की गई प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना ऊर्जा आत्मनिर्भरता की नई मिसाल बन रही है। इस योजना के अंतर्गत आमजन न केवल बिजली के उपभोक्ता बन रहे हैं बल्कि उत्पादन कर आत्मनिर्भर भी हो रहे हैं। ऐसा ही उदाहरण बलरामपुर-रामानुजगंज जिले की नगर पंचायत राजपुर निवासी श्रीमती चन्दा सोनी ने प्रस्तुत किया है। उन्होंने अपने घर की छत पर 3 किलोवाट क्षमता का सोलर पैनल स्थापित कराया है, जिससे उनके घर में बिना किसी रुकावट के निर्बाध बिजली उपलब्ध हो रही है। योजना की जानकारी मिलते ही श्रीमती सोनी ने आवेदन किया। तत्पश्चात बिजली विभाग की टीम ने उनके घर में सोलर पैनल की स्थापना की। इस प्रक्रिया के बाद केंद्र सरकार द्वारा प्रदत्त 78 हजार रुपए की अनुदान राशि सीधे उनके बैंक खाते में जमा कर दी गई, जिससे आर्थिक भार काफी कम हो गया। श्रीमती सोनी ने बताया कि सोलर पैनल लगाने में कुल लगभग 2 लाख10 हजार रुपए खर्च हुए, लेकिन सरकारी अनुदान के चलते उनका वास्तविक निवेश काफी कम रह गया। आज उनके घर के सभी विद्युत उपकरण सुचारू रूप से चल रहे हैं और बिजली बिल लगभग समाप्त हो गया है।उन्होंने बताया कि एक बार के निवेश से आजीवन रोशनी और बचत यही सूर्यघर योजना का लाभ है।इसके साथ ही वे अपने आसपास के लोगों को भी योजना का लाभ उठाने के लिए प्रेरित कर रही हैं, ताकि अधिक से अधिक परिवार आत्मनिर्भर बन सकें। प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में स्वच्छ ऊर्जा, बचत और सतत विकास को बढ़ावा दे रही है, जिससे आमजन को वास्तविक लाभ मिल रहा है और देश ऊर्जा आत्मनिर्भरता की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा है।

## भारत की बेटियों ने रचा नया इतिहास: महिला क्रिकेट टीम विश्वकप के फाइनल में पहुँची

**रायपुर, 31 अक्टूबर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा कि जब हर गेंद पर उम्मीदें डगमगा रही थीं, तब भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने अपने अदम्य साहस, संयम और जुनून से पूरे खेल का रुख ही बदल दिया। महिला क्रिकेट विश्वकप के सेमीफाइनल मुकाबले में टीम इंडिया ने ऑस्ट्रेलिया को हराकर वह कर दिखाया जिसकी प्रतीक्षा पूरे देश को थी। उन्होंने कहा कि टीम इंडिया की यह ऐतिहासिक उपलब्धि न केवल भारतीय क्रिकेट के लिए, बल्कि देश की हर बेटी के आत्मविश्वास, संघर्ष और प्रतिबद्धता के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी। इन खिलाड़ियों ने यह साबित किया है कि असली खिलाड़ी वही होता है जो मुश्किल परिस्थितियों में भी हार नहीं मानता और अपने जज़्बे से इतिहास लिख देता है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने टीम इंडिया को इस शानदार उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहा कि यह जीत देश के हर नागरिक के लिए गर्व का क्षण है। हमारी बेटियों ने साहस और अनुशासन से विश्व पटल पर भारत का परचम फहराया है। फाइनल मुकाबले में हम सबकी शुभकामनाएँ उनके साथ हैं। उन्होंने कहा कि आज भारत की बेटियाँ विश्वकप के फाइनल में पहुँचकर पूरे राष्ट्र का सिर गर्व से ऊँचा कर चुकी हैं। यह केवल खेल नहीं, बल्कि 'नए भारत की नारी शक्ति' का उज्जवल प्रतीक है।

## प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना से संबंधित शिकायतों एवं समस्याओं के निराकरण के लिए नवीन टोल फ्री हेल्प लाइन नंबर 1515 जारी

**राजनांदगांव 31 अक्टूबर।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के नवीन पात्र हितग्राहियों को योजना का लाभ दिलाने के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है। भारत सरकार द्वारा नवीन पात्र हितग्राहियों एवं आवेदकों से प्राप्त शिकायतों के सुगम निवारण के लिए नवीन टोल फ्री हेल्प लाईन नंबर 1515 जारी किया गया है। हितग्राही नवीन टोल फ्री हेल्प लाईन नम्बर के माध्यम से अपनी शिकायतों व समस्याओं का समाधान आसानी से प्राप्त कर सकते है। नवीन टोल फ्री हेल्प लाईन नम्बर की सभी सुविधाए पूर्व में जारी हेल्प लाईन नम्बर के अनुसार ही होगी। नवीन हेल्प लाईन नम्बर 1515 का व्यापक प्रचार-प्रचार किया जा रहा है, ताकि शिकायतों का प्रभावी निराकरण कर अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों को योजना का लाभ दियाया जा सके। इससे पूर्व प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के लिए टोल फ्री नम्बर 14408 जारी किया गया था।

उल्लेखनीय है कि भारत सरकार की प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना केन्द्र एक महत्वकांक्षी योजना है। जिसका उद्देश्य गर्भवती महिलाओं एवं स्तनपान कराने वाली माताओं के स्वास्थ्य में सुधार एवं मजदूरी के क्षति के एवज में नकद राशि के रूप में आंशिक क्षतिपूर्ति प्रदान करना है। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना से जिले की पात्र गर्भवती एवं शिशुवती महिलाएं लाभांवित हो रही है। योजना के तहत पात्र महिला को पहले बच्चें के जन्म पर 2 किस्तों में, गर्भावस्था के पंजीयन पर एवं 6 महिने के भीतर एक बार प्रसव पूर्व जांच कराये जाने पर पहली किस्त के रूप में 3000 रूपए एवं दूसरी किस्त के रूप में 2000 रूपए बच्चें के जन्म के पंजीकरण तथा बीसीजी, पोलियो, डीटीपी एवं हिपेटाइसिस बी या इसके समानांतर प्रथम चक्र का टीका लगाये जाने के बाद प्रदान की जाती है। वही दूसरी संतान बालिका होने पर एकमुश्त 6000 रूपए की राशि प्रदान की जाती है। योजना का लाभ लेने महिला का बैंक खाता आधार सिडिंग होना आवश्यक है।

### पेयजल आपूर्ति में किसी भी प्रकार का व्यावधान उत्पन्न न हो इस के लिए निगम जल विभाग का अमला कार्य कर रहा

# फिल्टर प्लांट का संचालन तीनों पाली में किया जा रहा

**राजनांदगांव 31 अक्टूबर।** शहर की जनता को पर्याप्त शुद्ध पेयजल प्राप्त हो सके इसके लिये नगर निगम राजनांदागांव सतत् प्रयासरत रहता है। पेयजल में किसी भी प्रकार का व्यावधान उत्पन्न न हो इस हेतु निगम जल विभाग का अमला सतत् कार्य कर रहा है। जल विभाग के अमला द्वारा 10,17 एवं 27 एमएलडी फिल्टर प्लांट का तीनो पाली में 24 घण्टे संचालित किया जा रहा है। प्रतिदिन अमला द्वारा मोहारा प्लांट में रॉ-वाटर, क्लीयर वाटर का परीक्षण एवं क्लोरिन टेस्ट भी करते है। साथ ही शिवनाथ नदी मोहारा का जल स्तर का भी प्रतिदिन पर्यवेक्षण किया जा रहा है। वर्तमान में मोहारा शिवनाथ नदी एनीकट में पर्याप्त मात्रा में रॉ वाटर उपलब्ध है।



महापौर श्री मधुसूदन यादव एवं आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा के निर्देश पर साफ पेयजल सप्लाई के लिए वर्तमान में फिल्टर प्लांट के समस्त जल संयंत्रों के फिल्टर बेड, चैनल, एरियेशन टैंक आदि की सफाई की जा रही है। समय समय पर उच्च स्तरीय जलागार (टंकिया) की सफाई की जाती है। साथ ही प्लांट परिसर के छोटी व कटिली झाडिया की कटाई कर साफ सफाई की जा रही है। सुचारू पेयजल सप्लाई के लिए नगर निगम के अधिकारी कर्मचारी प्लांट की सत्त मानिटरिंग करते है तथा प्रतिदिन पेयजल सप्लाई के लिए प्रक्रिया की जॉच कर रहे है। इसके अलावा जल शुद्धीकरण के लिए सभी आवश्यक सामाग्री फिटकिरी, ब्लीचिं, क्लोरिन गैस टर्नर तथा अन्य आवश्यक सामाग्री पर्याप्त मात्रा में रखा जा रहा है। नागरिकों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने फिटकिरी का पर्याप्त मात्रा में भण्डारण रखा गया है। नगर निगम नागरिकों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने सत्त प्रयासरत् रहता है और इसके लिए प्रतिदिन गंभीरता से कार्य किया जा रहा है।

## मोर मकान-मोर आस योजनान्तर्गत आवास आबंटन

**राजनांदगांव 31 अक्टूबर।** प्रधानमंत्री आवास योजना के घटक मोर मकान मोर आस इसके अंतर्गत मात्र किफायती दरों में आवास के लागत मूल्य पर वर्षों से किरायेदारों के रूप में निवासरत परिवारों का अब सपना साकार हो रहा है, उन्हें स्वयं का अपना पक्का आवास योजनांतर्गत मिल रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजनान्तर्गत नगर निगम सीमाक्षेत्र में सुन्दर सुविधायुक्त 1340 बहु मंजिला आवास लखोली, पेण्ड्री,मोहारा, रेवाड़ीह आदि स्थानों में पूर्ण रूप से निर्मित किया है, एवं 590 आवास विभिन्न स्तरो पर निर्माणाधीन है। उक्त आवासों को मोर मकान मोर आस योजना के तहत शासन द्वारा निर्धारित किए गए दरों पर नियमानुसार आबंटित किया जा रहा है। आवास आबंटित करने नगर निगम द्वारा प्रक्रिया की जा रही है। पूर्व में 217 पात्र आवेदको को आवास का आबंटन किया गया। परियोजना अनुरूप राशि जमा करने पर आवेदकों को लॉटरी में सम्मिलित कर दिनांक 31 अक्टूबर 2025 दिन षुक्रवार को दोपहर 3:30 बजे निगम सभागृह में लॉटरी के माध्यम से आवास आबंटित किये जायेंगें। आवास आबंटन के संबंध में नगर निगम आयुक्त श्री अतुल विष्वकर्मा ने बताया कि मोर मकान मोर आस योजनान्तर्गत वर्षो से किराये में निवासरत् परिवारो को आवास उपलब्ध कराया जा रहा है। जिसके लिए नगर निगम द्वारा आवेदन आमंत्रित किया गया हैं। दावा आपत्ति उपरांत पूर्व की सूची के 822 पात्र आवेदक में से परियोजना अनुरूप राशि जमा करने के उपरांत लॉटरी के माध्यम से 31 अक्टूबर को आवास का आबंटन किया जायेगा। उन्होने बताया कि योजनान्तर्गत जिन परियोजनाओं में आवास निर्माण कार्य पूर्ण किये जा चुके है अर्थात ऐसे आवास जो हितग्राहियों को आबंटन हेतु पूर्ण रूप से तैयार है उन आवासों में हितग्राहियों को हितग्राही अंशदान की राशि एकमुष्त अग्रिम जमा करनी होगी। आयुक्त श्री विष्वकर्मा ने बताया कि वे आवास जो अभी निर्माणाधीन है उन निर्माणाधीन आवास के लिए लॉटरी के पूर्व निर्धारित प्रति आवास मूल्य का 10 प्रतिशत एवं षेश राशि 10 माह में किस्तों के रूप में देनी होगी।

# समाचार संक्षेप

## दलाल के चंगुल से छूटे 18 मजदूर

**रायपुर, 31 अक्टूबर।** बीजापुर जिले के 18 ग्रामीणों को अधिक मजदूरी और अच्छे काम का झांसा देकर एक दलाल सीनू श्रीनिवास तेलंगाना राज्य ले गया था। इनमें ग्राम कड़ेनार के 11 और ग्राम घुमरा के 7 मजदूर शामिल थे। यह घटना अगस्त माह की है। दलाल के चंगुल से इन 18 मजदूरों को छुड़ाया गया है द्य मिली जानकारी के अनुसार, श्रमिक मनोज ताती ने बताया कि पहले इन मजदूरों से तेलंगाना के करीमनगर में काम कराया गया, फिर दलाल ने उन्हें महाराष्ट्र के नांदेड़ भेज दिया। इसके बाद वही दलाल सभी मजदूरों को कर्नाटक राज्य के बागलकोट जिले के बिगड़ी गांव (जानमट्टी) में एक साहूकार के पास काम पर लगा गया। बताया गया कि दलाल ने मजदूरों को 5 लाख रुपये में साहूकार को सौंप दिया था। मजदूरों को मेहनताना नहीं दिया गया और दलाल मौके से फरार हो गया। मजदूर वापस छत्तीसगढ़ लौटना चाहते थे, लेकिन साहूकार उन्हें छोड़ नहीं रहा था। घटना की जानकारी मिलते ही जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक बीजापुर ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक संयुक्त रेस्क्यू टीम बनाई।

## कार प्रेमियों के लिए खुशखबरी: परफॉर्मेंस और स्टाइल का स्मार्ट अनुभव लेकर आ रही है नई स्कोडा ऑक्टेविया आरएस

**रायपुर 31 अक्टूबर।** यदि आप कार के शौकीन हैं और परफॉर्मेंस, स्टाइल और स्मार्ट टेक्नोलॉजी का पूरा अनुभव चाहते हैं, तो बिल्कुल नई स्कोडा ऑक्टेविया आरएस आपके लिए है। यह कार सिर्फ ड्राइविंग का मज़ा नहीं देती, बल्कि स्टाइल, सुरक्षा और स्मार्ट टेक्नोलॉजी का पूरा पैकेज भी पेश करती है। प्री-बुकिंग शुरू होते ही केवल 20 मिनट में बुक हो जाना इस कार की लोकप्रियता और ग्राहकों की उत्सुकता को दर्शाता है। ग्राहकों के लिए 6 नवंबर से डिलीवरी शुरू हो जाएगी। ऑक्टेविया आरएस में 2.0 टीएसआई टर्बोचार्ज्ड इंजन है, जो 265 पीएस और 370 एनएम टॉर्क देता है। 0-100 किमी/घंटा सिर्फ6.4 सेकंड में पकड़ना इसे ड्राइविंग प्रेमियों के लिए रोमांचक बनाता है। एडवांस्ड एडीएएस फीचर्स, 10 एयरबैग, हेड-अप डिस्प्ले और 360ए कैमरा ड्राइविंग को मज़ेदार और सुरक्षित बनाते हैं। स्कोडा ऑटो इंडिया के ब्रैंड डायरेक्टर आशीष गुप्ता ने कहा, ÷ऑक्टेविया आरएस को कमाल की प्रतिक्रिया मिली है। इस शानदार मॉडल ने पूरे भारत में ड्राइविंग के शौकीनों के जुनून को सचमुच जगा दिया है, और ऑक्टेविया आरएस की दुनिया भर में पहचान को और मज़बूत किया है। भारत में स्कोडा ऑटो के 25 उल्लेखनीय वर्षों का जश्न मनाते हुए, विश्वस्तरीय कारें उपलब्ध कराने की हमारी प्रतिबद्धता पहले से कहीं अधिक मजबूत है। आरएस बैज केवल परफॉर्मेंस तक सीमित नहीं है। यह स्कोडा ब्रांड के साथ हमारे ग्राहकों के भावनात्मक जुड़ाव और विश्वास को दिखाता है।




## बिस्मथ-एल्युमीनियम एलॉय बनेगा उद्योगों के लिए नई ताकत

**रायपुर 31 अक्टूबर।** धातु विज्ञान में नयापन और टिकाऊपन अब सिर्फ बड़ी प्रयोगशालाओं तक ही सीमित नहीं रहा। वेदांता एल्युमीनियम ने एक ऐसा पेटेंटेड बिस्मथ-एल्युमीनियम एलॉय विकसित किया है, जो पारंपरिक एलॉय से कहीं अधिक मजबूत, टिकाऊ और मशीनिंग के अनुकूल है। अब उद्योग अपने उत्पादों में बेहतर प्रदर्शन और लंबी उम्र वाले पार्ट्स इस्तेमाल कर सकेंगे। वेदांता एल्युमीनियम के सीईओ, राजीव कुमार ने कहा, नवाचार और स्थिरता वेदांता एल्युमीनियम के अनुसंधान एवं विकास प्रयासों का मुख्य हिस्सा हैं। ये हमें ऐसे समाधान बनाने के लिए प्रेरित करते हैं, जो हमारे पर्यावरणीय लक्ष्य आगे बढ़ाएँ और विश्व-स्तरीय नई उत्पाद उपलब्ध कराएँ। यह पेटेंट हमारे प्रयासों को मान्यता देता है कि हम सामग्री विज्ञान में नई सीमाएँ तय कर रहे हैं और हर स्टेज पर स्थिरता को शामिल कर रहे हैं। बिस्मथ-एल्युमीनियम एलॉय जिम्मेदार निर्माण का भविष्य दर्शाता है। यह नया एलॉय खासकर ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स और टेक्सटाइल उद्योगों के लिए तैयार किया गया है। ग्राहकों और उद्योगों को फायदा यह है कि अब वे अपने प्रोडक्शन में तेज़ और भरोसेमंद मशीनिंग कर पाएँगे।


**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव, (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. 202510092100013
अ/6 वर्ष 2024-25

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक श्याम अग्रवाल पिता श्री दीपक कुमार अग्रवाल जाति अग्रवाल निवासी नरसिंग् वार्ड नं. 12 डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव छ.ग. द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि आवेदक व अनावेदकगण का नाम व पता उपरोक्तनुसार हैं। यह कि आवेदक व अनावेदकगण के नाम से नरसिंग वार्ड नं. 12 डोंगरगढ़ में शीट क्र. 06 में भूखंड क्र. 1626/1 (ए). 1626/2 (ए) कुल क्षेत्रफल 1669'6 वर्गफुट भूमि स्थित हैं। उक्त भूमि में वर्तमान में संयुक्त रूप से आवेदक व अनावेदकगण का नाम दर्ज होने के कारण आवेदक अनावेदकगण को शासन की योजनाओं का लाभ प्राप्त नहीं हो पा रहा है। बंटवारानामा अनुसार खाता विभाजन किये जाने का निवेदन किया गया है।

अतएव उक्त भूमि के नामांतरण किये जाने में किसी को कोई दावा, उजर आपत्ति हो तो वह पेशी दिनांक 07/11/2025 तक स्वयं उपस्थित होकर इस न्यायालय में मेरे समक्ष पेश कर सकते हैं, नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 16/10/2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
डोंगरगढ़ (छ.ग)

**न्यायालय तहसीलदार दुर्ग मामले की श्रेणी: राजस्व**

**संदर्भ:- जिला- दुर्ग तहसील- दुर्ग प.ह.नं.-00038 पोटियाकला ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक- CG-2025 16-111-1-2801**

**ईश्तहार**

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00038 के अंतर्गत ग्राम पोटियाकला के वर्तमान भूमिस्वामी के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक वनीता वर्ली पिता/पति- डॉ.ए.वाय.सेमुअलपता- दुर्ग 146/45 (0.0420) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता विभा दीपिका जेम्स पिता/पति-अरविन्द यशवंत सेमुअल पता-दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 06/11/2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी। उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते हैं। प्रकरण की सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 16/10/2025 को जारी किया जाता है।

मुहर

तहसीलदार
Prafull Kumar Gupta
तहसील दुर्ग

## एक नजर

### जीएसटी आयुक्त से ई-वे बिल नियमों में सुधार की माँग

**रायपुर 31 अक्टूबर।** देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड (भारत सरकार) के सदस्य श्री अमर पारवानी, छ.ग. इकाई के चेयरमेन श्री जितेन्द्र दोशी, श्री विक्रम सिंहदेव, छ.ग. इकाई के अध्यक्ष श्री परमानंद जैन, महामंत्री श्री सुरेन्द्र सिंह एवं कोषाध्यक्ष श्री अजय अग्रवाल ने बताया कि कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड (भारत सरकार) के सदस्य श्री अमर पारवानी के नेतृत्व में यह प्रतिनिधि मंडल ने ने आज छत्तीसगढ़ शासन के जीएसटी आयुक्त श्री पुष्पेंद्र कुमार मीणा से सौजन्य मुलाकात कर ई-वे बिल नियमों में आवश्यक एवं व्यावहारिक सुधारों की माँग को लेकर पत्र सौंपा। कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड (भारत सरकार) के सदस्य श्री अमर पारवानी ने बताया कि ज्ञापन में ईज ऑफडुइंग बिज़नेस की भावना के अनुरूप छत्तीसगढ़ के व्यापारियों एवं उद्योगपतियों की ओर से दो प्रमुख माँगें रखी गई है। एक ही जिले के भीतर माल परिवहन पर ई-वे बिल से पूर्ण छूट दी जाए। आवश्यक वस्तुएँ जैसे पुस्तकें, नोटबुक, शैक्षणिक सामग्री, ताज़ा फ्ल-सब्जियाँ, डेयरी उत्पाद, खाद्य सामग्री, चिकित्सा उपकरण, कृषि निवेश व उपकरण आदि पर राज्य में परिवहन पर ई-वे बिल से पूर्ण छूट दिया जाएँ।

### नए विधानसभा भवन के नामकरण को लेकर सियासत गरमाई

**रायपुर 31 अक्टूबर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक नवंबर को नवा रायपुर स्थित छत्तीसगढ़ के विधानसभा भवन का लोकार्पण करेंगे, लेकिन उससे पहले ही नए विधानसभा भवन के नामकरण को लेकर राजनीति गरमा गई है. जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ ने मिनीमाता का नाम विधानसभा भवन उद्घाटन के आमंत्रण पत्र पर न होने पर कड़ा विरोध जताया है. जनता कांग्रेस के अध्यक्ष अमित जोगी ने आमंत्रण पत्र को जलाकर नाराजगी व्यक्त की है. अमित जोगी ने प्रेसवार्ता कर आरोप लगाया है कि संघ और भाजपा छत्तीसगढ़ के पुरखों की उपेक्षा कर रही है. कांग्रेस सरकार में तत्कालीन मुख्यमंत्री अजीत जोगी ने विधानसभा भवन का नाम मिनीमाता के नाम पर किया था, लेकिन आमंत्रण पत्र में इसका जिक्र ही नहीं है. अगर मिनीमाता के नाम को बदला जाता है तो इस साजिश के खिलाफ बड़ा आंदोलन होगा।

### ईब व्यपवर्तन योजना के कार्यो के लिए 37 करोड़ स्वीकृत

**रायपुर 31 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ शासन जल संसाधन विभाग द्वारा जशपुर जिले के विकासखण्ड-कुनकुरी की ईब व्यपवर्तन योजना के मरम्मत और जीर्णोद्धार कार्य हेतु 37 करोड़ 9 लाख 63 हजार रूपए स्वीकृत किए गए है। योजना के प्रस्तावित कार्यों के पूरा हो जाने पर योजना की रूपांकित सिंचाई 3323 हेक्टेयर के विरूद्ध 1453 हेक्टेयर की हो रही कमी की पूर्ति सहित पूर्ण रूपांकित क्षेत्र में सिंचाई की सुविधा उपलब्ध होगी। जल संसाधन विभाग मंत्रालय महानदी भवन से सिंचाई योजना के कार्यों को पूर्ण कराने मुख्य अभियंता हसदेव गंगा कछार जल संसाधन विभाग अंबिकापुर को प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है।

## निधन

### नीरा दुबे

**रायपुर 31 अक्टूबर।** ग्राम डिघारी ( टेकारी ) निवासी 76 वर्षीया श्रीमती नीरा दुबे का बीती रात आकस्मिक निधन हो गया । वह शिक्षा विभाग से सेवानिवृत स्वर्गीय कमलेश दुबे की पत्नी , आशीष शर्मा ( मिंटू ) , मनीषा शर्मा ( रायपुर ) व अमिता तिवारी ( धमतरी ) की माता , स्वर्गीय लखनलाल तिवारी - स्वर्गीय कांति तिवारी (सलधा ) की पुत्री थी। मोहरेंगा निवासी स्वर्गीय लखन लाल शुक्ला ( पंडरभट्ठा ) की बेटी नातिन थी। अंतिम संस्कार पूर्वाह्न 11 बजे डिघारी मुक्तिधाम में किया गया ।



### सलीम अंसारी

**रायपुर 31 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ के जाने माने कलाकार व अभिनेता रहे सलीम अंसारी की निधन की दुखद खबर सामने आ रही है, उनके निधन की खबर से पुरे छॉलीवुड इंडस्ट्री में शोक की लहर है. सलीम अंसारी ने छत्तीसगढ़ी फिल्मों में अपनी अलग पहचान बनाई थी और कई यादगार किरदार निभाए थे। उनके निधन की खबर से कलाकारों और प्रशंसकों ने सोशल मीडिया पर दुख व्यक्त किया है।

राष्ट्रीय एकता दिवस पर मुख्यमंत्री ने सरदार पटेल की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

# विविधता में एकता ही भारत की असली ताकतः मुख्यमंत्री साय

**रायपुर ,31 अक्टूबर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर आज राजधानी रायपुर के देवेंद्र नगर स्थित सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल केवल स्वतंत्रता सेनानी ही नहीं, बल्कि वे राष्ट्र को एक सूत्र में पिरोने वाले ऐसे युगपुरुष थे जिन्होंने अपने अदम्य साहस और दृढ़ निष्ठा से देश की रियासतों का एकीकरण कर अखंड भारत की नींव रखी।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने स्कूली बच्चों, जनप्रतिनिधियों और आमजनों के साथ राजधानी रायपुर के शास्त्री चौक से शारदा चौक तक आयोजित 'एकता दौड़' में शामिल होकर 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' का संदेश दिया।



मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि सरदार पटेल को उनकी दूरदृष्टि और अद्भुत नेतृत्व क्षमता के कारण ही 'भारत का लौह पुरुष' कहा जाता है। राष्ट्र को एकजुट करने के उनके प्रयास आने वाली पीढ़ियों के लिए सदैव प्रेरणास्रोत बने रहेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के आह्वान पर आज पूरे देश में 'रन फॉर यूनिटी' का आयोजन किया जा रहा है, जो राष्ट्रीय एकता और अखंडता का प्रतीक है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि भारत विविधताओं से परिपूर्ण देश है, और 'विविधता में एकता' की भावना हमारी सबसे बड़ी शक्ति है। उन्होंने कार्यक्रम में शामिल सभी प्रतिभागियों के उत्साह और अनुशासन की सराहना करते हुए कहा कि उनका यह जोश सरदार पटेल के प्रति श्रद्धा और राष्ट्र के प्रति समर्पण का प्रतीक है।इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने सभी को प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा दिए गए 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के संकल्प को साकार करने का प्रण लेने का आह्वान किया और सभी को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री श्री जुएल ओराम, वन मंत्री श्री केदार कश्यप, विधायक श्री किरण देव, विधायक श्री पुरंदर मिश्रा तथा छत्तीसगढ़ लौह शिल्पकार विकास बोर्ड के अध्यक्ष श्री प्रफुल्ल विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी, जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री की केंद्रीय मंत्री ओराम से जनजातियों के विकास पर चर्चा



**रायपुर 31 अक्टूबर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री जुएल ओराम ने सौजन्य मुलाकात की। मुख्यमंत्री साय ने जुएल ओराम का छत्तीसगढ़ में स्वागत करते हुए उन्हें बस्तर आर्ट का प्रतीक चिन्ह व शॉल भेंट किया।

मुख्यमंत्री साय ने केंद्रीय मंत्री ओराम से छत्तीसगढ़ में जनजातियों के विकास से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। मुख्यमंत्री ने ओराम को राज्य में आदिवासी समुदाय के स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार सहित समग्र विकास के लिए किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने ओराम को बताया कि छत्तीसगढ़ की जनजातीय संस्कृति बहुत समृद्ध है, जिसके संरक्षण और संवर्धन की दिशा में सरकार द्वारा सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री ओराम ने राज्य में आदिवासी उत्थान की दिशा में किये जा रहे कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर आदिम जाति विकास मंत्री रामविचार नेताम, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप, विधायक किरण देव और पुरंदर मिश्रा उपस्थित थे।

## शंकराचार्य आश्रम में गुरु भक्तों ने मनाई आंवला नवमीं

**रायपुर 31 अक्टूबर।** श्री शंकराचार्य आश्रम बोरियाकला रायपुर में चल रहे चातुर्मास्य के क्रम में आज धात्री नवमी के पुनीत पर्व पर आंवले का पूजन समस्त गुरु भक्तों ने मिलकर संपन्न किया। सर्वप्रथम भगवान विष्णु का विभिन्न द्रव्यों से अभिषेक किया गया तथा श्री सूक्त पुरुष सूक्त नारायण सूक्त से उनका पूजन किया गया विभिन्न प्रकार के फ्लों से अर्चन किया गया केला आंवला अमरूद वेर आदि रितु फ्लों से पूजन संपन्न हुई आंवले के वृक्ष को धागा से वेष्टित करके उसके मूल में जलाभिषेक किया गया। तत् पश्चात समस्त भक्तों ने भगवान नारायण की आरती का गायन किया और पुष्पांजलि की शंकराचार्य आश्रम के प्रभारी डॉ. स्वामी इन्दुभवानन्द महाराज ने बताया कि आंवले के वृक्ष के नीचे भोजन करने से अश्वमेध यज्ञ करने का पुण्य प्राप्त होता है। पूजन में विशेष रूप से एम. एल.पांडे सपरिवार आचार्य धर्मेंद्र महाराज आचार्य कोमल महाराज महेंद्र शास्त्री जी रामकुमार महाराज



हनुमान तिवारी अनिल दुबे अलका जी कविता जी अमृता जी राधे साहू खिलावन साहू भारत साहू नंदकिशोर देवांगन अशोक पांडे आदि गुरु भक्त सम्मिलित हुए सभी लोगों ने आंवले वृक्ष के नीचे भंडारे का भोजन भी किया।

## चंडी आश्रम में मनाया गया मातर महोत्सव

**रायपुर 31 अक्टूबर।** बेमेतरा जिले के नेवनारा स्थित जय चण्डी माँ व्यास ट्रस्ट समिति, चण्डी आश्रम परिसर में पारंपरिक मातर महोत्सव 2025 का आयोजन पूरे हर्षोल्लास और भक्ति भावना के साथ किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कल्पना योगेश तिवारी जी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं।

ग्रामवासियों ने ढोल-नगाड़ों की थाप पर नृत्य करते हुए पारंपरिक रीति-रिवाजों और लोकगीतों के साथ मातर पर्व को उल्लासपूर्वक मनाया। पूरा परिसर भक्ति और लोक-संस्कृति के रंगों में रंग गया।

यादव समाज हमारे प्रदेश की संस्कृति और परंपरा का गौरव है। यह समाज मेहनत, निष्ठा और गौ-सेवा के लिए जाना जाता है। मातर



महोत्सव जैसे आयोजन हमारी लोकपरंपरा को जीवंत रखते हैं और नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ते हैं।

सरकार ग्रामीण अंचलों की परंपराओं और लोक संस्कृतियों को जीवित रखने के लिए निरंतर प्रयासरत है। हमें भी अपनी परंपराओं को सहेजकर नई पीढ़ी तक पहुँचाने में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। ऐसे सामाजिक और सांस्कृतिक आयोजन समाज में भाईचारा, एकता और संस्कृति के संरक्षण का संदेश देते हैं।

कार्यक्रम में राउत नाचा, अखाड़ा प्रदर्शन, और माँ चण्डी देवी की आरती ने माहौल को पूर्णतः भक्तिमय बना दिया। बड़ी संख्या में श्रद्धालु, ग्रामवासी, सामाजिक कार्यकर्ता और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

समाज के पदाधिकारियों ने जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कल्पना योगेश तिवारी जी का शाल, श्रीफ्ल और पुष्पहार से आत्मीय स्वागत एवं सम्मान किया।

और भानु प्रताप साहू द्वारा अपने हाथों से बनाया गया सुंदर चित्र (फोटो फ्रेम) जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कल्पना योगेश तिवारी जी को भेंट किया गया। यह सम्मानजनक उपहार सच्चे सम्मान, स्नेह और श्रद्धा का प्रतीक रहा।

जिसमें शामिल हुए ग्राम युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकहरियां प्रहलाद अग्रवाल अध्यक्ष चण्डी मंदिर, लोकेश साहू सरपंच, नीरा राजकुमार लहरे उपसरपंच, श्री पोषण वर्मा पूर्व जिला पंचायत सदस्य,श्री जगन्नाथ तिवारी श्री मनोज तिवारी,श्री रामावतार साहू कोषाध्यक्ष, भकत्तूराम साहू सदस्य,श्री गंगाराम यदु ,सालिक राम साहू, डॉ दीपक साहू जी एवं ग्रामीण जन बाल दुर्गा उत्सव समिति सभी सदस्यगण,यादव व यदु परिवार।

## रायपुर में स्पा-सेंटर में 1.20 लाख की डकैती



**रायपुर 31 अक्टूबर।** न्यू राजेन्द्र नगर स्थित एक वेलनेस स्पा सेंटर में डकैती की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपियों में से तीन को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इन आरोपियों ने स्पा सेंटर के भीतर घुसकर 1.20 लाख रुपए कैश और ऑनलाइन माध्यम से पार कर लिए थे। जिसके बाद से पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही थी। मामला न्यू राजेन्द्र नगर थाना क्षेत्र का है। घटना 26 अक्टूबर की रात करीब 8 बजे की है। सन्नी मनवानी (36 साल) ने पुलिस को बताया कि करीब 8 आरोपियों उसके वैलनेस स्पा सेंटर में घुसकर उसे और उसके मैनेजर को बंधक बनाया फिर गल्ले से 20 हजार रुपए लूट लिए। इसके बाद दो आरोपियों ने उसे बाइक में बैठाकर एटीएम ले गए। जहां से 50 हजार रुपए निकलवाए और पेट्रोल पंप पर क्रेडिट कार्ड स्वाइप कर 50 हजार रुपए और लूट लिए। इस तरह कुल 1.20 लाख रुपए की डकैती की गई। आरोपी इतने शातिर थे कि फरार होने से पहले स्पा का DVR भी साथ ले गए ताकि सबूत न मिल सके। इस मामले में क्राइम ब्रांच और न्यू राजेन्द्र नगर थाना पुलिस ने मिलकर CCTV फुटेज, मोबाइल लोकेशन और मुखबिर की सूचना के आधार पर आरोपियों का पता लगाया। पुलिस ने 3 आरोपियों धनराज चौधरी ऊर्फ हनी, गुरविंदर सिंह, नवजोत सिंह भामरा को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने घटना में उपयोग मोटरसाइकिल और लूटी गई नगदी बरामद की है। तीनों को रिमांड पर जेल दाखिल कर दिया गया है। पुलिस का कहना है कि अन्य फरार आरोपियों की पहचान हो चुकी है, जिनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार दबिश दे रही है। उन्हें भी जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

## मेकाहारा के मेन गेट पर प्राइवेट एंबुलेंस चालकों की गुंडागर्दी

**रायपुर 31 अक्टूबर।** अंबेडकर अस्पताल में प्राइवेट एंबुलेंस संचालक दादागिरी पर उतर आए हैं। बुधवार देर रात मरीज के परिजन (अटेंडर) और कुछ एंबुलेंस संचालकों के बीच विवाद हो गया। विवाद मारपीट में बदल गया। इस दौरान एम्बुलेंस संचालकों ने मरीज के परिजनों से मारपीट शुरू कर दी। आनन-फानन में अस्पताल स्थित चौकी के पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे। साथ ही मौदहापारा थाने से भी पेट्रोलिंग गाड़ी पहुंची। तब जाकर मामला शांत हुआ। पुलिस के अनुसार, बलौदाबाजार निवासी कुछ अटेंडर अस्पताल के गेट नंबर-1 के पास चाय पी रहे थे। इस दौरान वहां मौजूद एंबुलेंस संचालक किसी बात को लेकर विवाद करने लगे और परिजनों से मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि संचालकों ने चाकू दिखाकर जान से मारने की धमकी भी दी। इसकी सूचना अस्पताल पुलिस चौकी और मौदहापारा थाने आई। आनन-फानन में पुलिस की टीम अस्पताल पहुंची। दोनों पक्षों को शांत कराया गया। अगले दिन दोनों पक्षों ने थाने में समझौता कर लिया। लेकिन सवाल यह है कि प्राइवेट एंबुलेंस संचालक किसकी अनुमति से अस्पताल में अपनी गाड़ी खड़ी करते हैं। क्या अस्पताल ने ऑथराइज्ड किया है? क्या अस्पताल से टाइअप है? इसका जवाब है



नहीं...।

अंबेडकर में मरीजों और उनके परिजनों को इलाज से पहले एंबुलेंस वालों की मनमानी से जूझना पड़ रहा है। अस्पताल के बाहर दर्जनों प्राइवेट एंबुलेंस और ऑटो रिक्शा चालक हर वक्त खड़े रहते हैं। इन पर न तो किसी तरह की निगरानी है और न ही तय दरें लागू होती हैं। भास्कर टीम ने मौके पर जाकर हालात देखे। एक एंबुलेंस चालक से जब केवल 3 किलोमीटर दूर किसी निजी अस्पताल तक मरीज ले जाने का किराया पूछा गया, तो उसने 500 रुपए मांगे।

वहीं धमतरी ले जाने की बात पर 4000 रुपए का रेट बताया। सूत्रों के अनुसार, अंबेडकर अस्पताल में कुछ एजेंट सक्रिय हैं। वे यहां आने वाले मरीजों को बेहतर इलाज देने के बहाने अपने निजी अस्पताल ले जाने के लिए सक्रिय रहते हैं। ये एजेंट अस्पताल में घूमते रहते हैं। किसी मरीज का परिजन परेशान घूमता है, तो यह उसे टार्गेट कर अपने बॉन्डेड अस्पताल में ले जाते हैं। उन्हें हर मरीज के पीछे निश्चित कमीशन मिलता है। भास्कर को सूचना मिली है कि अस्पताल में ऐसे 3 एजेंट सक्रिय हैं। कुछ एंबुलेंस अस्पताल में इन्हीं की खड़ी रहती है। अस्पताल में 4-6 लोगों की एंबुलेंस चल रही है। किसी की 1 किसी की 2 तो किसी की 3 एंबुलेंस यहां खड़ी रहती है। बीते दिनों इन्होंने एक संघ बनाया था। इसका नाम मेकाहारा एंबुलेंस संघ रखा था। जब इसकी जानकारी प्रबंधन को मिली तो प्रबंधन ने अपना नाम इस्तेमाल ना करने इन्हें चेतावनी दी थी। अस्पताल परिसर में किसी भी प्राइवेट संस्थान की एंबुलेंस खड़ी नहीं होती। इसके लिए सभी सुरक्षा गार्ड को निर्देशित किया गया है। पुलिस को सभी प्राइवेट एम्बुलेंस को गेट के पास से हटाने के लिए पुलिस को पत्र लिखा गया है।

## रायपुर में धरना-प्रदर्शन करने पर 500 रुपए शुल्क लगेगा

**रायपुर 31 अक्टूबर।** रायपुर में अब सार्वजनिक स्थानों पर धरना-प्रदर्शन या पंडाल लगाने के लिए शुल्क देना होगा। रायपुर नगर निगम ने नया नियम जारी करते हुए तय किया है कि धरना-प्रदर्शन के लिए 500 रुपए का शुल्क और पंडाल लगाने के लिए 5 रुपए प्रति वर्ग फुट की दर से राशि ली जाएगी। नया रायपुर स्थित तूता धरनास्थल पर पहले से ही प्रदर्शन पर रोक है। ऐसे में नगर निगम के इस फैसले का कई संगठनों और नेताओं ने विरोध किया है। उनका कहना है कि यह निर्णय जनता की आवाज दबाने की कोशिश है, ताकि लोग खुलकर विरोध न कर सकें।

महापौर मीनल चौबे ने बताया कि धरना-प्रदर्शन के दौरान नगर निगम को साफ़सफाई और अन्य व्यवस्थाओं पर खर्च करना पड़ता है, इसलिए शुल्क लागू किया गया है। उन्होंने कहा कि जब कोई प्रदर्शन होता है, तो नगर निगम को उसके मार्ग की जानकारी रखनी होती है और बाद में सफाई की जिम्मेदारी भी निभानी पड़ती है।

नगर निगम के इस फैसले का कई संगठनों ने विरोध किया है। उनका कहना है कि धरना-प्रदर्शन पर शुल्क लगाना लोकतंत्र की भावना के खिलाफ है संगठनों का आरोप है कि इस तरह के निर्णय से आम नागरिक अपनी बात सरकार



तक नहीं पहुंचा पाएंगे, जिससे उग्र आंदोलन की स्थिति

किसान नेता तेजराम विद्रोही ने कहा कि नगर निगम द्वारा धरना-प्रदर्शन पर शुल्क लागू करना लोकतंत्र की हत्या करने जैसा है। अगर जनता की आवाज को जबरन रोका गया, तो विरोध और तेज होगा। उन्होंने इस आदेश की कड़ी निंदा करते हुए इसे तुरंत वापस लेने की मांग की।

वर्तमान में रायपुर नगर निगम ने 500 रुपए का शुल्क तय किया है, लेकिन इस शुल्क को बढ़ाने का भी विचार किया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक, आने वाले दिनों में यह शुल्क 1000 रुपए तक बढ़ाया जा सकता है। इस प्रस्ताव को निगम की सामान्य सभा में सर्वसम्मति से पारित कर दिया गया है। फिलहाल नवा रायपुर के अटल नगर में धरना-प्रदर्शन पर अस्थायी रोक लगा दी गई है। यहां रखरखाव कार्य के कारण दो महीने तक कोई भी धरना-प्रदर्शन नहीं हो सकेगा। रायपुर कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने इस आदेश दिया है।

बस्तर का सम्मान | नए छत्तीसगढ़ की झलक देख प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हुए प्रभावित

## एकता परेड में छत्तीसगढ़ की झांकी ने दिखाया विकास का नया मॉडल

**रायपुर 31 अक्टूबर।** एकता नगर (गुजरात), 31 अक्टूबर 2025-गुजरात के एकता नगर में सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर आज आयोजित एकता परेड में इस वर्ष छत्तीसगढ़ की झांकी ÷बस्तर की धरती ङ्क संस्कृति, सृजन और प्रगति की गाथा÷ ने सभी का मन मोह लिया। यह झांकी छत्तीसगढ़ के जनजातीय जीवन, परंपराओं और विकास यात्रा का जीवंत प्रतीक बनकर उभरी।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने परेड में सम्मिलित सभी झांकियों का अवलोकन किया और विभिन्न राज्यों की सांस्कृतिक झलकियों की सराहना की। प्रधानमंत्री की उपस्थिति में प्रदर्शित छत्तीसगढ़ की झांकी ने अपने सौंदर्य, प्रतीकात्मकता और सशक्त संदेश से सबका ध्यान आकर्षित किया।

झांकी के अग्रभाग में पारंपरिक वेशभूषा में सजे माड़िया जनजाति के कलाकारों द्वारा प्रस्तुत गौर नृत्य ने बस्तर की आन-बान और सामूहिकता की भावना को सजीव कर दिया। उनके पास रखी पारंपरिक तुरही बस्तर के पर्वों की गूंज और लोक उल्लास की प्रतीक बनी। वहीं, नंदी का चित्रण बस्तर की गहरी लोक आस्था और शिव उपासना की परंपरा को अभिव्यक्त करता नजर आया।

झांकी के मध्य भाग में बस्तर के विकास और परिवर्तन की यात्रा को कलात्मक रूप में दर्शाया गया। कभी नक्सलवाद से प्रभावित यह क्षेत्र अब शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क और रोजगार के क्षेत्र में नई पहचान बना रहा है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की जन-कल्याणकारी योजनाओं और मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में बस्तर आज तेजी से बदलते भारत का प्रतीक बन चुका है। अब यहाँ बंदूक की नहीं, विकास की गूंज सुनाई देती है।

झांकी के अंतिम भाग में टोकरी लिए महिला की प्रतिमा बस्तर की स्त्री शक्ति, श्रम और सृजनशीलता का प्रतीक बनी। संपूर्ण झांकी की ढोकरा शिल्पकला से की गई सजावट ने बस्तर के शिल्पकारों की अद्भुत कलात्मकता और परंपरागत कौशल को दर्शाया। छत्तीसगढ़ की यह झांकी न केवल अपनी संस्कृति और कला में समृद्ध है, बल्कि यह बस्तर में हो रहे सकारात्मक बदलाव की कहानी भी कहती है। झांकी ने दिखाया कि आज का नया बस्तर परंपरा, प्रकृति और विकास का सुंदर संगम बन चुका है। कभी दुर्गम और पहुँच से दूर रहने वाले इलाकों में अब सड़कों का जाल बिछ गया है, जिन पर बच्चों के स्कूल जाने की चहल-पहल सुनाई देती है और स्कूलों में घंटियाँ बजने लगी हैं। गांवों में बिजली की रौशनी और इंटरनेट की पहुँच ने नई आशाएँ जगाई हैं। युवाओं में कुछ करने, आगे बढ़ने का जोश दिखाई देता है। महिलाएँ आत्मनिर्भर बन रही हैं– हस्तशिल्प, वनोपज , विभिन्न विकासात्मक योजनाओं ने उनके जीवन में नई दिशा दी है। लोग अब विकास पर भरोसा करने लगे हैं।

यह झांकी इस विश्वास का प्रतीक है कि बस्तर अब सिर्फ़ अपनी लोक संस्कृति और परंपराओं के लिए ही नहीं, बल्कि शिक्षा, सड़क, स्वास्थ्य और रोजगार जैसे क्षेत्रों में तेज़ी से आगे बढ़ते एक नए युग के लिए भी जाना जा रहा है। एकता परेड के लिए झांकियों का चयन गृह सचिव की अध्यक्षता में गठित एक उच्चस्तरीय समिति और विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों ने देशभर के राज्यों, केंद्रशासित प्रदेशों और केंद्रीय संगठनों के प्रजेंटेशन देखे। हर राज्य ने अपनी थीम, मॉडल और विचार समिति के सामने प्रस्तुत किए।

## प्रदेश में भी कार्बाइड गन के प्रयोग पर बैन लगाया जाए: दिनेश मिश्र

रायपुर 31 अक्टूबर। प्रदेश के वरिष्ठ नेत्र विशेषज्ञ डॉ. दिनेश मिश्र ने शासन से मांग की है कि मध्य प्रदेश की तरह छत्तीसगढ़ में भी कार्बाइड गन पर बैन लगाया जाए . इस वर्ष दीपावली में पटाखे चलाने में कार्बाइड गन के प्रयोग से हुए हादसों में मध्य प्रदेश में सैंकड़ों बच्चों की आंखों की रोशनी गई है तथा अनेक बच्चे घायल भी हुए हैं.

डॉ दिनेश मिश्र ने कहा रायपुर में भी कार्बाइड गन से आतिशबाजी करने में पुरानी बस्ती के एक युवक की आंखों में गंभीर चोटे आई है ,जो उनके पास आ गया तथा समय रहते चिकित्सा सुविधा मिलने उसकी आंखों की रोशनी तो ठीक हो जाएगी, पर उसे ठीक होने में समय लगेगा. पर लापरवाही बरतने से ऐसे



मामले बढ़ सकते हैं.इस लिए बच्चों व उनके पालकों को और अधिक सावधानी बरतने की जरूरत है. तथा छत्तीसगढ़ में भी राज्य शासन को कार्बाइड गन पर बैन लगाने की आवश्यकता है डॉ .दिनेश मिश्र ने कहा कार्बाइड गन में कैल्शियम कार्बाइड को पटाखे की तरह उपयोग किया जाता है , जिसे डालने के बाद गन में पानी डाला जाता है और हिलाने से रासायनिक क्रिया होती है तथा एसिटिलीन गैस बनती है प्रेशर बन जाता है और वह गैस तथा विस्फोट दोनों पैदा करती है जिससे कोई भी व्यक्ति घायल हो सकता है सोशल मीडिया के द्वारा कार्बाईड चैलेंज जैसी थीम प्रचारित की गई जिससे देश भर में अनेक बच्चों ने कार्बाइड गन खरीदा , कार्बाइड को पटाखे की तरह उपयोग किया और घायल हो बैठे.

कार्बाइड का प्रयोग पहले ग्रामीण अंचल में पशुओं और पक्षियों को डरा कर भगाने के लिए होता रहा है यह कार्बाइड गन एक तरह का खिलौना है, जिसेआज कल लोग पटाखे की तरह इस्तेमाल कर रहे हैं। इसमें कैल्शियम कार्बाइड नामक रसायन का इस्तेमाल होता है, जो पानी के संपर्क में आने पर ज्वलनशील गैस बनाता है। इसी गैस से धमाका होता है। लेकिन, अगर यह गन ठीक से न बने या इस्तेमाल करने में लापरवाही हो।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26